सूर्योदय 6:05 सूर्यास्त 6:25

आज का तापमान

शिमला	12.8 न्यू	24.0 अधि
धर्मशाला	16.0 न्यू	27.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	82890.94
निफ्टी	25356.50

सोना 74,450 चांदी 90,704

अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

बेटियों ने स्विट्जरलैंड को दी मात

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 15 सितंबर 2024 | 31 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 269, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

तेलंगाना में 1.10 करोड़ के नोटों से सजाए गणेश जी

तेलंगाना। गणेश चतुर्थी समारोह के हिस्से के रूप में, भद्राद्री कोठागुडेम जिले के पलोंचा मंडल में अंबेडकर केंद्र में 1.10 करोड़ रुपए के करंसी नोटों से सजी एक अनोखी गणेश मूर्ति प्रदर्शित की गई है। कापू समुदाय द्वारा स्थापित यह मूर्ति बड़ी संख्या में भक्तों को आकर्षित कर रही है।

सपा विधायक व उनकी पत्नी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

भदोही। सपा विधायक जाहिद जमाल बेग और उनकी पत्नी सीमा बेग के खिलाफ शुक्रवार देर रात विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। बाल कल्याण समिति के चेयरमैन पीसी उपाध्याय की संस्तुति पर श्रम विभाग ने केस दर्ज कराया। मुकदमे में विधायक के घर से मिली नौकरानी के साथ मारपीट और प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया गया है।

केजरीवाल ने भगवान हनुमान का लिया आशीर्वाद

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय से कथित आबकारी नीति घोटाले के संबंध में सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में शुक्रवार को जमानत मिलने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को भगवान हनुमान का आशीर्वाद लिया। वह कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना की। इस मौके पर उनके साथ उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह भी मौजूद रहे। वहीं, केजरीवाल के स्वागत में पटाखे फोड़ने पर अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई है।

उत्तराखंड में नाले में फंसे 18 लोग रेस्क्यू

नैनीताल। उत्तराखंड के तल्ला रामगढ़ में शुक्रवार की देर रात झूतिया के नाले में फंसे 18 लोगों को पुलिस, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ ने रेस्क्यू अभियान चलाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। पुलिस के अनुसार, रामगढ़ के झूतिया गांव में शनि मंदिर के पास बरसाती नाले का पानी लोगों के घरों में घुस गया है और गांव के कई लोग नाले के पानी में फंस गए।

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज के विरोध में निकाली आक्रोश रैली — पेज 2
- मस्जिदों के विवाद से शांत हिमाचल में सांप्रदायिक चिंता — पेज 5
- जनभावनाओं का सम्मान करे सुक्खू सरकार: जयराम — पेज 7
- ट्रेड फेयर को लेकर पैदा हुआ व्यापारियों का गतिरोध समाप्त — पेज 10
- मां काली के पूजन के साथ आरंभ होगा सायर मेला : संजय — पेज 12

चुनावी हुंकार वंशवादी राजनीति ने सुंदर क्षेत्र को किया बर्बाद

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद ले रहा अंतिम सांसें : मोदी

अशोक ठाकुर, जम्मू



जम्मू के डोडा जिले में भाजपा के उम्मीदवारों के समर्थन में शनिवार को चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के अपनी सरकार के वादे को दोहराया और लोगों को नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां), कांग्रेस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को फिर से सत्ता में लाने को लेकर आगाह किया।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अंतिम सांसें ले रहा है और उनकी सरकार ने 'इस सुंदर क्षेत्र को नष्ट करने वाली' वंशवादी राजनीति का मुकाबला करने के लिए एक नया नेतृत्व पेश किया है। विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत 18 सितंबर को होने वाले मतदान से पूर्व प्रधानमंत्री की केंद्र-शासित प्रदेश में यह पहली चुनावी रैली है। इस चरण में जम्मू के तीन जिलों-डोडा, किश्तवाड़ और रामबन तथा दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग, पुलवामा, शोपियां और कुलगाम जिलों की 24 सीटों पर वोट डाले जाएंगे।

पहले चरण के बाद 25 सितंबर को दूसरे चरण में 26 सीटों पर मतदान होगा। आखिरी चरण में एक अक्तूबर को 40 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। मोदी ने लगभग 45 मिनट के भाषण की शुरुआत रैली में आए लोगों का कश्मीरी भाषा में स्वागत करके की। उन्होंने लोगों से कहा कि इस बार (विधानसभा) चुनाव जम्मू-कश्मीर का भविष्य तय करेगा, जो आजादी के बाद से ही विदेशी ताकतों के निशाने पर रहा है।

जम्मू-कश्मीर का भाग्य तय करने वाला चुनाव

मोदी ने कहा कि इस बार जम्मू-कश्मीर का चुनाव, जम्मू-कश्मीर का भाग्य तय करने वाला है। आजादी के बाद से ही हमारा प्यारा जम्मू-कश्मीर विदेशी ताकतों के निशाने पर आ गया। इसके बाद इस खूबसूरत राज्य को परिवारवाद ने खोखला करना शुरू कर दिया। यहां जिन राजनीतिक दलों पर आपने भरोसा किया, उन्होंने आपके बच्चों की चिंता नहीं की। उन्होंने सिर्फ और सिर्फ अपने बच्चों को आगे बढ़ाया। जम्मू-कश्मीर के मेरे नौजवान आतंकवाद में पिसते रहे और परिवारवाद को आगे बढ़ाने वाली पार्टियां आपको गुमराह करके मौज करती रही। इन लोगों ने जम्मू-कश्मीर में नए नेतृत्व को कहीं भी, कभी भी उभरने ही नहीं दिया।

हिमाचल में कांग्रेस ने हर वर्ग को पिलाई झूठ की घुट्टी

हरियाणा विधानसभा चुनाव में पीएम मोदी की रैली के दौरान हिमाचल की गूंज सुनाई पड़ी। मोदी ने हरियाणा के कुरुक्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा हिमाचल, कर्नाटक और तेलंगाना के लोग कांग्रेस को मौका देकर आज पछता रहे हैं। 2 साल पहले हिमाचल विधानसभा में कांग्रेस झूठे वादे करके सत्ता में आई, लेकिन आज वहां हालत ये हैं कि सरकारी कर्मचारियों को भी अपने हक की सैलरी पाने के लिए हड़ताल करनी पड़ रही है। आज हिमाचल की स्थिति ऐसी है कि वहां कोई भी खुश नहीं है। कुरुक्षेत्र में चुनावी रैली में मोदी ने हिमाचल की सुक्खू सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आपके पड़ोस में हिमाचल प्रदेश है, वहां 2 साल पहले कांग्रेस की सरकार बनी, लेकिन आज वहां क्या स्थिति है? हिमाचल का कोई भी नागरिक खुश नहीं है। कांग्रेस ने वहां हर वर्ग को झूठ की घुट्टी पिलाई थी। चुनाव में कांग्रेस ने जो भी वादे किए, उनमें से कोई वादा पूरा नहीं किया।

भाजपा जो कहती है, वह जरूर करती है

प्रधानमंत्री मोदी ने कुरुक्षेत्र में भरोसा जताया कि हरियाणा में फिर भाजपा की सरकार बनेगी। इस बार हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक तय है। रैली के दौरान प्रधानमंत्री ने सीएम नायब सैनी की तारीफ की। साथ ही कहा कि भाजपा जो कहती है, वह जरूर करती है। दो दिन पहले हमने एक बहुत बड़ा फैसला लिया है, जिसका लाभ हरियाणा को मिलेगा। हमने तय किया है कि 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। मोदी ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि हमने कांग्रेस का वह दौर देखा है, जब विकास का पैसा सिर्फ एक जिले तक सीमित रह जाता था। भाजपा ने पूरे हरियाणा को विकास की धारा से जोड़ा है। भाजपा की सरकार से पहले हरियाणा के आधे घरों में नल कनेक्शन नहीं था, लेकिन आज यहां शत-प्रतिशत घरों में नल के कनेक्शन हैं। आपकी कमाई बढ़े, आपके पैसे बचें, यह भाजपा सरकार की प्राथमिकता है।

मस्जिद विवाद पर दो घंटे बंद रहे हिमाचल के कई बाजार

प्रदर्शनकारियों ने की बाहरी लोगों के सत्यापन की मांग

विहिप और विभिन्न व्यापारिक समूहों के आह्वान पर कुल्लू में अवैध मस्जिद निर्माणों के विरोध में प्रदर्शन करते प्रदर्शनकारी।

अनंत ज्ञान टीम, शिमला

हिमाचल प्रदेश में 'अनधिकृत' मस्जिदों के निर्माण और प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की हालिया कार्रवाई के खिलाफ शनिवार को राज्य में दो घंटे के बंद के आह्वान का असर कई शहरों में देखने को मिला।

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और विभिन्न व्यापारिक समूहों द्वारा पूर्वाह्न 11 बजे तक के बंद के बाद, बिलासपुर, कुल्लू, चंबा, हमीरपुर, पांवटा साहिब और अन्य स्थानों पर कुछ हिंदू संगठनों ने विरोध मार्च निकाला। शिमला में इसका ज्यादा असर नहीं दिखा क्योंकि व्यापार मंडल ने वीरवार को ही बंद का आह्वान किया था।

हालांकि, सुन्नी में काफी जोरदार प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शनकारियों ने हमीरपुर और चंबा शहरों में बंद के दौरान हनुमान चालीसा का पाठ किया और नारे लगाए। विहिप पदाधिकारियों ने बताया कि यह विरोध-प्रदर्शन शिमला में एक मस्जिद में अनधिकृत निर्माण और मंडी में एक मस्जिद द्वारा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के अलावा बुधवार को शिमला में हिंदू समूहों के प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज और शुक्रवार को मंडी में प्रदर्शनकारियों पर पानी की बौछार किए जाने के खिलाफ था।

प्रदर्शनकारी राज्य में रह रहे बाहरी लोगों का सत्यापन करने की भी मांग कर रहे हैं। मनाली व्यापार मंडल के महासचिव रजनीश ने कहा, 'मनाली व्यापार मंडल ने दो घंटे तक दुकानें बंद रखीं।' डलहौजी में भी दुकानें बंद रहीं। डलहौजी के एक दुकानदार ने बताया कि बाहरी लोगों की उपयुक्त जांच की जानी चाहिए और अतिक्रमण करने वालों से सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

शिमला शहर के संजौली क्षेत्र में बुधवार को पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में चार पुलिसकर्मियों सहित 10 लोग घायल हो गए। इस संबंध में पुलिस ने 50 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। विहिप के प्रदेश अध्यक्ष केशव वर्मा ने कहा,''चंबा में मुसलमानों द्वारा कानून हाथ में लेने की कई घटनाएं हुई हैं और हम लंबे समय से बाहरी लोगों के सत्यापन की पुरजोर मांग कर रहे हैं।''

संपत्ति जब्त करने का प्रावधान बनाने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य : सीएम सुक्खू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि अवैध और नकली शराब के मामलों में संपत्ति जब्त करने का प्रावधान बनाने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है।

उन्होंने कहा कि अवैध और नकली शराब बनाने के धंधे में संलिप्त लोगों पर लगाम कसने के लिए प्रदेश सरकार सख्त कार्रवाई कर रही है। हाल ही में राज्य विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम 2011 में संशोधन कर इस तरह की गैर-कानूनी गतिविधियों में शामिल लोगों पर नकेल कसने के लिए यह प्रावधान किए गए हैं। सबसे महत्वपूर्ण संशोधन अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों, उनके रिश्तेदारों और सहयोगियों की संपत्ति को जब्त करने की अनुमति देता है।

सुक्खू ने कहा कि इससे पहले अधिनियम में इस तरह का कोई प्रवधान नहीं था। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश इस प्रावधान को लागू करने वाला देश का पहला राज्य है। इसके अलावा, इसकी प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए, इन अपराधों को अब संज्ञेय और गैर-जमानती बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि नए प्रावधान अवैध शराब के धंधे जैसी गतिविधियों को नियंत्रित करने में बहुत मददगार साबित होंगे। उन्होंने कहा कि संशोधनों में अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत जुर्माने में वृद्धि और सजा की अवधि को भी बढ़ाया गया है।

जम्मू-कश्मीर में दो जगह मुठभेड़ बारामूला में तीन आतंकी ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में पीएम मोदी की शनिवार को रैली से पहले सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच दो जगहों पर मुठभेड़ जारी है। बारामूला में तीन आतंकी मारे गए हैं। किश्तवाड़ में कल दो जवान शहीद हुए थे, दो अन्य घायल हैं। दोनों जगहों पर सेना और पुलिस ज्वॉइंट ऑपरेशन चला रही है। बारामूला जिले के क्रेरी के चक टापर इलाके में शुक्रवार (13 सितंबर) देर रात करीब 11 बजे मुठभेड़ शुरू हुई। देर रात ऑपरेशन रोक दिया गया था। आज सुबह सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया। अभी इनकी पहचान नहीं हुई है।

पेड़ काटने के दोषी अफसरों पर कार्रवाई क्यों नहीं : हाईकोर्ट

एजेंसी, शिमला

हिमाचल वन विभाग में ड्यूटी को लेकर कोताही बरतने वाले दो अफसरों को सिर्फ जुर्माना कर पल्ला झाड़ लिया गया। अब हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने वन विभाग से पूछा है कि दोषी पाए जाने के बावजूद अफसरों पर केवल जुर्माना ही क्यों लगाया गया? आगे की कार्रवाई क्यों नहीं कि गई?

अदालत ने वन विभाग के डिप्टी रेंजर और फॉरेस्ट गार्ड को कर्तव्यों में कोताही बरतने का दोषी पाए जाने के बावजूद केवल जुर्माना वसूलने की सजा देने के कारण स्पष्ट करने के आदेश जारी किए हैं। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव और न्यायमूर्ति सत्येन वैद्य की खंडपीठ ने वन विभाग से पूछा है कि इन दोषी कर्मियों पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई, जबकि उनका नाम उक्त दोषी कर्मियों के खिलाफ जांच के दौरान उजागर हो गया था। कोर्ट ने वन विभाग को यह जानकारी 30 सितंबर तक देने के आदेश जारी किए हैं।

मेरठ में 3 मंजिला मकान धराशायी एक ही परिवार के 9 लोग दबे

मेरठ। उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में बड़ा हादसा हुआ। शहर के जाकिर कॉलोनी में बरसात के चलते तीन मंजिला मकान गिर गया है, इसमें एक ही परिवार के 9 लोगों के दबे होने की सूचना है।

लोहिया नगर क्षेत्र में जाकिर कॉलोनी में करीब 35 साल पुराने इस मकान में नफो के दो बेटे साजिद और गोविंदा अपनी पत्नी, बच्चों के साथ रहते हैं। पूरा ही परिवार मलबे में दबा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में स्पेस से वोट डालेंगी सुनीता विलियम्स

एजेंसी, नई दिल्ली

नासा के अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुट्च विलमोर, मौजूदा समय में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर हैं। अमेरिका में नवंबर 2024 के होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में दोनों ही यात्री वोट करने की योजना बना रहे हैं, लेकिन सवाल खड़ा होता है कि आखिर कैसे अंतरिक्ष यात्री स्पेस से वोट करते हैं और इसकी प्रक्रिया क्या है। वर्ष 1997 में टेक्सास ने एक कानून पारित किया था, जिससे अंतरिक्ष यात्रियों को चुनावों में वोट करने का अधिकार मिला था। इस कानून के अनुसार, अगर कोई व्यक्ति अंतरिक्ष में है, तो वह इलेक्ट्रॉनिक रूप से वोट कर सकता है। यह कानून इसलिए बनाया गया क्योंकि नासा के अधिकतर अंतरिक्ष यात्री ह्यूस्टन, टेक्सास में रहते हैं।

मौसम लाहौल-स्पीति, किन्नौर की ऊंची चोटियों पर हुई बर्फबारी

बारिश के चलते प्रदेश में 41 सड़कें बंद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रदेश में बारिश के चलते प्रदेश में 41 सड़कें और 53 ट्रांसफार्मर बंद हैं। प्रदेश में बीते 24 घंटों के दौरान बादल जमकर बरसे हैं। वहीं, लाहौल-स्पीति, किन्नौर की ऊंची चोटियां बर्फ से सफेद हो गई हैं। शुक्रवार रात को हुई ताजा बर्फबारी के बाद लाहौल की चोटियां चांदी की तरह चमकीं।

कुल्लू, शिमला सहित अन्य जिलों में रातभर बारिश का दौर जारी रहा। बर्फबारी से सुबह-शाम ठंड बढ़ गई है। लाहौल घाटी में भी ठंड लगातार बढ़ रही है। इसका असर मनाली-लेह मार्ग की आवाजाही पर भी पड़ रहा है। रोहतांग दर्रा के साथ शिंकुला, हनुमान टिब्बा, लद्दाखी पीक, शिंकुला के साथ बारालाचा दर्रा में भी बर्फ गिरी है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, राज्य के कुछ भागों में 20 सितंबर तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।

न्यूज ब्रीफ

डीएवी महाविद्यालय कोटखाई में मनाया हिंदी दिवस

भरत ठाकुर, कोटखाई। डीएवी महाविद्यालय कोटखाई में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। उसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. शोभा रानी हिंदी विभागाध्यक्ष हिप्र विश्व विद्यालय शिमला ऑनलाइन रूप में उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोशन लाल वशिष्ठ द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें कविता पाठ, भाषण, नाटक तथा प्रश्नोत्तरी प्रमुख रूप से रही। कविता पाठ में सचिन, भाषण में आईशा तथा प्रश्नोत्तरी में सचिन और अतुल प्रथम मुख्य वक्ता स्थान पर रहे।

सनबीम स्कूल जुब्बल में मनाया हिंदी दिवस

दशमी रावत, जुब्बल। सनबीम इंटरनेशनल स्कूल जुब्बल में हिन्दी दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के हिन्दी के शिक्षक परीक्षा रोल्टा व देवराज शास्त्री की देखरेख में संपन्न हुआ। प्रधानाचार्य अरुण ठाकुर ने कहा कि हिन्दी हमारी सांस्कृतिक धरोहर और पहचान है। हमें इसके संरक्षण के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। कार्यक्रम में छात्रों ने भाषण, कविता पाठ, कोरस गायन और नाटक जैसे कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

पंकज ठाकुर बने पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष

जुन्गा (शिमला)। राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी में प्रचार्या डॉ. दीपशिखा भारद्वाज की अध्यक्षता में पूर्व छात्र संघ का गठन किया गया। पूर्व छात्र पंकज ठाकुर को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। जबकि नितेश शर्मा को उपाध्यक्ष, ऋषभ को सचिव, गीता शर्मा को सहसचिव और प्रो. हरिंद्र ठाकुर को कोषाध्यक्ष चुना गया। प्राचार्या ने नवगठित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए भविष्य में महाविद्यालय के कार्यों में अपरा रचनात्मक सहयोग देने का आग्रह किया।

मस्जिद मामले में प्रशासनिक दृष्टि से कार्रवाई की जरूरत

अनंत ज्ञान, शिमला। हिमाचल शांतिप्रिय राज्य है। हमें इन मसलों को राजनीतिक दृष्टि से नहीं देखना चाहिए, बल्कि प्रशासनिक दृष्टि से कार्रवाई की जरूरत है। यह बात लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिमला में मस्जित मामले को लेकर कही। उन्होंने कहा कि विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश में चाहे अवैध मस्जिद बनी है या फिर दूसरे भवन बने हैं। उन सबके खिलाफ कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई की जाएगी। संजौली और मंडी में मुस्लिम समुदाय खुद अवैध निर्माण तोड़ने को तैयार है। मंडी में मुस्लिम समुदाय ने लोक निर्माण विभाग की जमीन पर बनी अवैध दीवार को तोड़ना शुरू कर दिया है। उन्होंने सभी लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की।

भौंट स्कूल में बच्चों को दी पोषण संबंधी जानकारी

जुन्गा (शिमला)। महिला एंव बाल विकास विभाग के सौजन्य से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भौंट में वृत स्तरीय 7वां राष्ट्रीय पोषण माह मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता कार्यवाहक प्रधानाचार्य रीतू शर्मा ने की। इस मौके पर विभिन्न विभागों से आए प्रतिनिधियों ने अपने विभाग से संबंधित जानकारी बच्चों व उपस्थित लोगों को दी गई। अधिवक्ता चंद्रकांता ने बच्चों को पोक्सो एक्ट 2012 के बारे तथा पुलिस की अपराध शाखा से आए उप निरीक्षक ने क्राईम ब्रांच से संबधित जानकारी दी गई। इस मौके पर रिसोर्स पर्सन अनिल शर्मा ने भी पोषण अभियान बारे बच्चों को जानकारी दी गई।

घुमारवीं कॉलेज में मनाया हिंदी दिवस समारोह

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में हिंदी दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर प्रीतम लाल रहे। हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता,नारा लेखन प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आरती बंसल, द्वितीय स्थान यमुना एवं सृष्टि ने प्राप्त किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सोनिका कुमारी, द्वितीय स्थान श्वेता कुमारी एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शालिनी धीमान, द्वितीय स्थान वंशिका ठाकुर ने प्राप्त किया। इसके अलावा महाविद्यालय में कविता पाठ, नृत्य, नुक्कड़ नाटक आदि विभिन्न गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण छात्रों के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के समन्वयक डॉ.अंजना कुमारी रही। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर सीताराम ने हिंदी भाषा के महत्व एवं उपयोगिता पर अपने विचार प्रस्तुत किए एवं कार्यक्रम के मुख्यातिथि ने हिंदी भाषा की विशेषता एवं इस भाषा के साहित्य को और समृद्ध बनाने हेतु बल दिया। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में प्रोफेसर रीना शर्मा, प्रोफेसर चंचल शर्मा, प्रोफेसर ज्योति बरवाल, प्रोफेसर पूनम, प्रोफेसर परवीन रहे। इस कार्यक्रम में सौ से अधिक छात्र उपस्थित रहे।

कल होंगे पैरा वेट्स महासंघ के चुनाव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। पशु पालन विभाग पैरा वेट्स महासंघ जिला बिलासपुर के चुनाव 15 सितंबर 2024 को होंगे। यह जानकारी रजनीश गौतम राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिमाचल प्रदेश पशु पालन विभाग पैरा वेट्स महासंघ ने दी।उन्होंने बताया कि मिलन पैलेस घुमारवीं जिला बिलासपुर में जिला संघ की आम सभा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे जिला के सभी पैरा वेट्स साथी जो की संघ के प्राथमिक सदस्य है। वह अगले तीन वर्षों के लिए नई कार्यकारणी चुनेंगे। उन्होंने बताया कि यह चुनाव महासंघ के राज्य अध्यक्ष संजीव भारद्वाज एवम राज्य महासचिव हरीश ठाकुर की अध्यक्षता में करवाए जाएंगे। रजनीश गौतम ने बताया कि इन चुनावों में वही कर्मचारी भाग ले पाएंगे जिन्होंने जिला महासंघ की सदस्यता शुल्क जमा करवाया है। उन्होंने जिला के सभी साथियों से इन चुनावों में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है।

हिंदी भाषा के महत्व पर डाला प्रकाश

अनंत ज्ञान,श्री नयना देवी। राजकीय महाविद्यालय श्री नयना देवी में हिंदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर राजेंद्र कुमार द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य महोदय के व्याखयान से हुई। उन्होंने विद्यार्थियों को हिन्दी भाषा के प्रति जागरूक किया तथा कहा कि भारतीय संस्कृति और भाषा के समृद्ध इतिहास को मनाने के लिए हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य हिन्दी भाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसे बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय परिसर में नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में बीए, बीकॉम प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष तथा तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा भाग लिया गया। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

आईजीएमसी में एक मशीन के सहारे सैकड़ों मरीज, सरकार व प्रशासन नहीं उठा रहा कदम

एमआरआई की मिल रही 4 माह की डेट

रविंद्र जस्टा, शिमला

अगर आप आईजीएमसी में अपना एमआरआई करवाना चाहते है तो पहले यह जान ले की आपको एमआरआई के लिए पहले डेट लेनी होगी। मरीजों को एमआरआई करवाने के लिए 3 से 4 महीने की डेट दी जा रही है। अब मरीजों को दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर होना पड़ रहा है।

खासकर ग्रामिण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामिण क्षेत्र के लोग जब भी अपना उपचार करवाते है, तो चिकित्सक उन्हें एमआरआई करवाने को लिख लेते हैं, लेकिन जब एमआरआई करवाने की बारी आती है, तो मरीजों को 3 से 4 महिने की डेट दी जाती है। हद तो यह है कि मरीजों को तब तक चिकित्सक दवाईयां नहीं देता है, जब तक टेस्ट की रिपोर्ट नहीं आती है। मरीजों को नार्मल टेस्ट करवाने के लिए भी दो सप्ताह लग जाते हैं। एमआरआई की तो मरीज को उमींदे ही छोडनी पड़ती है।

मरीजों की रिपोर्ट आने तक बीमारी दोगुनी बढ़ जाती है। यही नहीं, बल्कि मरीजों को पहले घर जाना पड़ता और और फिर से दोबारा टेस्ट करवाने के लिए आना पड़ता है। इस स्थिति में मरीजों के पैसे भी अधिक खर्च हो जाते है।

वहीं दर्द से भी मरीज अधिक पीड़ित हो जाता है। यहां पर अतिरिक्त मशीनों का प्रावधान होना बहुत जरूरी है। तभी लोगों की दिक्कतें दूर होगी। एमआरआई की जब डेट दी जाती है तो कुछ मरीज ऐसे होते है के वे बिना एमआरआई करवाएं वापिस चले जाते हैं। (अनंत ज्ञान)

प्रदेशभर के हजारों मरीज परेशान

आईजीएमसी हिमाचल का एकमात्र अस्पताल होने के नाते यहां पर हजारों मरीज अपना उपचार करवाने आते हैं। ऐसे में एमआरआई की सिर्फ एक ही मशीन है। यह दोनों मशीनें काफी पुरानी है। जितनी इस मशीन की किमत है उतना ही खर्चा इसकी मरम्मत करने में लगा है।

सिफारिशी बनी एमआरआई

आईजीएमसी में हालत ऐसी भी बन चुकी है कि यहां पर कुछ लोगों द्वारा सिफारिश लगाई जाती है। ऐसे में सिफारिश वालों के एमआरआई भी पहले होते हैं। यहां पर गरीब मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

निजी लैब वाले कूट रहे चांदी

इन दिनों अब सारे मरीज निजी लैब में एमआरआई करवाने जा रहे हैं। ऐसे में मरीजों को निजी लैब में भारी पैसे भी खर्च करने पड़ रहे है। मरीज निजी लैब में इसलिए जाते है कि समय से उनका टेस्ट हो जाए। डॉक्टर निजी लैब की रिपोर्ट को भी मान्यता दे रहे हैं। निजी लैब में एमआरआई 5 हजार से 10 हजार के बीच होता है।

> मरीजों की संख्या बढ़ने के चलते एमआरआई करवाने के लिए डेट दी जाती है। सभी मरीजों के टेस्ट एक ही दिन या दो दिन में नहीं हो पाते हैं। यह समस्या शीघ्र ही आईजीएमसी में दूर होगी।
> **-डॉ. सीता ठाकुर, प्रिंसिपल आईजीएमसी।**

हिंदू समुदाय के लोगों का प्रदर्शन

सुन्नी चौक पर प्रदर्शन करते हिंदू समुदाय के लोग।

महेंद्र कुमार, सुन्नी

शिमला के संजौली में मस्जिद के अवैध निर्माण के तहत हुए धरना प्रदर्शन के दौरान प्रशासन द्वारा प्रदर्शनकारियों पर किए गए लाठीचार्ज मामले को लेकर सुन्नी में हिंदू समुदाय के लोगों ने धरना प्रदर्शन किया ।

प्रदर्शनकारियों ने सुन्नी चौक पर नारेबाजी की गई और पूरे सुन्नी बाजार में नारे बाजी करते हुए शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सुन्नी चौक पर हनुमान चालीसा का भी पाठ किया । व्यापार मंडल द्वारा शिमला के संजौली में हुए प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज के विरोध को लेकर एडीएम अजीत कुमार भारद्वाज को ज्ञापन भी सौंपा गया। इस दौरान एसडीएम शिमला ग्रामीण कविता ठाकुर भी मौके पर मौजूद रही। पुलिस प्रशासन की ओर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक परवीर ठाकुर, पुलिस उपाधीक्षक मानविंदर सहित अन्य पुलिस अधिकारी दल बल के साथ मौजूद रहे ।

उधर आयशा जामा मस्जिद के प्रधान मुश्ताक कुरेशी का कहना है कि सुन्नी में बनी मस्जिद पूरी तरह से वैध तरीके से बनाई गई है।

हिंदी दिवस पर बच्चों की करवाई प्रतियोगिताएं

दशमी रावत, रोहडू

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा में हिंदी दिवस समारोह बड़े उत्साह से मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रही। इस अवसर पर उनके साथ वरिष्ठ शिक्षक प्रोफेसर हरीश सांजटा, सुनील नेगी, रवि किरण शर्मा, अश्विनी शर्मा आदि भी उपस्थित रहे। इस महत्वपूर्ण अवसर पर भाषण, प्रश्नोत्तरी व कविता-पाठ प्रतियोगिताएं भी आयोजित करवाई गईं। इन प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. ओम शर्मा, प्रोफेसर वरुण बंदटा व डॉ. वंदना ठाकुर ने निभाई।

दो आरोपी 4.85 ग्राम चिट्टे सहित काबू

रोहडू। पुलिस थाना रोहडू के अंतर्गत पुलिस टीम को सूचना मिली की सूर्य प्रकाश गांव राऊसी तहसील चिड़गांव लंबाखाटल में डोगरा काटेज में किराए के कमरे में रहता है। सूर्य प्रकाश व उसका दोस्त नरेश गांव बिजोरी तहसील रोहडू दोनों ही चिट्टे के कारोबार में संलिप्त पाए गए। पुलिस ने दोनों की तलाशी ली तो उनसे 4.85 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। एसडीपीओ रोहडू रविंद्र नेगी ने मामले की पुष्टि की है।

हिंदी भाषा पर होना चाहिए गर्व : विक्रमादित्य

अनंत ज्ञान, शिमला

विक्रमादित्य को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि हम सभी को हिन्दी भाषा पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज हिन्दी भाषा को विश्व भर में अलग पहचान मिली है और भारत देश आज विश्व भर में एक सशक्त देश के रूप में जाना जाता है। विक्रमादित्य सिंह ने ऐतिहासिक गेयटी थिएटर में भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय हिन्दी दिवस समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।

कार्यक्रम में विक्रमादित्य सिंह साहित्यकार चिरानंद शास्त्री की पुस्तक का विमोचन भी किया। निदेशक भाषा एवं संस्कृति विभाग डॉ. पंकज ललित ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में विभाग द्वारा पिछले 15 दिनों से सभी जिलों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई हैं और समापन पर राज्य स्तरीय हिन्दी दिवस समारोह मनाया जा रहा है।

पंचायतीराज उपचुनावों के लिए 16 को छंटनी

अनंत ज्ञान, शिमला

पंचायतीराज संस्थाओं के उपचुनावों के लिए प्रिक्रियां तेज हो गई है। अभी तक कुल 249 नामांकन हुए हैं। वार्ड सदस्य के लिए 162, उपप्रधान के लिए 48, प्रधान 26, पंचायत समिति सदस्य 3 और जिला परिषद सदस्य के लिए 10 नामांकन हुए हैं।

16 सितंबर को नामांकन पत्रों की छंटनी होगी 18 सितंबर को नाम वापसी के बाद चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए जाएंगे ।मतदान 29 सितंबर को सुबह 8 से शाम 4 बजे तक होगा। जिन पदों के लिए चुनाव होने हैं, उनमें 9 पद ग्राम पंचायत प्रधान, 17 उपप्रधान, एक पंचायत समिति सदस्य, दो जिला परिषद सदस्य तथा 112 पंचायत के वार्ड सदस्य शामिल हैं।

18 सितंबर तक नाम वापसी

नामांकन पत्रों की वापसी के तत्काल बाद चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशियों के नामों की सूची जारी की जाएगी।

पंचायत प्रधान, उपप्रधान व वार्ड सदस्यों के मतों की गणना मतदान के तुरंत बाद ग्राम पंचायत मुख्यालय पर की जाएगी, जबकि पंचायत समिति सदस्य व जिला परिषद सदस्य की मतगणना 30 सितंबर को संबंधित विकास खंड कार्यालय में सुबह 9 बजे शुरू होगी।

युवक-युवती चिट्टे सहित गिरफ्तार

शिमला। पुलिस ने युवक-युवती को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 4.870 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। ढली थाना के अंतर्गत पुलिस ने लंबिधार स्थित एक होम स्टे में दबिश दी। होमस्टे में रोहडू निवासी रंकज (31) और अदिति (26) को 4.870 ग्राम चिट्टा के साथ धर दबोचा। एसपी शिमला संजीव गांधी ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

लोग बकाया गृहकर करें जमा : पीयूष

दशमी रावत, रोहडू

नगर परिषद रोहडू द्वारा वितीय वर्ष 2022-23 तक लगभग 1,350 अचल संपत्तियों पर गृह कर लगाया गया था, जिनमें से केवल लगभग 450 संपत्तियों के स्वामियों ने कर का भुगतान किया है, जबकि लगभग 900 संपत्तियों पर अभी भी कर शेष रह गया है। इस शेष गृह कर की कुल राशि लगभग 1.5 करोड़ रुपए है। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी पीयूष चौहान ने बताया कि शासकीय विभागों द्वारा 13,00,376 रुपए गृह कर का भुगतान किया गया है। जिसमें न्यायालय, सिविल अस्पताल, पशु चिकित्सालय, पुलिस विभाग, पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, लोक निर्माण विभाग, कृषि विभाग प्रमुख हैं। जबकि अन्य विभागों की 12,55,539 की राशि अभी भी बकाया है। नगर परिषद रोहडू नागरिकों से पुन: अपील करता है कि वे जल्द से जल्द अपना बकाया गृह कर नगर परिषद कार्यालय में जमा करें। (अनंत ज्ञान)

शिमला के संजौली में अवैध मस्जिद विवाद को लेकर घुमारवीं में व्यापारी और लोग सड़कों पर उतरे, बंद रखा बाजार

प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज के विरोध में निकाली आक्रोश रैली

नीरज शर्मा, घुमारवीं

शिमला के संजौली में अवैध मस्जिद निर्माण के खिलाफ बीते दिनों हिंदू संगठनों के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस के लाठीचार्ज के विरोध में शनिवार को घुमारवीं बाजार आधा दिन बंद रखा गया। यह बंद घुमारवीं व्यापार मंडल और हिंदू संगठनों के संयुक्त रूप से किए आह्वान पर किया गया।

इस दौरान पहले दकड़ी चौक से लेकर एसडीएम ऑफिस तक एक विरोध रैली निकाली गई। इसके बाद हिंदू संगठनों द्वारा अपनी मांगों को लेकर प्रदेश मुख्यमंत्री को उपमंडलीय अधिकारी घुमारवीं गौरव चौधरी के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा। इस प्रदर्शन में शहर के दुकानदार तथा स्थानीय लोग शामिल हुए। बंद के चलते पूरे शहर में दोपहर बाद तक बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। इस दौरान घुमारवीं में अवैध मस्जिद निर्माण की खबरों के चलते किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

इस दौरान पूरे जिले का पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। शहर के शहीद स्मारक पार्क में रैली को कई हिंदू नेताओं द्वारा संबोधित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से हिंदू जागरण मंच के पूर्व प्रदेश महामंत्री कमल गौतम ने प्रदेश में हो रही अवैध घुसपैठ के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा की हिमाचल प्रदेश में डेमोग्राफी में बदलाव के साथ ही मस्जिद और मदरसों की संख्या भी बढ़ती जा रही है तथा कई जगह इनका निर्माण अवैध रूप से हुआ है और इस पूरे खेल में राज्य का वक्फ बोर्ड शामिल है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जो स्थान सरकार द्वारा कब्रिस्तान के लिए दिए गए थे। वहां पर अवैध निर्माण कर बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी की जा रही हैं। इसके बाद अब दोबारा से यह समुदाय सरकार से लगातार कब्रिस्तान के लिए और जमीन की मांग करने में लगे हैं। क्योंकि उन जगहों पर भी अब मस्जिद बनाई जा चुकी है और यह सारे निर्माण बिना अनुमति के हो रहे हैं।

संजौली की मस्जिद को लेकर हुआ विवाद भी इसी अवैध निर्माण का एक कारण है । उन्होंने कहा कि सोची समझी साजिश के तहत पहले थोड़ी सी जमीन खरीदी जाती है और फिर उस पर एक ढांचा खड़ा किया जाता है। जिसके बाद आसपास की जमीन पर कब्जा कर लिया जाता है। इसके बाद चुपके से अवैध रूप से उस ढांचे को मस्जिदों का रूप दे दिया जाता है। इसलिए इन साजिशों को अब हिंदू समाज किसी भी रूप में सहन नहीं करेगा आज हिंदू समाज जागृत हो चुका है और उसमें इतनी हिम्मत है कि वह इन सभी साजिशों से खुद निपट सकता है। उसके लिए उसे सरकार या फिर पुलिस प्रशासन की जरूरत नहीं है।इस दौरान पुलिस के अधिकारी भी अलर्ट मोड पर रहे। जिला बिलासपुर एसपी संदीप धवल, एएसपी शिव कुमार चौधरी घुमारवीं डीएसपी चंद्रपाल सिंह सहित बटालियन के सैकड़ों पुलिस के जवान शहर के चप्पे-चप्पे में मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

घुमारवीं मस्जिद में चल रहे निर्माण को रोकने के लिए दिया पांच दिन का समय

व्यापारियों और लोगों ने घुमारवीं मस्जिद में चल रहे निर्माण कार्य पर भी सवाल उठाए हैं जिसके लिए उन्होंने प्रशासन को 5 दिन का समय देते हुए चेतावनी दी है कि अगर इन पांच दिनों में प्रशासन ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की तो हिंदू समाज खुद इस प्रकार भाई करने के लिए मजबूर होगा और जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी इस मौके पर स्थानीय हिंदू संगठनों के नेता तथा व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

डंगार चौक व्यापार मंडल ने निकाली हिंदू एकता रैली

अनंत ज्ञान, डंगार चौक। संजौली मस्जिद विवाद अवैध निर्माण को लेकर व हिंदू भाइयों के ऊपर किए गए लाठीचार्ज के रोष में शनिवार को डंगार चौक व्यापार मंडल ने हिंदू एकता रैली निकालते हुए डंगार चौक से तरघेल और तरघेल से घुमारवीं तक रैली निकाली। सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक सभी छोटे व बड़े व्यापारियों ने अवैध मस्जिद के निर्माण के विरुद्ध बाजार बंद रखा। दुकानदार व टैक्सी युनियन इस मामले में एकजुट है और सरकार से मांग करता है कि इस मामले में जल्द उचित कार्रवाई की जाए और अवैध मस्जिद को हटाने का कार्य किया जाए। इस रैली आयोजन मे डंगार पंचायत प्रधान अनिता धीमान, व्यापार मंडल प्रधान संदीप जसवाल, उपप्रधान राजकुमार, कोषाध्यक्ष मनोज महाजन, सदस्य अभिषेक सेठी, अकुंश पंडित, करण चौधरी, सुरेश कुमार, शशी धीमान, सन्नी धीमान, मनोज जसवाल, राजेश जसवाल, किस्मत सिह, सुरेंद्र सोनी, उमेश कुमार, अनिल कुमार, पृथ्वी पटयाल, सोनू पंजाबी,कृष्ण चंद व अन्य रैली में मौजूद रहे।

मस्जिद कमेटी घुमारवीं ने प्रवासियों को समर्थन से किया इनकार

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

हिमाचल प्रदेश में अवैध मस्जिद निर्माण और प्रदेश में बाहर से आए प्रवासियों को लेकर उपजे विवाद के बीच घुमारवीं मुस्लिम समुदाय व मस्जिद कमेटी घुमारवीं के पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश में बाहर से आने वाले प्रवासी लोगों का किसी भी प्रकार का समर्थन करने से साफ इनकार किया है। घुमारवीं में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मस्जिद कमेटी के प्रधान रफीक मोहम्मद व उप प्रधान डॉक्टर कर्मदीन ने कहा की प्रदेश में आने वाले बाहरी व्यक्तियों की पहचान होना जरूरी है, ताकि इन सभी व्यक्तियों को कानून के दायरे में रहकर ही रहने की इजाजत दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि बिना पंजीकरण के रह रहे वह किसी भी बाहरी व्यक्ति का खुले रूप से विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि हर बाहरी व्यक्ति की पुलिस वेरिफिकेशन होना जरूरी है, ताकि वह व्यक्ति यहां आकर कोई गलत कार्य न कर सके।

मंत्री का चिट्टा सप्लायरों को संरक्षण जगजाहिर: राजेंद्र गर्ग

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी के खास और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जागीर मेहता के बेटे से पुलिस द्वारा चिट्टा बरामद कर मंत्री का चिट्टा सप्लायरों को संरक्षण जगजाहिर हुआ है। भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री रजिंद्र गर्ग ने कहा कि हालांकि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष का बेटा यहां धड़ल्ले से काफी समय से चिट्टे की सप्लाई कर रहा था और क्षेत्र के अनेक लोगों के घरों को चिट्टे के कारण उजाड़ने का कार्य चल रहा था और वो बेखौफ होकर क्षेत्र के युवाओं को नशा बेच रहा था। लोगों में यह भी चर्चा है कि हालांकि स्थानीय पुलिस को इस सब की बखूबी जानकारी थी, लेकिन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष का बेटा होने की वजह से एवं मंत्री से करीबियां होने पर स्थानीय पुलिस राजनीतिक संरक्षण के कारण उक्त युवा पर हाथ डालने की हिम्मत नहीं करती थी। इसी वजह से घुमारवीं में नशा माफिया, भू-माफिया, वन माफिया धड़ल्ले से सक्रिय है।

अभियान झंडूता में मंडल भाजयुमो की बैठक में विधायक कटवाल ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

हर वर्ग को भाजपा के साथ जोड़ने के लिए किया प्रेरित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

झंडूता विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के सदस्यता अभियान में तेजी लाने के लिए पार्टी के युवा मोर्चा की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की गई है। इस अभियान के लिए विधानसभा क्षेत्र के सभी 108 बूथों पर गठित टीमों में भाजयुमो के 1-1 युवा को भी जोड़ा गया है। शनिवार को झंडूता में मंडल भाजयुमो की बैठक में विधायक जीतराम कटवाल ने युवा कार्यकर्ताओं में जोश बढ़ाते हुए उन्हें डोर-टू-डोर जाकर हर परिवार व वर्ग को भाजपा के साथ जोड़ने के लिए प्रेरित किया। जीतराम कटवाल ने कहा कि भाजपा एक राष्ट्रवादी पार्टी है। भाजपा सभी को साथ लेकर आगे बढ़ने में विश्वास रखती है, जबकि विपक्षी दलों में परिवारवाद हावी है। यह देश राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ काम करने वालों के हाथों में ही सुरक्षित रह सकता है। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा भाजपा का एक अग्रणी संगठन है। भाजयुमो के कर्मठ, निष्ठावान, जोशीले और जुझारू कार्यकर्ताओं ने उन्हें सौंपा गया हर दायित्व हमेशा बखूबी निभाया है। भाजपा के सदस्यता अभियान में भी उन्हें अपनी भूमिका इसी तरह निभानी होगी। उन्होंने युवा कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे लोगों को केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद हो रहे देश के चहुंमुखी विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाएं। बैठक में झंडूता भाजपा मंडल अध्यक्ष रसम सिंह चंदेल, सदस्यता अभियान के प्रभारी कृष्णलाल चंदेल, मंडल महासचिव दिनेश चंदेल, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनोज चंदेल व मंडल अध्यक्ष अजय शर्मा ने भाग लिया।

देवीकोठी टैंपल



जिला कुल्लू के बंजार में गणेश चतुर्थी के अवसर पर उपस्थित भक्तों की टोली भजन कीर्तन में भाग लेती हुई।

छतराड़ी जातर मेला





खप्पर बुड्ढा नृत्य

भरमौर। जिला स्तरीय चार दिवसीय माता शिव-शक्ति जातर मेला छतराड़ी के पहले दिन माता शिव-शक्ति की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद रथ यात्रा भी निकाली जाती है। इस मौके पर ऐतिहासिक खप्पर बुड्ढा नृत्य भी हुआ जो मेले का मुख्य आकर्षण रहा। इस पौराणिक नृत्य को देखने के लिए देश-विदेश से लोग यहां पर आते हैं।

चंडिका किन्नौर की शक्तिशाली और धनी देवी





किन्नौर । कोठी गांव रिकांगपिओ और कल्पा के मध्य बसा है। मंदिर का मुख्य आकर्षण केंद्र देवी का विशाल रथ है। यह रथ मंदिर के भीतर रखा रहता है। इस पर माता की सोने की प्रतिमाएं सुसज्जित रहती हैं। चंडिका देवी का दूसरा नाम शुवांग चंडिका भी है।

चंडिका किन्नौर की शक्तिशाली और धनी देवी है। धारणा है कि यह देवी बाणासुर के अट्ठारह पुत्र-पुत्रियों में से एक है। बाणासुर ने हिरमा राक्षसी से विवाह किया था, जिससे ये पुत्र-पुत्रियों उत्पन हुए थे। बाद में इन पुत्र-पुत्रियों ने किन्नर प्रदेश को आपस में बांट दिया था। देवी चंडिका ने अपने पराक्रम से इस क्षेत्र में अपना प्रभाव जमा था। कोठी किन्नौर का सबसे प्राचीन गांव है। स्थानीय लोग इसे कोष्ठम्पी के नाम से ही जानते हैं। 2104 मीटर से 2,905 मीटर की ऊंचाई वाली ढलानों के मध्य बसा यह रिकांगपिओ बाजार से लगभग डेढ़ किलोमीटर ऊपर स्थित है।

चंडिका के मंदिर के दरवाजे के दोनों तरफ लघु कक्षों में प्रतिमाएं हैं। दाईं तरफ सूर्य की प्रतिमा है और किन्नर-कैलाश बिलकुल सामने हैं। जब सूर्य उदय होता है तो पहली किरण इस प्रतिमा पर पड़ती है। मंदिर सतलुज घाटीय शैली का मिश्रित रूप और कला का सजीव उदाहरण है। तल से शिखर तक लकड़ी पर सुंदर नक्काशी की गई है जिसे रंगों से सजाया गया है। शिखर पर बड़ा गुम्बंद है।

दो मंजिले इस मंदिर के गर्भभाग में देवी चंडिका का विशाल रथांग को सजाते समय उस पर लगाया जाता है। किन्नौर में इसे सर्वाधिक शक्तिशाली और सम्पन्न देवी माना जाता है। सालाना-पूजा देवी का प्रमुख तयौहार है। इस पूजा का दिन देवी का ग्रोकच देवी शक्ति से तय करता है। कभी यह साल में दो बार भी तय हो जाता है। इस दिन देवी की पूजा होती है। देवी को बकरे की बलियां देते हैं। देवी को प्रसन्न किया जाता है ताकि वह लोगों के जान-माल की रक्षा करे।

पारंपरिक पहनावे में युवतियां

हिमाचल प्रदेश के 12 जिलों के पारंपरिक पहनावे में युवतियां (ऊपर)। 'हिमाचल गौरव' पुरस्कार से सम्मानित बीरबल शर्मा द्वारा संचालित हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी में प्रदेशभर से लगी मनमोहक तस्वीरें।

देवता वीरनाथ का रथ

कुल्लू जिले के कटराईं क्षेत्र के आराध्य देवता वीरनाथ के नए बनाए गए थान की प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर देवता वीरनाथ का रथ।

पहाड़ों पर मनाया ओणम

धर्मशाला । केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के धौलाधार परिसर-2 में विश्वविधालय में पढ़ने वाले केरल के छात्रों की ओर से ओणम के अवसर पर सांस्कृतिक उत्सव आयोजित किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से केरल के छात्रों ने दर्शकों को ओणम के इतिहास और महत्व से अवगत कराया।

पड़ूंवा नृत्य



सोलन का प्रसिद्ध पड़ूंवा नृत्य। इसे तीज त्योहार पर प्रस्तुत किया जाता है।

न्यूज ब्रीफ

सलोह में बताया पौष्टिक आहार का महत्व

अनंत ज्ञान, डरोह। बाल-विकास परियोजना भवारना के सौजन्य से वृत्त फरेढ़ की पंचायत सलोह में पोषण माह का आयोजन किया गया। जिसमें खंड विकास अधिकारी भवारना तविंदर चिनोरिया, आयुष्मान विभाग से डॉ. स्वीटी गोयल, पंचायत प्रधान अनीता देवी, वृत्त पर्यवेक्षक नीनू कुमारी, सलोह पंचायत के वार्ड पंच, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायका व स्थानीय महिलाओं ने भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने महिलाओं को अपनी सेहत का ख्याल रखने के लिए विभिन्न टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं में हमेशा खून की कमी रहती है, जिसके लिए उन्हें पौष्टिक आहार लेना चाहिए। ऐसे में हमें अपने आम दिनचर्या में पोषण के प्रति जागरूक रहकर अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं। पौष्टिक एवं संतुलित आहार हमें गंभीर बीमारियों से बचा सकता है। विशेष कर छोटे बच्चों, किशोरियों व गर्भवती महिलाओं के लिए यह बहुत ही जरूरी है।

नैतिक राणा का राज्य स्तर के लिए चयन

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। अंडर-14 जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता देहरा में आयोजित हुई। इसमें होलीफेथ स्कूल के छात्र नैतिक राणा का चयन राज्य स्तर में हुआ। नैतिक 8वीं कक्षा का छात्र है और बचपन से ही कुश्ती में दिलचस्बी रखता था। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल करके नैतिक ने अपने माता-पिता और होलीफेथ स्कूल पठियार का नाम रोशन किया। स्कूल प्रबंधक दीपक सूद ने बच्चे को बधाई दी और आगे भी अपना प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रेरणा दी। स्कूल प्रधानाचार्य शशि सूद और शारीरिक शिक्षा के अध्यापक साहिल सूद ने भी नैतिक राणा को बधाई दी।

कविता प्रतियोगिता में अर्पिता रही प्रथम

अनंत ज्ञान, गगल। महर्षि विद्या मंदिर स्कूल खटेड़ धर्मशाला में हिंदी दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। जानकारी देते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण शर्मा ने बताया के 14 सितंबर हिंदी दिवस पर अपने विचार प्रकट किए। इस उपलक्ष में पहली कक्षा से पांचवी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने हिंदी कविता, लेखन निबंध, और कहानी बाचन का आयोजन किया गया सभी विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा लेखन प्रतियोगिता में पहली कक्षा से शिवांश प्रथम, काशवी बांसा द्वितीय, और नव्या तृतीया दूसरी कक्षा से अनाबी प्रथम, हर्षित दूसरे स्थान पर और शिवम तीसरे स्थान पर वहीं तीसरी कक्षा से शनाया प्रथम और आरुष द्वितीय और शनाया राजपूत तृतीया, चौथी कक्षा से नादिया ठाकुर प्रथम, शाश्वत द्वितीय और शानबी तीसरे स्थान पर रही पांचवीं कक्षा से अदिति प्रथम, आलिया दूसरे स्थान पर और साधना तीसरे स्थान पर रहे। कविता प्रतियोगिता में अर्पिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण शर्मा ने स्कूल के सभी बच्चों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

शाहपुर में अनीता देवी बनी पीटीए प्रधान

अनंत ज्ञान, शाहपुर। राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में अभिभावक -शिक्षक संघ की 2024-25 कार्यकारिणी का गठन प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह के दिशा-निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पीटीए किसी भी महाविद्यालय के विकास में महत्वपूर्ण स्थान रखती है। अभिभावकों को महाविद्यालय में अवश्य आना चाहिए तथा अपनी समस्याओं से महाविद्यालय प्रशासन को अवगत करवाना चाहिए, जिससे उनका निपटारा किया जा सके। सचिव डॉ. केशव कौशल ने बताया कि इससे पूर्व भी दो आमसभा रखी गई थी। आमसभा में प्रधान पद पर अनीता देवी, उपप्रधान पद पर श्री दिनेश चंद्र, सचिव डॉ केशव कौशल, सह सचिव नारायण सिंह, कोषाध्यक्ष नरेश कुमार सर्वसम्मति से मनोनीत किए गए।इसके अतिरिक्तश्रीमति रेनू बाला, श्रीमति सविता, श्री प्रताप सिंह, डॉ सतीश ठाकुर, प्रो सरिता, श्रीमति गीता को सदस्य बनाये गए। प्राचार्य महोदय ने आह्वान किया कि महाविद्यालय प्रशासन तथा पी. टी. ए.के सहयोग से विकासात्मक कार्यों में नई उर्जा का संचार होगा। इस अवसर पर शिक्षक, गैर शिक्षक वर्ग तथा विद्यार्थियों के अभिभावकों मौजूद रहे।

ढलियारा कॉलेज में बताई हिंदी भाषा की महत्ता

अनंत ज्ञान, देहरा। राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में हिंदी विभाग द्वारा शनिवार को 'हिंदी पखवाड़ा' के अंतर्गत 'हिंदी-दिवस' का आयोजन किया गया। इस प्रसंग में मुख्यातिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंजू रानी चौहान ने शिरकत की। डॉ. आरती कौशल ने अपने स्वागत संबोधन के साथ हिंदी दिवस में उपस्थित अतिथियों का स्वागत तथा हिंदी भाषा की महत्ता पर प्रकाश डाला। हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा, जिसमें हिंदी दिवस पर भाषण प्रतियोगिता और काव्य पाठ का आयोजन हुआ। प्रसंग को मनोरंजक बनाने के लिए प्रतियोगिताओं के मध्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी प्रस्तुत की गईं। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. सुरेश राणा, प्रो. कंचन, डॉ. शर्मिता पठनीय ने अभिनीत की। प्राचार्य ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में हिंदी भाषा को भारतीय जनमानस की भावना की भाषा कहा। उन्होंने जोर देकर कहा की हम अन्य भाषाओं को सीखने ,प्रयोग करने के साथ साथ हिंदी को राष्ट्रीय सम्मान की भाषा के रूप में गर्व के साथ अपनाएं।

भाजपा पार्टी से बढ़कर एक परिवार : अनुराग

ऐसी पार्टी, जो सदा भारत और भारतीयता के सशक्तिकरण और उत्थान के लिए है कार्यरत

पुनीत शर्मा, धर्मशाला

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व भाजपा सदस्यता अभियान के अंतर्गत हिमाचल के 6 संगठनात्मक जिले के पालक अनुराग सिंह ठाकुर ने विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के सदस्यता अभियान के अंतर्गत धर्मशाला, शाहपुर और फतेहपुर मंडल में सदस्यता के निमित्त प्रवास किया। इस अवसर पर स्थानीय नेता व पूर्व मंत्री सरवीन चौधरी, सदस्यता संसदीय क्षेत्र संयोजक सुमीत शर्मा व जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा उपस्थित रहे।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि राष्ट्र प्रथम की मूल भावना से ओत-प्रोत विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी एक पॉलीटिकल पार्टी से बढ़कर एक परिवार है। भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र पार्टी है जो सदा भारत, भारत के लोग व भारतीयता के सशक्तिकरण व उत्थान के लिए

सांसद बोले, राहुल गांधी गाजा की बात करते हैं, ढाका की नहीं

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तंज करते हुए हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल को गाजा की याद तो आती है, लेकिन ढाका भूल जाते हैं। उन्होंने एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि एक कार्यक्रम में जब राहुल गांधी से बांग्लादेश में हिंदुओं की प्रताड़ना को लेकर प्रश्न पूछा गया तो उनके लोगों ने कैमरा ही हटा दिया। उन्होंने कहा कि दूरदराज के गाजा की बात करने वाले राहुल, अपने पड़ोस में स्थित बांग्लादेश के हिंदुओं पर हुए अत्याचार को नजरअंदाज करते हैं।

अपनी स्थापना के प्रथम दिन से ही कार्यरत है। मेरा आपसे अनुरोध है राष्ट्र नवनिर्माण के महाअभियान में आप भी भागीदार बनें, भाजपा के सदस्य बनें। भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है, जो अपनी पार्टी संविधान का अनुसरण करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए अपने कार्य का विस्तार कर रही है और जनता की आशाओं, आकांक्षाओं की कसौटी पर खुद को साबित भी कर रही है। भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी तो है ही, साथ ही सभी राजनीतिक दलों में अनूठी पार्टी है। आज भारत के 1,500 से अधिक राजनीतिक दलों में कोई भी दल लोकतांत्रिक तरीके से विश्वास और खुलेपन के साथ हर 6 साल के बाद अपने सदस्यता अभियान को नहीं करता है। ऐसा केवल और केवल भाजपा ही करती है। हमारी पार्टी में कार्यकर्ता महज सदस्यता का एक अंक नहीं, बल्कि हमारे यहां कार्यकर्ता एक जीवंत इकाई, विचारधारा का वाहक, कार्य-संस्कृति का पोषक और हमारे कार्यकर्ता सरकार और संगठन के बीच में कड़ी का भी काम करते हैं, जो सरकार को हमेशा जनता के साथ जोड़कर रखता है।

संजौली और मंडी प्रकरण पर बोलते हुए अनुराग ने कहा कि संजौली और मंडी में आखिर ये परिस्थितियां क्यों खड़ी हुईं? हिंदूवादी संगठनों ने आखिर ऐसा क्या गुनाह कर दिया कि कांग्रेस सरकार को बल प्रयोग करने जरूरत पड़ रही है। क्या कांग्रेस राज में अब हिंदू समाज अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन भी नहीं कर सकता? हिमाचल में आए दिन इस तरह की घटनाएं और इससे उपजे हालात चिंता का विषय हैं। (अनंत ज्ञान)

चिट्टे के साथ दो गिरफ्तार

पंचरुखी। पुलिस थाना पंचरुखी के तहत उस्तेहड़ में गाड़ी नंबर एचपी 53बी-3586 से 8.05 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। इस संदर्भ में गाड़ी के चालक मनीष राणा निवासी द्रुग व गाड़ी में बैठे राहुल राणा निवासी द्रुग के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

नौरा कॉलेज में मनाया हिंदी दिवस समारोह

डरोह। शनिवार को अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय नौरा में राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया गया। हर साल 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन ही 14 सितंबर, 1949 में हिंदी को भारत की राजभाषा का दर्जा मिला था। हिंदी न केवल भारत के विभिन्न हिस्सों में बोली जाती है बल्कि इसे विश्व के अनेक देशों में भी अपनाया गया है। वर्तमान समय में डिजिटल युग के साथ-साथ हिंदी का प्रचलन भी बढ़ा है।

क्यारवां, कियारा व आसपास 17 को पावर कट

अनंत ज्ञान, डरोह। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विद्युत विभाग उपमंडल थुरल के अंतर्गत आने वाले 11 केवी पुड़वा-मूंढी एचटी लाइन की मरम्मत और रखरखाव हेत 17 सितंबर मंगलवार को क्यारवां, कियारा, थल्याल, चौकी, कलुना व खर्याना आदि गांवों की विद्युत आपूर्ति सुबह नौ बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी। मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। यह जानकारी विद्युत विभाग उपमंडल थुरल के सहायक अधिशासी अभियंता इंजीनियर प्रवीण सिंह ने दी। उन्होंने इस स्थिति में जनता से सहयोग की अपील की है।

छात्राओं को दिया हिंदी भाषा का ज्ञान

गर्ल्स स्कूल नगरोटा बगवां में हर्षोल्लास से मनाया हिंदी दिवस समारोह

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नगरोटा बगवां में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम के संयोजक हिंदी प्रवक्ता बलबीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय पाठशाला के प्रधानाचार्य निखिल शर्मा ने की। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय पाठशाला में अध्यनरत छठी कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा की छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस कार्यक्रम के दौरान नारा लेखन, भाषण एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संयोजक बलबीर सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका राजेश भाटा, सीमा दूसेजा तथा मोनिका

गुप्ता ने निभाई। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य ने राष्ट्रभाषा हिंदी के महत्व तथा उन्होंने विद्यार्थी वर्ग से आग्रह किया कि राष्ट्रभाषा हिंदी को हमें अपने जीवन में बढ़-चढ़कर अपनाना चाहिए एवं इसके प्रचार एवं प्रसार की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए।

प्रवक्ता हिंदी एवं संयोजक बलवीर सिंह ने भी राष्ट्रभाषा हिंदी के इतिहास, महत्व, वर्तमान दशा और उसके सुधार एवं प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य रक्षा कुमारी, प्रवक्ता राजेश कुमार, प्रवीण कुमार, मनीष गुप्ता, विशाल आचार्य, अंबिका चौधरी, सुषमा धीमान, रीना कुमारी, शशि कुमारी, सपना शर्मा, उदय भूषण, शशि कुमार आदि अध्यापकों के साथ-साथ अन्य अध्यापक एवं विद्यालय में अध्यनरत सभी छात्राएं विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बिल नहीं दिया तो बिना नोटिस के काट दिए जाएंगे कनेक्शन

जयसिंहपुर। विद्युत उपमंडल जयसिंहपुर के तहत विद्युत विभाग ने घरेलू व व्यावसायिक डिफॉल्टर उपभोक्ताओं के 11 लाख रुपए के बिजली के बिल पेंडिंग हैं। जयसिंहपुर उपमंडल के एसडीओ सुशील शर्मा ने बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं से 6.80 लाख रुपए और व्यावसायिक उपभोक्ताओं से 4.25 लाख रुपए बिजली के बिल के रूप में वसूलने हैं। कई बार इन उपभोक्ताओं को नोटिस दिए जा चुके हैं बावजूद इसके उपभोक्ता बिजली बिल नहीं भर रहे हैं। एसडीओ सुशील शर्मा ने कहा कि जो भी डिफॉल्टर बिजली उपभोक्ता हैं, अगर उन्होंने 15 सितंबर तक अपना बिजली का बिल जमा नहीं करवाया तो बिना नोटिस के उनका बिजली का कनेक्शन काट दिया जाएगा।

हैप्पी बर्थडे

सरकाघाट की संजना सिंह को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

चित्रकला में पलक ने पाया प्रथम स्थान

नगरोटा कॉलेज में हिंदी दिवस पर करवाई प्रतियोगिताएं

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां

राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां में हिंदी विभाग की ओर से हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राजेश कौंडल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

दो दिवसीय कार्यक्रम में नारा लेखन, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता, काव्य पाठ, नुक्कड़ नाटक आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान क्रमश: शगुन गोस्वामी, शिवा एवं दिनेश ने प्राप्त किया। चित्रकला में प्रथम स्थान

पलक ने, द्वितीय स्थान रिशिता ने और तृतीय स्थान राधिका ने पाया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सानिया, द्वितीय स्थान पर दिनेश और तृतीय स्थान पर राधिका रही। काव्य पाठ में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान क्रमश:नेहा,शिवा व पलक ने पाया।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ. निधि शर्मा ने मातृभाषा हिंदी के महत्त्व को उजागर करते हुए दो दिवसीय कार्यक्रम से अवगत करवाया। चित्रकला व नारा लेखन के निर्णायक प्रो. सीमा कुमारी, प्रो. रचना ठाकुर रहे। काव्य पाठ व भाषण प्रतियोगिता में डॉ. मंजीत सिंह, प्रो. निपुनिका राणा, प्रो.विद्यामनि ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर शिक्षक वर्ग व गैर शिक्षक वर्ग भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

460 सदस्य जोड़ने पर धर्मशाला भाजपा की मंडल उपाध्यक्ष प्रेरणा शर्मा सम्मानित

अनंत ज्ञान, धर्मशाला

धर्मशाला मंडल भाजपा की उपाध्यक्ष प्रेरणा शर्मा ने सदस्यता अभियान के अंतर्गत मात्र आठ दिनों में 460 सदस्य बनाए। उन्हें शनिवार को लायंस क्लब धर्मशाला में पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर ने सम्मानित किया। धर्मशाला मंडल के तहत विधायक सुधीर शर्मा के सबसे अधिक सदस्य जोड़ने के बाद प्रेरणा शर्मा ने दूसरा पायदान प्राप्त किया है। भाजपा सदस्यता अभियान का शुभारंभ बीते दो सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

ने किया था, जबकि इसके बाद हिमाचल प्रदेश में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने इस अभियान की शुरुआत की थी।

रवि कांत बने एसएमसी अध्यक्ष

जयसिंहपुर। उपमंडल के अंतर्गत राजकीय बरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गंदड़ में एसएमसी प्रधान पद का चुनाव रोचक मुकाबले के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुए चुनाव में रवि कांत ने संजीव कुमार को दो वोट से शिकस्त देकर जीत हासिल की। हालांकि शायद यह पहला ही अवसर है जब प्रधान पद को लेकर वोटिंग के माध्यम से निर्णय लेना पड़ा है। रवि कांत का नाम प्रपोज होने पर शुरू में निर्विरोध चुनाव होने के आसार नजर आ रहे थे, लेकिन दो एक अभिभावकों द्वारा संजीव कुमार का नाम प्रपोज कर देने के चलते कोई सहमती नहीं बन सकी, जिसके चलते अभिभावकों द्वारा वोटिंग के माध्यम से निर्णय लिया गया। कुल 71 अभिभावकों ने वोट का प्रयोग किया, जिसमें संजीव कुमार को 34 व रवि कांत को 36 मत पड़े, जबकि एक मत को रद्द करार दिया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना में अब 14 घर स्वीकृत : संदीप

अनिल छांगू, जवाली

न्यांगल पंचायत के उपप्रधान ठाकुर संदीप सिंह समकड़िया का कहना है कि पहले हमारी पंचायत को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक ही घर मिला था, जिसको लेकर उन्होंने मीडिया के सहयोग से प्रशासन के समक्ष आवाज उठाई थी कि जिस तरह से अन्य पंचायत को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल रहा उसी तरह से हमारी पंचायत को भी मिलना चाहिए। इसके उपरांत अब पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के 14

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

घर स्वीकृत हो गए हैं। प्रशासन से निवेदन है कि जो अन्य घर बच गए हैं, उन्हें भी जल्द से जल्द स्वीकृत करें, ताकि सभी कच्चे घरों वाले पक्का घर बना सकें। (अनंत ज्ञान)

सीयू देहरा में एबीवीपी ने आयोजित किया अभिनंदन समारोह

अनंत ज्ञान, देहरा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय इकाई देहरा द्वारा नए छात्रों के स्वागत हेतु एक भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 13 सितंबर को सप्त सिंधु परिसर-77 में हुआ। समारोह का उद्देश्य पूरे देश के कोने-कोने से नवागंतुक छात्रों का आत्मीय स्वागत करना और उन्हें संस्थान की सांस्कृतिक व शैक्षणिक गतिविधियों से परिचित कराना था। इस अवसर पर छात्रों को प्रेरित करने के लिए कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, मनोरंजनात्मक गतिविधियां और संवाद सत्र

आयोजित किए गए, जिसमें नवागंतुक छात्रों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वयं का और अपनी संस्कृति का परिचय दिया। समारोह में उपस्थित सभी छात्रों ने इस अवसर का भरपूर आनंद लिया और एक सकारात्मक और सहयोगपूर्ण माहौल का अनुभव किया।

इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में राजनीतिक विज्ञान विभाग में कार्यरत प्रो. मृदुल शारदा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश के प्रांत सहमंत्री विशाल ठाकुर बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि प्रो. मृदुला शारदा ने छात्रों को संबोधित करते हुए परिसर के इतिहास विकास का परिचय नए छात्रों के बीच रखा तथा विवि की शैक्षणिक और सांस्कृतिक समृद्धि के महत्व के बारे में भी नवागंतुक छात्रों को जानकारी दी तथा विशिष्ट अतिथि विशाल ठाकुर ने तरुणाई को संबोधित करते हुए बताया कि किस प्रकार परिषद समाज हित और राष्ट्र हित में कार्य करती है।

कांगड़ा एयरपोर्ट पर डीवीओआर और डीएमई सिस्टम की कैलिब्रेशन सफलतापूर्वक संपन्न

अनंत ज्ञान, गगल

कांगड़ा एयरपोर्ट पर डीवीओआर (डॉप्लर वीएचएफ ओम्नीडायरेक्शनल रेंज) और डीएमई (दूरी मापन उपकरण) सिस्टम की कैलिब्रेशन सफलतापूर्वक पूरी हो गई है, जिससे हवाई अड्डे पर हवाई नेविगेशन सेवाओं की सुरक्षा और विश्वसनीयता सुनिश्चित होती है।

बता दें कि हर दो साल में आवश्यक इस कैलिब्रेशन को अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) मानकों और

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) नागरिक उड्डयन आवश्यकता (सीएआर) नियमों के पूर्ण अनुपालन में किया गया था। इस अभ्यास को कंगड़ा हवाई अड्डे के सीएनएस विभाग द्वारा फ्लाइट इंस्पेक्शन यूनिट (एफआईयू) के एक फ्लाइट इंस्पेक्टर की देखरेख में किया गया था।

कार्यक्रम महाराजा संसार चंद स्मारक कॉलेज थुरल में हिंदी दिवस पर प्रतियोगिताएं आयोजित

काव्य पाठ में शिवानी, नारा लेखन में सेजल प्रथम

राकेश डोगरा, डरोह

महाराजा संसार चंद स्मारक महाविद्यालय थुरल में हिंदी पखवाड़ा के तहत हिंदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. कमल कुमार मुख्यातिथि थे। उन्होंने हिंदी भाषा के महत्व पर अपने विचार रखते हुए कहा कि हिंदी को 14 सितंबर, 1949 को राजभाषा का दर्जा दिया गया। 14 सितंबर, 1953 से प्रति वर्ष इस दिन को हिंदी दिवस के

रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विद्यार्थियों द्वारा काव्य पाठ, दोहा वाचन, भाषण प्रतियोगिता एवं नारा लेखन में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। दोहा वचन में सुजल प्रथम, सौरभ द्वितीय, अनामिका तृतीय रही। काव्य पाठ में शिवानी प्रथम, इशिका द्वितीय नैन्सी ने तृतीय स्थान हासिल किया। नारा लेखन में प्रथम सेजल, द्वितीय अंशु, तृतीय अदिति और पायल रहीं।

महाविद्यालय के हिंदी विभाग के डॉ. संजीव शर्मा ने राजभाषा हिंदी के प्रयोग उसकी उपयोगिता और प्रासंगिकता के बारे में विद्यार्थियों को अवगत करवाया। (अनंत ज्ञान)

प्रवासियों की वेरिफिकेशन बहुत जरूरी : रविंद्र बाबा

गगल। गगल के पूर्व प्रधान रविंद्र बाबा ने कहा कि कुछ वर्ष पहले

यहां नाम मात्र ही प्रवासी रहते थे परंतु अब न जाने कितने भारी राज्यों के मुस्लिम परिवारों ने डेरा डाल के रखा हुआ है। बाबा ने कहा है कि आज हिमाचल प्रदेश में पौने दो लाख मुस्लिमों व प्रवासियों ने डेरा डाला हुआ है। अब वो दिन दूर नहीं के हिमाचल में भी इन लोगों का राज होगा। उन्होंने कहा है कि बाहरी लोगों की वेरिफिकेशन होना अति आवश्यक है।

बैजनाथ में प्रवासियों के पंजीकरण लिए शुरू किया विशेष अभियान

प्रत्येक पुलिस स्टेशन पर श्रमिकों को जारी किए जाएंगे आधिकारिक प्रमाण पत्र

जितेंद्र कौशल, बैजनाथ

बैजनाथ पुलिस उपमंडल ने क्षेत्र में कार्य कर रहे प्रवासी श्रमिकों के पंजीकरण के लिए 15 दिनों का विशेष अभियान 'श्रमिक संकेत' शुरू किया है। यह अभियान शनिवार से शुरू हो गया है और इसका उद्देश्य प्रवासी श्रमिकों की निगरानी और ट्रैकिंग को बेहतर बनाना है, इसके तहत उपमंडल के प्रत्येक पुलिस स्टेशन पर श्रमिकों को आधिकारिक प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे, जिनकी वैधता एक महीने की होगी। उसके बाद इसे रिन्यू करवाना होगा।

उपमंडल पुलिस अधिकारी अनिल शर्मा ने बताया कि पंजीकरण प्रक्रिया उपमंडल के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में की जाएगी, जहां क्षेत्रवार प्रवासी श्रमिकों के लिए विशेष रजिस्टर लगाए जाएंगे। यह व्यापक प्रयास पिछले पंजीकरण प्रक्रिया का विस्तार है, ताकि क्षेत्र में सभी प्रवासी श्रमिकों का पूरा रिकॉर्ड सुनिश्चित किया जा सके। अभियान के तहत, प्रवासी श्रमिकों को हर महीने अपने पंजीकरण का नवीकरण करवाना होगा। मकान मालिकों को अपने किरायेदारों के वर्तमान पते की पुष्टि करनी होगी ताकि रिकॉर्ड सटीक और अद्यतित रहे। इसके अतिरिक्त, प्रवासी श्रमिक के स्थायी पते वाले पुलिस स्टेशन को पर्चा -12 जारी किया जाएगा, ताकि दी गई जानकारी की प्रामाणिकता की पुष्टि की जा सके। उन्होंने पंचायत प्रधानों, पार्षदों, ठेकेदारों, दुकानदारों और मकान मालिकों से अपील की है कि वे अपने श्रमिकों या किराएदारों का पंजीकरण सुनिश्चित करें। पंजीकरण के लिए व्यक्तिगत रूप से कार्ड और मकान मालिकों या नियोक्ताओं द्वारा सत्यापन प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। प्रवासियों का पंजीकरण न करने पर भारतीय न्याय संहिता या पुलिस अधिनियम के संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की जा सकती है। (अनंत ज्ञान)

संजौली मस्जिद मामले में पालमपुर में किया प्रदर्शन

पालमपुर। संजौली मस्जिद विवाद के बाद शनिवार को पालमपुर में भी हिंदू संगठनों ने हनुमान गली से हनुमान चालीसा पढ़ कर प्रदर्शन की शुरुआत की और शहर के बीचों बीच प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मस्जिद के अंदर जाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने इन सभी को रोक दिया प्रदर्शन में किसी तरह की कोई भी अप्रिय घटना नहीं घटी।

मस्जिदों के विवाद से शांत हिमाचल में सांप्रदायिक चिंता

नाई की दुकान पर हुए झगड़े से उपजा संजौली मस्जिद विवाद

हिमाचल के शिमला के संजौली इलाके की मस्जिद को लेकर उपजे विवाद की आंच अब प्रदेश के पांच जिलों, शिमला, हमीरपुर, मंडी, सिरमौर और बिलासपुर तक पहुंच चुकी है। शांत पहाड़ी राज्य के इतिहास में ऐसी सांप्रदायिक चिंता पहली बार महसूस की गई है।

संजौली मस्जिद विवाद

विवाद संजौली मस्जिद क्षेत्र से 8 किलोमीटर दूर मलयाना गांव में हुए एक झगड़े से शुरू हुआ। दरअसल 31 अगस्त को एक लोकल दुकानदार विक्रम सिंह का नाई की दुकान के मालिक गुलनवाज से झगड़ा हो गया था। इसके बाद पुलिस ने विक्रम पर हमला करने के आरोप में गुलनवाज और दो नाबालिगों सहित छह लोगों को हिरासत में ले लिया, लेकिन मामला तब ज्यादा बढ़ गया जब आरोप सामने आए कि आरोपियों ने मस्जिद में शरण ली थी। संजौली की एक सिविल सोसाइटी के पदाधिकारी विकास थाप्टा कहते हैं, मुस्लिम सदियों से यहां रह रहे हैं। पहले भी झगड़े होते थे, लेकिन अब चीजें बदल गई हैं। विक्रम पर रात के करीब 9.15 बजे हमला हुआ। विक्रम गुलनवाज के अपशब्द बोलने पर आपत्ति जता रहा था। विक्रम की दुकान गुलनवाज की दुकान के पास है, वह इलाके में कुणाल नाम से जाना जाता है। विक्रम ने कहा, मैंने अपने साथी दुकानदारों को बुलाया, जिनमें यशपाल शर्मा भी शामिल थे, जिनके सिर पर लोहे की रॉड से हमला किया गया। यशपाल शर्मा शिमला में व्यापारियों के एक छत्र संगठन, व्यापार मंडल के सदस्य हैं। हमलावरों में से एक को उसी रात गिरफ्तार कर लिया गया था और बचे हुए आरोपियों ने अगले दिन सरेंडर कर दिया था।

देशभर में मस्जिदों का विवाद

ज्ञानवापी मस्जिद भी कभी मंदिर को तोड़कर बनाई गई थी। वहां इसके अवशेष और कई मूर्तियां मिली हैं। ये लंबे समय से माना जाता रहा है कि इसे काशी विश्वनाथ मंदिर के अवशेषों पर बनाया गया था। इसका विवाद 1991 में शुरू हुआ, जब हिंदू समूहों ने कानूनी याचिकाएं दायर कीं और दावा किया कि मस्जिद एक ध्वस्त हिंदू मंदिर के ऊपर बनाई गई थी।

क्या है धर्म स्थल कानून

हालांकि पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम 15 अगस्त, 1947 तक बने हुए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में बदलने पर रोक लगाता है। साथ ही, यह किसी भी स्मारक के धार्मिक आधार पर रखरखाव पर भी रोक लगाता है। इस कानून के मुताबिक, 15 अगस्त, 1947 तक बने हुए सभी धार्मिक स्थलों की यथास्थिति बनाए रखी जाएगी। चाहे वह मस्जिद हो, मंदिर, चर्च या कोई और सार्वजनिक पूजा स्थल। ये सभी उपासना स्थल इतिहास की परंपरा के मुताबिक ज्यों के त्यों बने रहेंगे। इसे किसी भी अदालत या सरकार की तरफ से नहीं बदला जा सकता।

जून 2022 में तुर्की की इंटरनेशनल न्यूज वेबसाइट टीआरटी वर्ल्ड ने एक लेख प्रकाशित किया, जिसमें कहा गया है कि भारत में कई धार्मिक स्थल हिंदू समूहों के दावों के अधीन हैं। ये स्थल हैं:

* मथुरा में शाही मस्जिद * धार में भोजशाला परिसर * दिल्ली में कुतुब मीनार * लखनऊ में टीली वाली मस्जिद * अजमेर में हजरत ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह * मध्य प्रदेश में कमाल-उद-दीन मस्जिद

विधानसभा में उठा मामला

मस्जिद के इर्द-गिर्द पहला विरोध प्रदर्शन तीन सितंबर को हुआ था। बात तब और ज्यादा चर्चा में आई जब विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान चौपाल से भाजपा विधायक बलबीर सिंह वर्मा ने विधानसभा में नियम 62 के तहत चर्चा के विषय के तौर पर क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव को सूचीबद्ध किया।

1960 में बनी थी मस्जिद

यह मस्जिद कुफरी के रास्ते में संजौली बाजार से नीचे की तरफ मौजूद है। मस्जिद के ग्राउंड फ्लोर का निर्माण 1960 में हुआ था और 2010 में तीन और मंजिलें जोड़ी गई। मस्जिद के निर्माण को नगर निगम शिमला में चुनौती दी गई थी और 2010 से 2024 के बीच 44 बार इस पर सुनवाई हुई है। अब सुनवाई की अगली तारीख 5 अक्तूबर है।

वक्फ बोर्ड की है जमीन

राज्य के वक्फ बोर्ड के कमिश्नर जफर इकबाल ने बताया, जिस जमीन पर मस्जिद मौजूद है, वह पूरी तरह से राज्य वक्फ बोर्ड की है, इसे दशकों पहले बनाया गया था। हालांकि, जफर इकबाल ने कहा कि मुझे इस बात की जानकारी नहीं है कि स्थानीय समिति ने निर्माण को बढ़ाने के लिए स्थानीय अधिकारियों से मंजूरी ली थी या नहीं।

लोक अदालत में 7136 मामलों में करवाया समझौता

धर्मशाला। जिला कांगड़ा के सभी न्यायालयों में शनिवार को राजीव बाली, अध्यक्ष (जिला एवं सत्र न्यायधीश), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कांगड़ा स्थित धर्मशाला की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। हैं। इसमें 7136 मामलों में समझौता किया गया तथा 15,39,80,382 राशि प्राप्त हुई। इसमें प्री-लिटिगेशन, एनआईएक्ट, धन वसूली के मामले, श्रम विवाद, जरूरी सेवाओं संबंधित मामले , दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 खर्चे के मामले, अपराधिक कंपाउडेबल मामले, मोटर दुर्घटना, दावा अधिकरण के केस, वैवाहिक मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले, राजस्व मामले, अन्यथा सिविल मामले तथा कोर्ट में लंबित मामले दोनों शामिल थे।

सीयू में केरल के छात्रों ने मनाया ओणम उत्सव

सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर लूटी वाहवाही, ओणम पोस्टर किया जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के धौलाधार परिसर 2 में विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले केरल के छात्रों की ओर से ओणम के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से केरल के छात्रों ने दर्शकों को ओणम के इतिहास और महत्व से अवगत कराया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर और अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। परिसर निदेशक डॉ. आशीष नाग और प्रोफेसर संदीप कुलश्रेष्ठ द्वारा ओणम पर समस्त विद्यार्थियों को बधाई दी गई। कुलसचिव प्रोफेसर सुमन शर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को इस उत्सव की बधाई दी। इसके बाद छात्रों ने पारंपरिक ओणम गीत की प्रस्तुति ने खूब तालियां बटोरीं। केरल के छात्रों ने तिरुवथिराकली को एक फ्यूजन के साथ प्रस्तुत किया। छात्रों ने अपने ओणम पोस्टर को जारी किया और इसके बाद नींबू चावल जैसे कुछ खेलों का आयोजन किया गया, जो केरल में प्रचलित खेल पर पारंपरिक शुरुआत का प्रतीक था। छात्रों ने म्यूजिकल चेयर, बोरी रेस, उरीयादी और टग ऑफ वॉर के खेलों में बढ़चढ़ कर भाग लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान बहुत उत्साह और आनंद बना रहा और अंत में छात्रों ने मलयालम गीतों के साथ-साथ क्षेत्रीय भाषाओं के जीवंत और ऊर्जावान प्रदर्शन किया।

लॉरेट संस्थान में विद्यार्थियों को दी नैनो टेक्नोलॉजी की जानकारी

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां

लॉरेट शिक्षण संस्थान में दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का शनिवार को संस्थान के मेन ऑडिटोरियम में समापन हो गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में लॉरेट शिक्षण के प्रबंधक एवं निर्देशक डॉ. रण सिंह ने शिरकत की। निदेशक एवं प्राचार्य डॉ. एमएस आशावत ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। कॉन्फ्रेंस में प्रतिभागियों को नैनो टेक्नोलॉजी के विषयों के बारे में अवगत करवाया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में औद्योगिक अनुसंधान परिषद पालमपुर से डॉ. अमिताभ आचार्य प्रिंसिपल साईंटिस्ट एंड एसोसिएट प्रोफेसर एवं सरदार पटेल यूनिवर्सिटी मंडी से डॉ. गौरव कपूर तथा डॉ. कामाक्षी एमडी मेडिसिन नेफ्रोलॉजी रहे। रीनल ट्रांसप्लांट मेडिसिन डॉ. अमिताभ ने कहा कि नैनोटेक्नोलॉजी में संरचनाओं को नए रासायनिक और भौतिक गुण देने के लिए परमाणुओं और अणुओं में हेरफेर करना शामिल है। नैनो टेक्नोलॉजी उपकरणों में इलेक्ट्रॉनिक्स, चिकित्सा, ऊर्जा और बहुत कुछ जैसे अनुप्रयोगों की एक विस्तृत श्रृंखला है और हम नैनो तकनीक का उपयोग करके अद्वितीय गुणों और कार्यों वाली सामग्री, उपकरण और प्रणालियां बना सकते हैं। डॉ. कामाक्षी ने क्रोनिक किडनी डिजीज के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ गुर्दों को बनाए रखने के लिए हाइड्रेटेड रहना, नमक और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों से कम संतुलित आहार लेना, रक्तचाप और रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना, नियमित शारीरिक गतिविधि में शामिल होना, दर्द निवारक दवाओं के अत्यधिक उपयोग से बचना और धूम्रपान से बचना शामिल है।

इस कॉन्फ्रेंस में पोस्टर प्रेजेंटेशन एंड ओरल प्रेजेंटेशन में अव्वल रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर डॉ. अमर दीप, डॉ. परवीन, डॉ. अदिति कौशिक, डॉ. प्रतिमा आशावत और स्टाफ के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

खनन सामग्री ले जा रहा ट्रक पलटा

इंदौरा। थाना डमटाल के अंतर्गत शनिवार को एक ओवरलोड खनन सामग्री ले जा रहा ट्रक डमटाल हाईवे पलट गया, जिससे हाईवे पर कई घंटे जाम लगा रहा जिसकी जानकारी डीएसपी इंदोरा को दी गयी व उनके दिशानिर्देश पर थाना डमटाल से अतिरिक्त थाना प्रभारी देवराज मौके पर पहुंचे व पलटे ट्रक की सामग्री को अन्य ट्रक में लोड कर जाम को खुलवाया।

धर्मशाला कॉलेज में हुई फ्रेशर पार्टी

धर्मशाला। धर्मशाला कॉलेज के वर्वॉक डिपार्टमेंट के सीनियर विद्यार्थियों ने फ्रेशर पार्टी का आयोजन खनियारा के मोहली में किया। जूनियर विद्यार्थियों का सीनियर्स ने रिवन काटकर व तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान स्टूडेंट्स ने एक से बढ़कर एक कल्चरल प्रोग्राम प्रेजेंट किए। पार्टी में तमन्ना को मिस फ्रेशर, जबकि शुभम को मिस्टर फ्रेशर चुना गया।

हाइट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स शाहपुर में लगाई नवाचार व तकनीकी प्रोजेक्ट प्रदर्शनी

अनंत ज्ञान, शाहपुर

हाइट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स शाहपुर में इंजीनियरिंग दिवस का आयोजन अत्यंत हर्ष और उत्साह के साथ किया गया। यह कार्यक्रम 15 सितंबर को, भारत के महान इंजीनियर सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर आयोजित किया जाता है, जिन्हें उनकी अविस्मरणीय उपलब्धियों और योगदान के लिए जाना जाता है।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रोफेसर जय देव डीन अकादमिक तकनीकी शिक्षा विश्विद्यालय हमीरपुर ने किया। इस कार्यक्रम में प्रबंधक निदेशक दुष्यंत कायस्था, महाविद्यालय के चेयरमैन रमन कायस्था, वाइस चेयरमैन स्वाति कायस्था, प्रधानाचार्य डॉक्टर अर्जुन कुमार ,डीन एकेडमी डॉक्टर नरेश शर्मा महाविद्यालय के अध्यापकों के साथ विद्यार्थी उपस्थिति रहे मुख्य अतिथि ने छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि इंजीनियरिंग का क्षेत्र मानव जीवन को बेहतर बनाने और समाज को प्रगति की दिशा में ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सर एम. विश्वेश्वरैया के जीवन से प्रेरणा लेने और नवाचार की दिशा में सतत कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस आयोजन में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें पोस्टर प्रेजेंटेशन, तकनीकी सेमिनार, और प्रोजेक्ट प्रदर्शनी, प्रश्नोत्तरी और थ्रीडी रंगोली प्रमुख रहे। इंजीनियरिंग के छात्रों द्वारा विभिन्न तरह के प्रोजेक्ट बनाये गए जैसे हाइड्रोलीक ब्रेक सिस्टम, सर्विसलेंस कैमरा बोट, ट्रांसमिशन लाइन फॉल्ट मानेजमेंट मेटल डिटेक्ट, सोलर एनर्जी, बिल्डिंग स्ट्रक्चरल ऑफ सुप्रीम कोर्ट, ऑटोमेशन पर्सन कलेक्ट लाइटिंग सिस्टम, जनरेटिंग इलेक्ट्रिसिटी बय रोड के माध्यम से छात्रों ने अपनी क्रिएटिविटी और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन करते हुए अनेक नवाचारों से संबंधित प्रोजेक्ट्स पेश किए।

बैजनाथ में हिंदी दिवस का आयोजन

बैजनाथ। पंडित संतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में हिंदी विभाग द्वारा शनिवार को हिंदी दिवस का आयोजन किया गया द्य कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कौंडल द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें भाषण प्रतियोगिता, काव्य पाठ प्रतियोगिता ,चित्रकारी प्रतियोगिता ,निबंध लेखन प्रतियोगिता, और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता को शामिल किया गया था द्य भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ पवन कुमार, और प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह रहे द्य काव्य पाठ प्रतियोगिता में डॉ स्वाति महाजन और डॉ दीप्ति शर्मा जी निर्णायक मंडल में रही द्य चित्रकारी प्रतियोगिता का निरीक्षण डॉ अर्चना ठाकुर और प्रोफेसर रेणु भाटिया ने किया द्य निबंध लेखन प्रतियोगिता में डॉ सुलक्षणा शर्मा, और डॉ अंजलि भारद्वाज निर्णायक मंडल में रहे द्य भाषण प्रतियोगिता में वंशिका सूद प्रथम स्थान पर रही, रितिका द्वितीय तथा निलक्षी तृतीय स्थान पर रही। काव्य पाठ में पूनम में प्रथम स्थान हासिल किया, भारती द्वितीय स्थान पर रही, समीक्षका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

34 मामले सुने 21 निपटाए

धर्मशाला। सितंबर में उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 34 मामलों की सुनवाई की गई तथा 21 मामलों का निपटारा किया गया। कांगड़ा में सुने गए 32 में से 19 मामलों का निपटारा किया गया। इनमें 4118068 रुपए की राहत शिकायतकर्ता पक्ष को मिली। चंबा तथा हमीरपुर में सुने गए 1-1 मामले में इनका निपटारा किया गया तथा 2449991 तथा 17990 रुपए की राहत राशि दिलवाई गई।

तृप्ता पब्लिक स्कूल चलवाड़ा में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम आयोजित

अनंत ज्ञान, जवाली

तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम में एक दिवसीय अध्यापकों का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमे प्रशिक्षण शिविर का मुख्य विषय हाई इंपैक्ट टीचिंग स्किल था जिसमें रिसोर्सपर्सन के रूप में रचित लाम्बा ने प्रशिक्षण की जानकारी के बारे अपनी भूमिका अदा की। उन्होंने बड़े ही सुंदर ढंग से इस प्रशिक्षण को करवाया और अध्यापकों को इसके बारे बहुत शानदार जानकारी प्रदान की। सबसे पहले उनके पहुंचने पर विद्यालय चेयरमैन बीरेंद्र नरियाल एवं प्रधानाचार्य राकेश राणा द्वारा जोरदार स्वागत किया गया उसके उपरांत दीप प्रज्वलित करके प्रशिक्षण का शुभारंभ किया विधालय चेयरमैन बीरेंद्र नारियल ब प्रधानाचार्य राकेश राणा ने उन्हें समृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक मौजूद रहे।

महाकाल मंदिर में जुटी भक्तों की भीड़

बैजनाथ। भाद्रपद महीने के अंतिम शनिवार मेले में महाकाल मंदिर में सबसे अधिक भीड़ रही। मंदिर में सुबह 4 बजे से श्रद्धालुओं की भीड़ जुटना शुरू हो गई थी और देर रात तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। मंदिर के पुजारी पंडित राम शर्मा ने बताया कि महाकाल मंदिर में पांचवें शनिवार को काफी भीड़ रही। मंदिर के साथ लगते सामुदायिक भवन में भंडारे का भी आयोजन किया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

अरनी विश्वविद्यालय में मनाया हिंदी दिवस

अशोक ठाकुर, इंदौरा

अरनी विश्वविद्यालय में 14 सितंबर को छात्र कल्याण संघ के द्वारा साहित्य क्लब, हिंदी विभाग के सहयोग से हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. विवेक सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में समारोह का उद्घाटन किया तथा अपने प्रोत्साहित शब्दों द्वारा छात्र-छात्राओं को हिंदी के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि 14 सितंबर, 1949 के दिन हिंदी को राजभाषा का दर्जा मिला था, तब से हर साल यह दिन हिंदी दिवस के तौर पर मनाया जाता है। भारत में सैकड़ों भाषाएं और बोलियां बोली जाती है, लेकिन भारत की कौन सी राष्ट्रभाषा चुनी जाए, यह मुद्दा काफी अहम था। काफी सोच विचार के बाद हिंदी को एक राष्ट्रीय भाषा चुना गया। हमें अपनी संस्कृति को बरकरार रखना चाहिए, जो हमें देशभक्ति की भावना को प्रेरित करती है। इस अवसर पर हिंदी दिवस निबंध लेखन, हिंदी कविता पाठ, हिंदी नारा लेखन, हिंदी भाषण जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विवि चांसलर डॉ. विवेक सिंह ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं तथा सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

NOTICE

I, Sapna Devi W/o Sh. Rajeev Koundal R/o Village & P. O. Masroor, Tehsil Haripur Distt Kangra (HP). Declare that I have changed my minor daughter name from Hemakshi Koundal to Ruhani Koundal. Concerned please note.

हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग मंडल पालमपुर
की तरफ से
इंजीनियरिंग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



विनीत शर्मा
अधिशाषी अभियंता
हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग
मंडल पालमपुर



अभय कोहली
सहयाक अभियंता
हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग
उपमंडल गोपालपुर (मंडल पालमपुर)

न्यूज ब्रीफ

घलजंडी मंदिर में गणेश उत्सव संध्या आयोजित

अतुल, सुजानपुर। घलजंडी माता मंदिर परिसर में गणेश उत्सव संध्या का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा उपस्थित रहे। डॉ. डोगरा ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की और गणेश जी की महिमा का गुणगान किया। इस धार्मिक संध्या में हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध भजन गायक धीरज शर्मा ने अपनी मधुर आवाज से सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। धीरज शर्मा ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी, जिनमें 'जय गणेश देवा' और 'हे गणपति बप्पा मोरया' जैसे प्रसिद्ध भजन शामिल थे। डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने कहा, 'गणेश उत्सव हमारी संस्कृति और आध्यात्मिक धरोहर का प्रतीक है, जो हमें एकता, समर्पण और सद्भाव की प्रेरणा देता है।' उन्होंने मंदिर समिति और आयोजकों को इस सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी। इस अवसर पर निस्वार्थ भाव सेवा संगठन के वाइस प्रेजिडेंट निशांत शामा, अरुण ठाकुर, राजीव शामा और अभिषेक चौधरी ने सहयोग दिया। (अनंत ज्ञान)

कुपोषण से बचने के लिए पौष्टिक आहार जरूरी

अनंत ज्ञान, भोरंज। बाल विकास परियोजना भोरंज के अधीन आने वाले आंगनबाड़ी केंद्र सुंगरवाड़ में पोषण माह के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोज कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में महिलाओं को कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। सरोज कुमारी ने कहा कि पर्याप्त मात्रा में पौष्टिक आहार के अभाव में बच्चों का शारीरिक विकास प्रभावित होता है, ऐसे में कुपोषण से बचने के लिए पौष्टिक व संतुलित आहार बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सहायिका निशा शर्मा, उषा देवी, सीमा देवी, मीनाक्षी, मोना शर्मा, पानो देवी, पूजा शर्मा, एंजेल, गोल्डी, उर्मिला देवी, कुसुम लता, कौशल्या देवी, कमला देवी, शकुंतला देवी, सुलोचना देवी, कश्मीरा देवी, शनवी, अनन्या और अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

धनेटा कॉलेज में हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। राजकीय महाविद्यालय धनेटा में हिंदी दिवस का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई रोवर्स और रेंजर्स रेड रिबन क्लब तथा एक क्लब के सौजन्य से किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. ज्ञानचंद राणा, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय धनेटा ने शिरकत की। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि को सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मुख्यतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक भारतीय हिंदी का प्रयोग करने पर गर्व महसूस करता है। डॉ. प्रीतम चंद, सहायक आचार्य हिंदी ने हिंदी की वर्तमान दशा और दिशा के बारे में अपने विचार व्यक्त किए।

महिला स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। राज राजेश्वरी महाविद्यालय भोटा में महिला स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की रिसोर्स पर्सन सलोचना ठाकुर रहीं। उन्होंने बीएड व डीएलएड की छात्राओं को स्वयं की स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि स्वच्छ रहकर हम बहुत सारी बीमारियों से निजात पा सकते हैं। महिलाओं के लिए स्वच्छ रहना अति आवश्यक है। छात्राओं ने उनको बहुत ही ध्यानपूर्वक सुना तथा स्वास्थ्य से संबंधित सवाल भी पूछे। सहायक प्रो. सुनील कुमार ने उनका धन्यवाद किया व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

नारा लेखन में भगत सिंह सदन प्रथम

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर नारा लेखन प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें बीएड, डीएलएड और बीए के छह सदनों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर भगत सिंह सदन, द्वितीय स्थान पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन सदन व तृतीय स्थान पर अटल बिहारी वाजपेयी सदन रहे। इस कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्रों को कार्यकारी प्राचार्य सुनील कुमार ने बधाई दी। इस कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंधन कमेटी के सचिव कुलबीर सिंह ठाकुर विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

संचिता का राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन

अनंत ज्ञान, टौणी देवी। अंडर 14 जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता जो कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अमरोह मे संपन्न हुई। इसमें डीएवी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल दरकोटी (टौणी देवी) की सातवीं क्लास की छात्रा संचिता ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया व उसका राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में चयन हुआ। इस उपलब्धि पर पाठशाला के प्रधानाचार्य एमएस डोगरा ने संचिता को बधाई दी व राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही शिक्षिका रितु बाला, सीमा कुमारी को उनके योगदान के लिए बधाई दी।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 1774 केसों का निपटारा

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। अदालतों में लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए शनिवार को जिला हमीरपुर के तीन न्यायिक परिसरों हमीरपुर, नादौन और बड़सर में राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई गई। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 1774 केसों का निपटारा किया गया। इन केसों में 2.53 करोड़ रुपए से अधिक की राशि वसूली गई। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव असलम बेग ने बताया कि लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत एक बहुत ही अच्छा माध्यम है। समय-समय पर राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई जाती है। लोगों को इसका लाभ उठाना चाहिए।

विहिप द्वारा आयोजित सांकेतिक बंद को जिले के सभी व्यापारियों का मिला समर्थन, बोले-

डटकर करेंगे अवैध अतिक्रमण का सामना

अनिल कुमार, हमीरपुर

हिमाचल प्रदेश में जिहादी मानसिकता के लोगों द्वारा किया जा रहा अवैध अतिक्रमण और कानून व्यवस्था की विकृति स्थिति के विरोध में देवभूमि संघर्ष समिति के समर्थन में विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित सांकेतिक बंद को हमीरपुर जिले के सभी प्रमुख बाजारों में व्यापारियों द्वारा भरपूर समर्थन दिया गया।

विश्व हिंदू परिषद हिमाचल प्रांत के सह मंत्री पंकज भारतीय ने हमीरपुर जिले के सभी व्यापारियों और सभी व्यापार मंडलों का आभार और धन्यवाद प्रकट किया है, जिन्होंने संगठन की शार्ट नोटिस पर दी गई कॉल का भरपूर समर्थन किया। हमीरपुर के गांधी चौक पर व्यापारियों को संबोधित करते हुए पंकज भारतीय ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों विशेष कर पिछले दिनों शिमला, मंडी में हुए घटनाक्रम से पूरा प्रदेश स्तब्ध है। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से हो रहे अतिक्रमण से जेहादी मानसिकता वाले अपने मंसूबे बिलकुल साफ कर रहे हैं। विभिन्न शहरों, गांव की गली मोहल्ले में घूमने वाले अवैध व्यापारी जिनकी प्रमाणिकता संदिग्ध है, संपूर्ण व्यापार जगत के लिए चुनौती बने हुए हैं।

उन्होंने कहा कि जहां एक और व्यापारी अपनी पूंजी लगाकर केंद्र व प्रदेश सरकारों के लिए टैक्स के माध्यम से धनोपार्जन कर रहा है, वहीं अवैध व्यापारी सरकार को टैक्स का

विश्व हिंदू परिषद के आह्वान पर हमीरपुर जिले में ऐसे ही सभी बाजार बंद रहे।

चूना लगा रहे हैं। उन्होंने कहा इस बात की भी पूर्ण संभावना है प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बढ़ रहे अपराधिक घटनाओं में भी इन लोगों का हाथ हो सकता है।

उन्होंने प्रदेश सरकार, प्रदेश प्रशासन, पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि बहार से आने वाले इन सभी व्यक्तियों का पंजीकरण पूरी तरह से चेक हो, जिस क्षेत्र से यह आए हैं वहां से उनकी प्रॉपर वेरीफिकेशन हो क्योंकि आसपास के प्रदेशों में अपराधी घटना कर यह लोग हमारे शांत प्रदेश का वातावरण भी बिगाड़ने में जुटे हुए हैं। उन्होंने इस अवसर पर समस्त व्यापारियों से आह्वान किया कि वह इनका पूरी तरह से आर्थिक बहिष्कार करें। बिना वेरीफिकेशन के किसी को भी मकान या दुकान किराये पर नहीं दी जानी चाहिए। इस अवसर पर प्रदेश एफएमसीजी के महासचिव और हमीरपुर व्यापार मंडल के महासचिव राजेंद्र सोनी ने कहा कि व्यापारी इस सारे घटनाक्रम से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल हमीरपुर में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर परिषद हमीरपुर और आबकारी एवं कराधान विभाग के साथ मिलकर ऐसे सभी संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है जो अवैध तरीके से व्यापार करने के बहाने जहां सरकार को राजस्व का नुकसान कर रहे हैं, वहीं धर्म की भी हानि कर रहे हैं।

इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनिल सोनी, विश्व हिंदू परिषद हमीरपुर जिला के संरक्षक नरेश कपिल, धर्म प्रसार प्रमुख कमलेश मिश्रा, प्रखंड सह मंत्री अश्विनी कुमार, प्रमुख व्यापारी सुशील सोनी, सुरेश हांडा, हरीश शर्मा, सुमित ठाकुर, अजय वर्मा, विजय वर्मा, सुनील वर्मा, सनी वर्मा, जसवंत सिंह सहित भारी संख्या में शहर के गणमान्य व्यापारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

आतंकी मुठभेड़ में शहीद हुए सिपाही अरविंद की आज सुबह होगी अंत्येष्टि

जिला प्रशासन रहेगा मौजूद, हमीरपुर के हथोल गांव में शोक की लहर

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

हमीरपुर जिले के हथोल गांव के सिपाही अरविंद सिंह (27) जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ इलाके के छात्रू में शहीद हो गए हैं। आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में अरविंद के अलावा एक अन्य सिपाही भी शहीद हुआ है। अरविंद के शहीद होने की सूचना मिलते ही पैतृक गांव में मातम छा गया है।

शहीद अरविंद का फाइल फोटो

छात्रू इलाके में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना के कुल दो जवान शहीद हो गए। इसके अलावा मुठभेड़ में दो अन्य गंभीर घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर उधमपुर के कमान अस्पताल पहुंचाया गया है। बलिदानी जवानों की पहचान व्हाइट नाइट कोर के नायब सूबेदार विपिन कुमार व सिपाही अरविंद सिंह के रूप में हुई है। अरविंद हमीरपुर जिला के हथोल गांव का निवासी है। धनेटा के साथ लगने वाले इस इलाके में यह सूचना मिलते ही शोक की लहर छा गई है।

शहीद का पार्थिव शरीर शनिवार शाम तक पालमपुर पहुंचेगा और राजकीय सम्मान के साथ रविवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। डीसी अमरजीत सिंह ने कहा कि दुख की इस घड़ी में प्रशासन और सरकार अरविंद के परिवार के साथ है। अंतिम संस्कार में पूरा जिला प्रशासन शिरकत करेगा। उधर, एसपी राजेश कुमार ने बताया कि पार्थिव शरीर कल सुबह ही घर पहुंचेगा। (अनंत ज्ञान)

परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

अरविंद के शहीद होने की सूचना मिलते ही पैतृक गांव में मातम छा गया है। बेटे की शहादत की सूचना पाकर माता बेसुध हैं। पत्नी पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। अरविंद का सवा साल का बेटा भी है, जिसने अभी तक पिता का सही से चेहरा भी नहीं देखा है, अब उसके सिर से पिता का साया उठ गया है। अरविंद के पिता राजेंद्र सिंह भी सेना से ही रिटायर हुए हैं। शाहिद 2017 में भर्ती हुआ था और काफी समय पहले घर आया था।

शहादत की खबर मिलने के बाद घर में चूल्हा तक नहीं जला है। आसपास के लोग भी परिजनों को सांत्वना देने के लिए इकट्ठा हो गए हैं। परिजन नम आंखों से बलिदानी जवान की पार्थिव देह का इंतजार कर रहे हैं। अरविंद का छोटा भाई भी भारतीय सेना में ही सेवाएं दे रहा है। जैसे ही भाई के बलिदान की खबर मिली, वह तुरंत घर आ गया। शहीद के दादा भी भारतीय सेना में ही थे।

बफड़ी पंचायत में बढ़ रहे डायरिया के मामले, विभाग ने लिए पानी के सैंपल

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

ग्राम पंचायत बफड़ी में पिछले तीन दिन से डायरिया से ग्रसित मरीज आ रहे हैं। शनिवार को इन मरीजों की संख्या 29 हो गई है। इन मरीजों का आयुर्वेदिक अस्पताल लंबलू में उपचार किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को भी 12 मरीज डायरिया के आए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शनिवार को भी पानी के सैंपल लिए हैं।

डायरिया के मरीजों में उल्टी, दस्त और बुखार के लक्षण हैं, जिन्हें पानी को उबाल कर पीने की सलाह दी जा रही है। बता दें कि चार महीने पहले भी इसी पंचायत में डायरिया फैला था और डायरिया के मरीजों का इलाज अस्पताल में किया गया था। हैरानी की बात है कि चार महीने बाद फिर से डायरिया के मरीज आना शुरू हो गए हैं। जितने भी मरीज आए हैं, उन सबके घरों सुजानपुर से आने वाली पेयजल योजना से पानी की सप्लाई होती है। बताया जा रहा है कि जल शक्ति विभाग के अधिकारियों ने भी गांवों का दौरा किया और खातरी से सैंपल लिए हैं। स्वास्थ्य विभाग और जल शक्ति विभाग द्वारा लिए गए पानी के सैंपलों की रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि पानी में खराबी है या किसी और वजह से डायरिया फैल रहा है।

इस बारे में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पिछले दो दिन में पानी के 4 सैंपल लिए हैं। अभी तक कुल 29 मरीज डायरिया के आए थे, इनमें से 8 मरीज रिकवर भी हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि दूषित या खराब पानी पीने से ही यह लोग डायरिया से ग्रसित हुए हैं।

हिमाचल में रहना है तो यहां के नियमों का पालन जरूरी, नहीं तो आंदोलन होंगे तेज : हिंदू संगठन

एसके ठाकुर, बड़सर। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में मस्जिद विवाद को लेकर हिंदू संगठनों पर की गई पुलिस कार्रवाई के विरोध में बिझड़ी बाजार दोपहर 12 बजे तक बंद रखा गया। इसी के विरोध में हिंदू संगठनों ने बाजार कमेटी के प्रधान रंजीत वर्वी की अध्यक्षता में कुआं चौक से लेकर विश्राम गृह तक आक्रोश रैली निकालकर विरोध-प्रदर्शन किया। आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए समाजसेवी संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि शिमला में जो कुछ हुआ, इसके पीछे प्रदेश सरकार का ढुलमुल रवैया रहा है। जब कभी हिंदू अपने हक की बात करते हैं, तो उनके ऊपर पुलिस बर्बरता पूर्ण कार्रवाई करती है, जिसे सहन नहीं किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश में जो आज माहौल बना है, उसकी जिम्मेदार प्रदेश सरकार और शिमला प्रशासन है। इसी के साथ बिझड़ी पंचायत के प्रधान संजय शर्मा ने भी आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए कहा कि जो लोग हिंदू धर्म, हिंदू संस्कृति, हिंदू रीति-रिवाज को ठेस पहुंचाते हैं, वे लोग कभी हिंदुस्तान के नहीं हो सकते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कानून बनना चाहिए, जिससे प्रदेश और देश सुरक्षित हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि किसी विशेष समुदाय के लोगों के कानून में कई खामियां हैं, अगर सबके लिए एक कानून होगा तो क्राइम भी कम होंगे, साथ में देश-प्रदेश खुशहाल होंगे। (अनंत ज्ञान)

हिमाचल बंद के चलते भरेड़ी बाजार 9 से एक बजे तक रहा बंद, व्यापारियों ने की नारेबाजी

भोरंज। उपमंडल भोरंज के प्रसिद्ध कस्बे भरेड़ी में हिमाचल बंद के समर्थन में सुबह 9 से एक बजे तक बाजार बंद रखा व हिमाचल बंद के समर्थन में नारेबाजी की। व्यापार मंडल प्रधान राजेश शर्मा ने कहा बाहरी राज्यों के घुमंतू व्यापारियों को बिना पहचान पत्र घूमने व सामान बेचने पर बरख्श नहीं जाएगा। इस मौके पर व्यापार मंडल प्रधान राजेश शर्मा, उपप्रधान दीप चंद, दिनेश भाटिया, दीपक कुमार, विक्की शर्मा सहित सभी दुकानदार शामिल थे।

हिंदुओं के समर्थन में टौणी देवी बाजार रहा बंद

टौणी देवी, विश्व हिंदू परिषद के आह्वान पर व्यापार मंडल व हिंदू एकता मंच ने वक्फ बोर्ड द्वारा अधिकृत कब्जे के विरोध में बंद का पूर्ण समर्थन किया और दोपहर 12 बजे तक सभी व्यापारिक संस्थान बंद रखे। आज व्यापारियों की एकता तब देखने को मिली जब दूध, सब्जी की दुकानों के साथ मेडिकल स्टोर भी बंद दिखे। वहीं, नादौन में बंद का मिलाजुला असर दिखा।

नंबरदारों की बैठक में उठे कई सवाल, समस्याओं पर मंथन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंसूही (हमीरपुर)

जिला के नंबरदारों की मंसूही गांव में बैठक हुई। इसमें कई मसलों पर चर्चा हुई। संगठन को मजबूत करने के अलावा जुड़ी हुई समस्याओं का भी नंबरदारों ने आपस में मिल बैठकर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करके इनका निवारण करवाने का संकल्प लिया है।

पटवारी नवंबर माह तक हर हाल में दिया करें नंबरदारों को 'मालिया वसूली' का ब्योरा

बैठक में बलवीर सिंह को जिला का संयोजक बनाया गया है। बैठक में सोलन जिले से ताल्लुक रखने वाले भीम सिंह भी विशेष रूप में मौजूद रहे, व्हाट्सएप ब्लॉक इकाई का भी गठन किया गया। इसमें कड़ाई के प्रकाश चंद को अध्यक्ष बनाया गया, जबकि हार

बैठक में हिस्सा लेते नंबरदार।

गांव से सुरेश कुमार को सचिव और ज्योली देवी के कोषाध्यक्ष के रूप में राजकुमार की तैनाती की गई है।

महारल के नंबरदार शिव सिंह ढटवालिया को मुख्य सलाहकार बनाया गया है। बैठक के बाद जिला संयोजक ने बताया कि नंबरदारों को मालिया इकट्ठा करने में इसलिए दिक्कत आ रही है, क्योंकि हर साल नवंबर माह के अंत तक उनके क्षेत्र के पटवारी को संबंधित ब्योरा दे देना चाहिए, जो पिछले 20 साल से नहीं दिया जा रहा है। यह किश्तबंदी बनाकर नंबरदारों को देना चाहिए। इसके अलावा 25 कनाल से कम भूमि वाले लोगों के लिए पहले के नियम के मुताबिक अब स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए क्योंकि किसी वक्त ऐसी स्थिति वाले लोगों को माफ कर दिया गया था।

उन्होंने बताया कि मालिया वसूली में 'डालबाछ' जिसे संबंधित पटवारी को तैयार करना चाहिए जिसमें मलिक का नाम और मालिया कितना वसूला जाएगा, इसका बुरा रहता है। कारण यह है कि कई भूमि मालिक स्वर्गवास हो चुके हैं और उनकी भूमि आगे कई हिस्सों में बंट गई है, इसलिए मालिया बसूली में दिक्कत आ रही है। बैठक में 50 से ज्यादा नंबरदारों ने हिस्सा लिया। बैठक में यह भी कहा गया कि जिला अध्यक्ष सरदीप ठाकुर के नेतृत्व में अगली बैठक जिला में बुलाई जाएगी और उसे वक्त और मुद्दों पर भी चर्चा होगी।

राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता और उठाए जा रहे मुद्दों से भाजपा नेतृत्व में घबराहट : कौशल

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले द्वारा राहुल गांधी को लेकर की गई टिप्पणी बीमार मानसिकता का परिणाम है। प्रदेश कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि भाजपा में कुंठित और मनोरोग से ग्रस्त नेताओं की एक जमात को मात्र राहुल गांधी को गालियां निकालने और उनके प्रति अभद्र टिप्पणियां करने का ही कार्यभार सौंपा गया है, जिसके चलते ऐसे नेता आए दिन भाषा की मर्यादा को तार-तार करने का कार्य करते हैं। कौशल ने कहा कि राहुल गांधी अंतरराष्ट्रीय पटल पर देश के व्यथित, गरीब, दलित, आदिवासी, युवाओं, महिलाओं और पिछड़े वर्ग के लोगों की आवाज बुलंद करने वाले नायक के रूप में उभर कर सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि वास्तविकता यह है कि राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता और उनके द्वारा उठाए जा रहे मुद्दों से भाजपा नेतृत्व में घबराहट एवं बेचैनी है। कौशल ने केंद्रीय मंत्री आठवले के कथन पर दुख और रोष व्यक्त करते हुए कहा कि उनके ब्यान से ऐसा लगता है जैसे वह मानसिक अवसाद का शिकार हों।

डीएवी भड़ोली में राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आगाज

अनंत ज्ञान, नादौन

डीएवी भड़ोली में लड़के एवं लड़कियों के लिए अंडर 15 एवं अंडर 9 के लिए चैंपियनशिप का विधिवत आगाज हुआ है। हिमाचल प्रदेश स्टेट चैस एसोसिएशन के वाइस प्रेजिडेंट अमित शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

इस अवसर पर डीएवी भड़ोली नादौन के प्रिंसिपल सुरजीत राणा व विकास धीमान भी उपस्थित रहे। हिमाचल प्रदेश स्टेट चैस एसोसिएशन द्वारा हमीर चैस एसोसिएशन एवं चैसलॉजी चैस अकादमी के सौजन्य से करवाई जा रही इस प्रतियोगिता में मंडी, शिमला, सोलन, सिरमौर, कांगड़ा और बिलासपुर से 100 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि दो दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में अंडर - 15 श्रेणी में 25 लड़कियां 30 लड़के और अंडर - 9 की श्रेणी में 25 लड़कियां और 25 लड़के भाग ले रहे हैं।

इस प्रतियोगिता में अंडर-15 एवं अंडर -9 की दोनों श्रेणियां के दो-दो विजेताओं को राष्ट्रीय

चेस प्रतियोगिता के शुभारंभ पर मौजूद गणमान्य व खिलाड़ी।

श्रेणी में 25 प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इस मौके पर चीफ आर्बिटर कृष्ण चंद, टूर्नामेंट डायरेक्टर सरिका ठाकुर, डिप्टी चीफ आर्बिटर दिशा एवं आर्बिटर नैंसी पटियाल भी उपस्थित रहे।

सीपीयू के छात्रों को प्रतिमाह 60 से 70 हजार सैलरी पाने का अवसर

हमीरपुर। करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में स्ट्रेटेजीज कंपनी छात्रों की प्लेसमेंट के लिए 16 व 17 सितंबर को विश्वविद्यालय में आ रही हैं।

विवि के कुलसचिव गुलशन संधू ने बताया कि स्ट्रेटेजीज कंपनी में छात्रों को इंटर्नशिप व नौकरी करने का मौका मिलेगा। इसमें छात्रों को नौकरी करने के बेहतर अवसर मिलेंगे। बीटेक, एमटेक. बीसीए, एमसीए, बीबीए, बीकॉम व एमबीए के छात्रों को कंपनी द्वारा 60 से 70 हजार रुपए हर माह दिया जाएगा। छात्रों को कंपनी के समक्ष लिखित परीक्षा व साक्षात्कार देने का अवसर मिलेगा।

श्रीराम क्लब बड़ा की ओर से 17 सितंबर को निभाई जाएगी झंडा रस्म

वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा। उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के प्रसिद्ध राम मंदिर में श्रीराम क्लब बड़ा द्वारा शरद नवरात्रों के दौरान मंचित की जाने वाली रामलीला के उपलक्ष्य में झंडा रस्म 17 सितंबर को शाम पांच बजे वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ निभाई जाएगी। श्रीराम क्लब बड़ा के सह निदेशक अजय शर्मा ने बताया कि श्रीराम क्लब बड़ा द्वारा 3 अक्तूबर से मंचित की जाने वाली रामलीलाओं की रिहर्सल 17 सितंबर से शुरू हो जाएगी और हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीराम क्लब द्वारा रामनवमी एवं दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया जाएगी। झांकियां मेले में मुख्य आकर्षण का केंद्र होंगी। अजय शर्मा ने बताया कि श्रीराम क्लब बड़ा शरद नवरात्रों में अपने रामलीला मंचन के लिए इस बर्ष 53वें वर्ष में प्रवेश करेगा। उन्होंने क्लब के सभी सदस्यों एवं क्षेत्रवासियों से इस आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया है।

स्वच्छता ही सेवा है अभियान के अंतर्गत पंचायत प्रतिनिधियों ने ली शपथ

अनंत ज्ञान, भरेड़ी। स्वच्छता ही सेवा है अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत जाहू, धमरोल के पंचायत प्रतिनिधियों, महिला मंडलों व अन्य लोगों द्वारा शपथ ली गई कि हम अपने घरों के नजदीक साफ-सफाई का ध्यान रखेंगे व कूड़ा-कर्कट इधर-उधर नहीं गिराएंगे। यह शपथ प्रधान जाहू अनुराधा शर्मा और धमरोल पंचायत की प्रधान बिना कुमारी के द्वारा दिलाई गई। महिला मंडल पली की प्रधान पुष्पा देवी, महिला मंडल धमरोल की प्रधान इंदिरा देवी, गायत्री देवी, विमला देवी, सीमा देवी, आशा देवी, ज्ञानोदय देवी, सुजाता देवी, कौशल्या देवी और सपना चंदा रानी ने भी स्वच्छता ही सेवा है सफाई अभियान की शपथ ली।

उत्सव तरक्वाड़ी में सायर उत्सव के दौरान विधायक ने की अपील, घोषणाएं भी कीं

भोरंज को नगर पंचायत बनाने के लिए करें सहयोग : सुरेश

अनंत ज्ञान, भोरंज

विधायक सुरेश कुमार ने कहा है कि उपमंडल मुख्यालय भोरंज को एक शहर का रूप देने और यहां सभी आधुनिक सुविधाओं का प्रावधान करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में भोरंज को नगर पंचायत का दर्जा प्रदान करने के लिए विस्तृत प्रारूप तैयार किया जा रहा है। इसके क्रियान्वयन के लिए स्थानीय निवासियों के सहयोग की भी आवश्यकता रहेगी।

शनिवार को तरक्काड़ी में भोरंज कला एवं खेल मंच द्वारा आयोजित सायर उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए सुरेश कुमार ने कहा कि भोरंज को एक आदर्श उपमंडल मुख्यालय के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां अस्पताल भवन और लाइब्रेरी के विस्तार,

भोरंज कला एवं खेल मंच द्वारा आयोजित सायर उत्सव में मुख्यातिथि व अन्य।

स्टेडियम के निर्माण, सम्मू ताल में बस स्टैंड का निर्माण और सम्मू ताल के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण जैसे बड़े प्रोजेक्टों पर कार्य किया जा रहा है। इससे यह क्षेत्र एक पर्यटक स्थल के रूप में अपनी पहचान बनाएगा।

विधायक ने बताया कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों को अलग-अलग तहसीलों एवं ब्लॉकों के बजाय एक ही प्रशासनिक इकाई में शामिल करने की संभावनाएं भी तलाशी जा रही हैं, ताकि विकास कार्यों को बेहतर ढंग से अंजाम दिया जा सके। सायर उत्सव के आयोजन के लिए भोरंज कला एवं खेल मंच और मानिल म्यूजिक अकादमी की सराहना करते हुए सुरेश कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से हमारी समृद्ध लोक संस्कृति का संरक्षण होता है। उन्होंने तरक्काड़ी में सुलभ शौचालय के लिए 10 लाख रुपए, सम्मू ताल में मोक्षधाम के निर्माण के लिए 15 लाख रुपए और सायर उत्सव आयोजन समिति को 21 हजार रुपए देने की घोषणा भी की। इससे पहले उन्होंने दीप प्रज्वलन के साथ सायर उत्सव का शुभारंभ किया।

इस दौरानमहिला मंडल सम्मू की महिलाओं ने पोषण माह के तहत पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई। स्थानीय पंचायत प्रधान पूजा देवी ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया, एसडीएम संजय स्वरूप, भोरंज कला एवं खेल मंच के अध्यक्ष कुलदीप डोगरा, महासचिव एडवोकेट दिनेश संधू और गुलशन संधू सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

हिंदी दिवस पर भाषण, कविता प्रतियोगिता आयोजित

नादौन। डीडीएम साईं कॉलेज आफ एजुकेशन कललर जलाइ में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर भाषण व कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें डीएलएड व बीएड के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय अनिवार्यता के रूप में हिंदी का गिरता हुआ स्तर रहा। इस प्रतियोगिता के माध्यम से प्रशिक्षुओं में हिंदी भाषा तथा हिंदी का गिरता हुआ स्तर रहा। इस अवसर पर कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी राजेश कपिल, प्रिंसीपलन ओपी भारद्वाज तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

न्यूज ब्रीफ

जल शक्ति विभाग तीसा देगा युवाओं को रोजगार

आजम डार, चुराह। चुराह विस क्षेत्र के अंतर्गत जल शक्ति विभाग तीसा में बेरोजगार युवाओं के साक्षात्कार 20 सितम्बर से शुरू हो रहे हैं हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा पैरा वर्कर को रोजगार देने के लिए भर्ती की जा रही है ऐसे में जल शक्ति विभाग तीसा में युवाओं ने 20 पोस्टों के लिए आवेदन किए हैं जंहा पैराफिटर में 226 युवाओं ने और एमपी डब्ल्यू 1035 में और 228 पैरा ऑपरेटर में युवाओं ने आवेदन किए हैं। वहीं जल शक्ति विभाग के अभिशाषि अभियंता केवल शर्मा का कहना है की जल शक्ति विभाग मंडल तीसा में कुल 20 पोस्ट स्वीकृति की हैं जिसमें 6 पोस्ट पंप ऑपरेटर 3 पैराफिटर और 11 मल्टीपर्सस वर्कर की है जिनके साक्षात्कार 20 सितम्बर से शुरू किए जाएंगे।

हिंदी दिवस पर करवाई प्रतियोगिताएं

अनंत ज्ञान, शिमला। हिंदी दिवस के अवसर पर, राजकीय महाविद्यालय नेरवा में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, भाषण, निबंध, नारा लेखन, और कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. हरबंस लाल शर्मा ने छात्रों को हिंदी दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि इस खास अवसर पर सभी छात्रों ने उपरोक्त विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी सर्जनात्मकता, रचना कौशल व अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि कि हमारी हिंदी भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय एकता व अखंडता, तथा सांस्कृतिक धरोहर का भी प्रतीक है। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. वीरेंदर ठाकुर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कविता वाचन, भाषण व निबंध तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेकर न केवल अपनी प्रतिभा को प्रकट किया बल्कि हिंदी भाषा की सुंदरता व गहराई को भी सबके सामने लाया है।

मंडी की युवती से शिमला में किया दुष्कर्म

अनंत ज्ञान, शिमला। मंडी की युवती को शादी का झांसा देकर शिमला में दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। शिमला से पहले भी युवक काफी समय से शादी के बहाने युवती का यौन शोषण कर रहा था, लेकिन अब जब वह शादी करने से मुकरा तो पीड़िता ने उसकी पुलिस में शिकायत कर दी। पीड़िता ने आरोपी पर धमकाने का भी आरोप लगाया है। शिमला के महिला पुलिस थाना में आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म व धमकाने की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता मंडी जिला की मूल निवासी है। आरोपी भी इसी जिले का है और शिमला में नौकरी करता है। वह शिमला शहर में किराए के कमरे में रह रहा है। पीड़िता द्वार दी गई शिकायत के मुताबिक इसके बाद आरोपी का व्यवहार उसके प्रति बदलने लगा और उसने शादी करने से इंकार कर दिया। आरोपी द्वारा पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी गई। आरोपी शशिकांत के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

नर्सिंग संस्थान व हॉस्टल को दिए दो वाटर प्यूरीफायर

अनिल शर्मा, मंडी। समाजसेवी संस्था सेवा भारती मंडी ने नर्सिंग संस्थान व गर्ल्स नर्सिंग हॉस्टल में 26 हजार की लागत से दो वाटर प्यूरीफायर स्थापित किए ताकि इन संस्थानों में प्रशिक्षण ले रहे व रह रहे प्रशिक्षुओं को साफ सुथरा पीने लायक पानी उपलब्ध हो सके। सेवा भारती मंडी के सचिव डॉ देवेंद्र ठाकुर ने बताया कि सेवा भारती जो मुख्य रूप से मरीजों के इलाज व बच्चों की शिक्षा पर काम करती है समय समय पर अस्पताल प्रशासन की मांग पर विभिन्न जरूरतों को पूरा करने का भी काम करती है। इस मौके पर सेवा भारती मीडिया प्रभारी अनिल गुप्ता, अमर चंद तथा राज बहल भी मौजूद रहे।

राजभाषा हिंदी आषायी प्रतियोगिता समारोह दिवस

सुन्नी। अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में आज हिंदी भाषा विभाग द्वारा राजभाषा हिंदी भाषायी प्रतियोगिता समारोह दिवस मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र मेहता रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि ने किया। हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डालिम कुमार ने मुख्यातिथि, विशिष्ट अतिथि एवं उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों एवं छात्रों का अभिनंदन स्वागत किया।

प्रकाश चंद बने विश्वकर्मी विकास सभा गोपालपुर के अध्यक्ष

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। उपमंडल सरकाघाट की हिमाचल प्रदेश विश्वकर्मी विकास सभा खंड इकाई गोपालपुर की बैठक भाबला में अंबेडकर भवन बतैल के सभागार के आयोजित की गई। इस बैठक में विश्वकर्मी विकास सभा खंड गोपालपुर की पुरानी कार्यकारिणी को भंग करके नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।इस चुनावी प्रक्रिया को चुनाव अधिकारी एवं कार्यालय प्रदेश सचिव चमन लाल धीमान और सह-चुनाव अधिकारी लेख राज सकलानी और महामंत्री प्रदेश इकाई आनंद की अध्यक्षता में सम्पन्न किया गया। जिसमे प्रकाश चंद को सर्वसहमति से विश्वकर्मी विकास सभा खंड ईकाई गोपालपुर का अध्यक्ष चुना गया। मिल्खी राम को उपाध्यक्ष, ठाकुर दास को सह-सचिव, पुरुषोत्तम दास को मुख्य सलाहकार, देश राज को उप-उपाध्यक्ष, दीवान चंद को महामंत्री,एडवोकेट राजेंद्र कुमार को कानूनी सलाहकार सर्वसम्मति से चुना गया। प्रकाश चंद ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त कर कहा की दायित्व सौंपा गया है उसे ईमानदारी निभाएंगे।

सांस्कृतिक गतिविधियों का समावेश है छतराड़ी जातर मेला : पठानिया

ओपी शर्मा, चंबा

हिमाचल प्रदेश विधानसभा में उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने आज मां शिव-शक्ति के छतराड़ी स्थित ऐतिहासिक मंदिर परिसर में आयोजित जिला स्तरीय जात्र मेले में भाग लिया।

केवल सिंह पठानिया ने इस दौरान पारंपरिक गद्दी वेशभूषा चोला-डोला पहनकर मां शिवशक्ति मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने इस अवसर पर लोक परंपरा के अनुसार शहनाई-ढोल- नगारे की मधुर स्वर लहरियों के बीच स्थानीय लोगों के साथ डंडारस लोकनृत्य में भी भाग लिया । उपमुख्य सचेतक ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को देवभूमि के नाम से जाना जाता है। प्रदेश की उत्कृष्ट लोक-कला एवं संस्कृति की अलग ही पहचान है। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि चंबा जिला के लोगों एवं यहां की स्थानीय वेशभूषा के प्रति उनका खासा लगाव है। यहां के लोगों पर शिव-शक्ति का विशेष आशीर्वाद है। केवल सिंह पठानिया ने इस दौरान यात्रा मेले में भाग लेने वाले लोकनाट्य दलों के 200 से अधिक प्रतिभागियों को इलेक्ट्रिक कैटल भेंट की ।

मंदिर में नतमस्तक होते पठानिया व (दाएं) पारंपरिक नृत्य करते हुए।

एक स्तंभ पर घूमने का रहस्य समेटे माता शिव-शक्ति को समर्पित ऐतिहासिक छतराड़ी जातर मेला क्षेत्र की पारंपरिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का समावेश करवाते हुए आपसी भाईचारे को दर्शाता है। इस मेले का मुख्य आकर्षण पौराणिक खप्पर बुढ़ा नृत्य (मुखौटा डांस) और पारंपरिक वेशभूषा में एक दूसरे के हाथ पकड़कर किया जाने वाला डंडारस लोकनृत्य रहता है। पारंपरिक चोले-डोरे और लंबी टोपी के ऊपर सजी कलगी के साथ डंडारस लोकनृत्य के उन खूबसूरत लम्हों को देखने के लिए सैकड़ों की तादाद में लोग पहुंचते हैं।

वर्तमान में छतराड़ी जात्र मेले मेले को जिला स्तरीय मेले का दर्जा दिया गया है। मेले के दौरान चार दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसमें प्रमुख बात यह है कि तीन दिन तक दोपहर में आयोजित होने वाले जात्र मेले में पारंपरिक परिधानों से सुसज्जित केवल पुरुष ही लोक नृत्य में भाग लेते हैं । ऐतिहासिक माता शिव शक्ति जातर मेला के दूसरे दिन तेरा मेरा लगन फेम राज जैरी वह भावना जलियाल ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

इस अवसर पर एसड़ीएम चंबा प्रियांशु खाती, सदस्य निदेशक मंडल राज्य पथ परिवहन निगम सुरजीत भरमौरी, राज्य कांग्रेस कमेटी में सचिव दिलदार अली बट्ट, उपनिदेशक कृषि कुलदीप धीमान, उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा ज्ञानचंद सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।(अनंत ज्ञान)

मणिमहेश यात्रा के मास्टर प्लान को रखा जाएगा सीएम के समक्ष : केवल सिंह

लोगों से बातचीत करते हुए केवल सिंह पठानिया।

अनंत ज्ञान, चंबा

हिमाचल प्रदेश विधानसभा में उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा उत्तर भारत की सबसे प्रसिद्ध श्री मणिमहेश यात्रा के स्वरूप को और बढ़ाने के लिए एक विस्तृत मास्टर प्लान तैयार करने को लेकर मामला मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा। वह आज विश्राम गृह छतराड़ी में लोगों की समस्याओं के समाधान को लेकर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

केवल सिंह पठानिया ने कहा कि श्री मणिमहेश यात्रा उत्तरी भारत की सबसे प्रसिद्ध यात्राओं में से एक मानी जाती है। यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या की दृष्टिगत और अधिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए मामले को मुख्यमंत्री के समक्ष रखकर एक विस्तृत मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। जिला चंबा के साथ कांगड़ा जिला को भी मास्टर प्लान का हिस्सा बनाया जाएगा। साथ में उन्होंने कहा कि चूंकि इस वर्ष मणिमहेश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की रिकॉर्ड तोड़ संख्या रही है । ऐसे में श्रद्धालुओं को सभी सुविधाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित बनाया जाना आवश्यक है। उप मुख्य सचेतक ने कहा कि साहसिक,धार्मिक एवं ईको पर्यटन के लिहाज से जिला कांगड़ा-चंबा के साथ लगते कई ऐसे अनछुए पर्यटन स्थल हैं जो विश्व पर्यटन मानचित्र पर अपनी जगह बना सकते हैं।

इस दौरान केवल सिंह पठानिया ने विभिन्न विभागीय कार्यों की समीक्षा करने के पश्चात अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । स्थानीय लोगों की मांग पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्माणाधीन विद्युत परियोजना की भूमि की निशानदेही करने के निर्देश देते हुए उन्होंने लोगों की लंबित भुगतान को भी जल्द उपलब्ध करवाने को कहा ।

मंगला स्कूल में अध्यापकों के पद भरने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान, चंबा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंगला में स्कूल भवन की कमी के कारण विद्यार्थियों को कक्षाएं साइंस लैब में लगानी पड़ रही है। शनिवार को मंगला स्कूल के एसएमसी अध्यक्ष संजय कुमार शर्मा की अगुवाई में एमएलए नीरज नैय्यर को ज्ञापन सौंपी। उन्होंने कहा कि एसडीएम से मौके का निरीक्षण करवाकर जमीन को फाइनल किया जाए।

इस मौके पर उन्होंने बताया कि स्कूल में बीते कुछ समय से शिक्षकों की कमी के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही है। स्कूल में बीते 1 साल से फिजिक्स प्रवक्ता का पद खाली चल रहा है। वहीं हिंदी प्रवक्ता के रिटायर होने के बाद पद को नहीं भरा गया है। मांग करते हुए कहा कि स्कूल की मांगों को पूरा किया जाए ताकि बच्चों की पढ़ाई में बाधा न हो।

स्कूल का निरीक्षण करते हुए एसडीएम।

हॉकी प्रतियोगिता का परितोषक वितरण समारोह आयोजित

चंबा। जिला हॉकी संघ चंबा के द्वारा जिला स्तरीय कन्या अंडर 19 जूनियर तीन दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का परितोषक वितरण समारोह का आयोजन बिजली बोर्ड चंबा के रेस्ट हॉउस में किया गया। इस दौरान चंबा सदर विधायक नीरज नैय्यर ने बतौर मुख्यतिथि के रूप में शिरकत की। हॉकी संघ चंबा के महासचिव मुकेश बेदी ने नीरज नैय्यर को हॉकी संघ की और से स्मृति चिन्ह देकर उनको सम्मानित किया। इस समापन समारोह में कन्या स्कूल चंबा को विजेता और सरकारी स्कूल सिढकुंड को उपविजेता की ट्रॉफी लेकर सम्मानित किया गया।
इस मोके पर सतनाम ग्रोवर, एक्ससीन बिजली बोर्ड परवेश ठाकुर को विशेष अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया।

मणिमहेश यात्रा में एचआरटीसी ने की 56 लाख की कमाई

चंबा। पवित्र मणिमहेश यात्रा के दौरान एचआरटीसी को इस बार 56 लाख रुपए से अधिक आमदनी हुई है। कोरोना काल के बाद ही इस साल निगम ने मणिमहेश यात्रा के दौरान अधिकतर कमाई की है।

हालांकि, चंबा डिपो में बसों की भी कमी चल रही है। बावजूद इसके निगम ने व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास किया। अब यात्रा के खत्म होते की बाहरी डिपो से मंगवाई बसों को भेज दिया गया है

गौरतलब है कि मणिमहेश यात्रा के दौरान चंबा डिपो से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अतिरिक्त बसें चलाई जाती हैं। कम पड़ने पर निगम बाहरी डिपो से बसों की डिमांड भेजता है।

मोनिका निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम

मोनिक को सम्मानित करते हुए विक्रमादित्य।

अनंत ज्ञान, चंबा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ब्रेही की मोनिका कुमारी ने निबंध लेखन में हासिल किया हिमाचल में प्रथम स्थान हासिल किया है। भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा 11 से 14 सितंबर तक गेयटी थियेटर शिमला में राजभाषा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत हिमाचल के 12 जिलों से चयनित होकर आए विद्यार्थियों की विभिन्न प्रतियोगिताए कराई गई, जिसमें निबंध लेखन प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ब्रेही की छात्रा मोनिका कुमारी ने पूरे हिमाचल में प्रथम स्थान हासिल किया।

विद्यालय प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने बताया कि यह तीसरी बार है जब राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ब्रेही के बच्चों ने राज्य स्तर पर जिला चंबा का प्रतिनिधित्व किया है। जिसमें कोई न कोई स्थान हासिल करके सफल प्रतियोगियों में अपना नाम शुमार करवाया है।

चोरों ने शराब के ठेके को बनाया शिकार

सुंदरनगर। शातिरों ने शराब के एक ठेके को अपना शिकार बनाया है। पुलिस थाना सुंदरनगर ने मामले में चोरी का एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।
जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सुंदरनगर ने शिकायतकर्ता राजेश कुमार पुत्र सिंघ राम गांव व डाकघर भोजपुर तहसील सुंदरनगर जिला मंडी वर्तमान मैनेजर अमित इंटरप्राइजेज कंपनी भोजपुर के शिकायत पत्र के आधार पर एफआईआर दर्ज किया है। शिकायतकर्ता अनुसार बीते मंगलवार व बुधवार देर रात किसी अज्ञात आरोपी ने उनकी कंपनी के भरजवाणु स्थित शराब के ठेके में ताला तोड़ कर शराब की पेटियां और सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर चोरी कर ले गए हैं।

जोगिंद्रनगर में अवैध मस्जिद निर्माण पर प्रदर्शन

हिंदू संगठन व व्यापार मंडल जोगिंद्रनगर के द्वारा आक्रोश प्रदर्शन निकालते हुए।

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

शिमला के संजोली क्षेत्र में अवैध मस्जिद निर्माण के विरोध में व्यापार मंडल और हिंदूवादी संगठनों ने शनिवार को शहर में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सुबह 9 से 11 बजे तक अपने व्यापारिक संस्थान बंद रखे और एसडीएम के माध्यम से गृह मंत्री अमित शाह को ज्ञापन भेजा।

ज्ञापन में मस्जिद के अवैध निर्माण और बाहरी लोगों की अनधिकृत उपस्थिति को लेकर चिंता जताई गई है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि मस्जिद का निर्माण नियमों की अनदेखी करते हुए तीन मंजिला कर दिया गया है और बाहरी लोग बिना रिकॉर्ड के मस्जिद में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कारण कई बार शहर में सुरक्षा समस्याएं उत्पन्न हो चुकी हैं, और लव जिहाद के मामलों में भी संलिप्तता का खतरा है।

आंदोलनकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध मस्जिदों और बाहरी घुसपैठियों के खिलाफ त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की जाए ताकि धार्मिक उन्माद और सुरक्षा समस्याओं से बचा जा सके।

मणिमहेश यात्रा में स्वयंसेवी संस्थाओं का योगदान सराहनीय

अनंत ज्ञान, भरमौर

एडीएम कुलवीर को रिपोर्ट सौंपते हुए गणमान्य।

श्री मणिमहेश यात्रा के दौरान इस वर्ष स्वयंसेवी संस्थाओं का स्वास्थ्य के क्षेत्र में योगदान सराहनीय रहा है। इस क्षेत्र में दिल्ली के नेशन राइज एवं नव्या स्पीति हेल्थ केयर संस्थान ने भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर मणिमहेश यात्रियों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं दी। मणिमहेश मेला 2024 के अतिरिक्त इस संस्था ने हिमाचल प्रदेश में फ्री मेडिकल कैंप आयोजित किए हैं।

इस कैंप में 5841 मरीजों को आपातकाल में देखा गया, 16 लोगों को हैलिकॉप्टर के माध्यम से नीचे भरमौर की ओर भेजा गया ताकि उनको ऑक्सीजन की पूर्ति हो सके। रात्रि आपातकालीन सेवा में 1784 मरीजों को चेक किया गया। इस कैंप के प्रभारी शुभम कुमार और इनके साथ सह प्रभारी ललित कुमार मौजूद रहे। उन्होंने अपने इस कार्य की विस्तृत जानकारी एडीएम भरमौर कुलवीर राणा को सौंपी।

वहीं श्री मणिमहेश यात्रा के दौरान एक अन्य स्वयंसेवी संस्था विश्व मानव रूहानी केंद्र ने हजारों की संख्या में यात्रियों को गौरीकुंड में चिकित्सा सहायता प्रदान की। इस में सत्रह चिकित्सा पेशेवरों और स्वयंसेवकों की टीम दो एंबुलेंस गाड़ियों के साथ इस यात्रा में सेवा की। संस्था के संयुक्त सचिव मुकेश कुमार ने बताया कि भरमौर से गौरीकुंड तक 76 दवाइयों के डिब्बे हेलिकॉप्टर के माध्यम से पहुंचाए।

आठ दिनों तक कुल 6530 से अधिक मरीजों को निशुल्क चिकित्सा देखभाल एवं दवाइयां दी गई। एडीएम भरमौर कुलवीर राणा ने भी इन संस्थाओं के महत्वपूर्ण योगदान के लिय आभार जताया। है। उन्होंने ऐसी संस्थाओं को इस यात्रा में अपना महत्वपूर्ण रोल अदा करने के लिय प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसी संस्थाओं की जरूरत हमेशा रहेगी क्योंकि आने वाले समय में इस यात्रा का स्वरूप निश्चित तौर पर बढ़ता ही जाएगा।

सूडोकु 0057

मध्यम

			1					6
7		2		5				9
		4			2	7	5	
5	7				9		1	8
				6				
6	1		3				2	4
	5	1	9			8		
2				8		9		1
9					3			

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु 0056 का हल

1	9	3	2	4	6	5	8	7
4	7	2	5	1	8	3	6	9
6	5	8	7	3	9	1	2	4
3	8	9	4	5	1	2	7	6
2	4	7	6	9	3	8	1	5
5	1	6	8	7	2	4	9	3
8	2	4	9	6	5	7	3	1
7	6	1	3	2	4	9	5	8
9	3	5	1	8	7	6	4	2

अभिलाषी विश्वविद्यालय में मनाया हिंदी दिवस

अनंत ज्ञान, नेरचौक

हिंदी दिवस पर कविता पाठ करते हुए।

अभिलाषी विश्वविद्यालय के शिक्षा बेसिक साइंसेज और ह्यूमैनिटीज संकाय द्वारा हिंदी दिवस मनाया गया। संकाय की समन्वयक डॉ. रीना ने छात्रों का स्वागत किया और हिंदी का भारत की एक आधिकारिक भाषा के रूप में इसके महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कविता पाठ और भाषण जैसे हिंदी से संबंधित गतिविधियों में भाग लेने के लिए सभी को प्रेरित किया। डॉ. अंकिता चौधरी ने संबोधन में हिंदी भाषा के प्रयोग पर बल दिया और छात्रों को सार्वजनिक रूप से बिना हिचकिचाहट के हिंदी बोलने की सलाह दी। संकाय की डीन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी ने छात्रों को बधाई दी और कहा कि भाषा और संस्कृति लोगों को जोड़ने और देश को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अभिलाषी विश्वविद्यालय के प्रबंधन और माननीय कुलपति ने हिंदी भाषा और संस्कृति के प्रचार में संकाय के प्रयासों की सराहना की।

विश्व हिंदू परिषद संगठनात्मक जिला सुंदरनगर ने की बैठक

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

विश्व हिंदू परिषद संगठनात्मक जिला सुंदरनगर की मासिक बैठक श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर बीबीएमबी कॉलोनी में संपन्न हुई। इसमें क्षेत्रीय मंत्री लेखराज राणा व प्रांत सह मंत्री रमेश परमार विशेष रूप से मौजूद रहे।

बैठक में जिला व प्रखंड के दायित्ववान कार्यकर्ताओं सहित मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी की संयोजिका भी मौजूद रहीं। बैठक में प्रांत बैठक के निर्देश अनुसार प्रखंड व खंड स्तर तक परिषद की कार्यकारिणी की समीक्षा तथा उसके सुदृढ़ीकरण की योजना के क्रियान्वयन पर विस्तार से रूपरेखा तैयार की गई।इसके साथ जिला स्तर पर संतों की मार्गदर्शक मंडली पर भी विचार विमर्श किया गया।

बैठक में विभाग मंत्री कृष्ण चंद वर्मा, सह मंत्री देवेंद्र शर्मा, विभाग सेवा प्रमुख पूर्ण चंद चौहान, विभाग मातृशक्ति संयोजिका कांता शर्मा, दुर्गा वाहिनी संयोजिका भावना ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

जनभावनाओं का सम्मान करे सुक्खू सरकार : जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार जनभावना का आदर नहीं कर रही है। लोगों के लोकतांत्रिक प्रदर्शन को बर्बरता से कुचलने का प्रयास कर रही है।

सरकार द्वारा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ अपनाई गई बर्बरता अन्यायपूर्ण हैं। सरकार जनभावनाओं का सम्मान करने के बजाय उन्हें कुचलने पर अमादा है। यह किसी भी सूरत में प्रदेश के हित में नहीं है। सरकार प्रदर्शन कर रहे लोगों से बातचीत कर उन्हें न्याय का भरोसा क्यों नहीं दे रही है। अवैध निर्माण क्या सरकार को इस तरह से मजबूर कर सकता है कि उस पर कार्रवाई के बजाय प्रदेश के लोगों पर लाठियां भांजी जाए और उन्हें वॉटर कैनन से चोटिल करने का काम किया जाए। कांग्रेस नीत सुक्खू सरकार अपने इस तानाशाही रवैये से बाज आए।

जयराम ठाकुर ने कहा कि संजौली के बाद मंडी में भी शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर बलपूर्वक कार्यवाई अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार द्वारा लोगों की जनभावनाओं का अनादर करना दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार से लोग न्याय की आशा करते हैं, लेकिन सरकार बर्बरता से निपटना चाहती है। सरकार की बर्बरता के कारण ही प्रदेश भर में यह प्रदर्शन उग्र होता जा रहा है, हर व्यक्ति संवैधानिक तरीक़े से अपनी नाराजगी जाहिर कर रहा है।

केजरीवाल जेल वाला सीएम, अब बेल वाला सीएम हुआ : महाजन

अनंत ज्ञान, शिमला। भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री को दिए जाने वाले बेल पर अपना वक्तव्य रखा और बताया कि अरविंद केजरीवाल को पूर्ण रूप से राहत नहीं मिली बल्कि सशर्त जमानत दी गई है।

महाजन ने कहा कि जो सीएम किसी फाइल को साइन नहीं कर सकते, दफ्तर नहीं जा सकते, तो उनके लिए बचा ही क्या है? अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद की गरिमा रखते हुए और दिल्ली की जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए अपना इस्तीफा देना चाहिए।

लोक प्रशासन संस्थान हिप्पा को कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन से मिली मान्यता

अनंत ज्ञान, शिमला



जानकारी देते हुए गणमान्य लोग।

हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान हिप्पा ने अपने स्वर्ण जयंती वर्ष में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। 12 और 13 सितंबर, 2024 को भारत सरकार के कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन और राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड फॉर एजुकेशन एंड ट्रेनिंग की एक टीम ने संस्थान का व्यापक मूल्यांकन किया और इसे उत्तम की श्रेणी प्रदान की। यह प्रत्यायन प्रक्रिया उत्कृष्टता के आठ स्तंभों पर आधारित है, जो राष्ट्रीय मानकों को निर्धारित करने के लिए विभिन्न मंत्रालयों और देश भर के प्रशिक्षण संस्थानों में नागरिक सेवाओं के प्रशिक्षण संस्थानों के लिए कई मापदंडों को समाहित करती है।

इस मान्यता के साथ हिप्पा अब देश भर के लगभग 150 मान्यता प्राप्त संस्थानों के विशेष समूह में शामिल हो गया है। इस अवसर पर, महानिदेशक निशा सिंह, आईएएस ने हिप्पा के प्रयासों की सराहना की। संस्थान केंद्र सरकार और अन्य राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों के लिए एवं हिमाचल प्रदेश के अधिकारियों कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण और पुनश्चर्या पाठ्यक्रम भी आयोजित करता है।

अनंत ज्ञान

आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

आज का पंचांग

15 सितंबर, 2024, रविवार

विक्रमी संवत : 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** शुक्ल, **तिथि** द्वादशी : (6:14): **नक्षत्र** श्रवण (06:50), **पक्ष :** शुक्ल **योग:** अतिगंड (3:13) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:51-12:40), **राहुकाल** (04:53 -06:25) ।

विशेष दिन

» 15 सितंबर 2024 : वामन जयंती आज।

» 15 सितंबर 2024 : प्रदोष व्रत आज।

मेष: कई कार्य कम मेहनत से ही पूर्ण हो जाएंगे। आत्मविश्वास की कोई कमी आज आपके अंदर नहीं दिखेगी। किसी पुराने मित्र से आज आपकी मुलाकात होगी।

वृषभ: आज का दिन आपके लिए धन लाभ के योग लेकर आया है। आज सीनियर से आपको सही सलाह मिलेगी और आपका कार्य आसान हो जाएगा।

मिथुन: मन चंचल बना रहेगा। एक जगह नहीं रुकेगा। आज आपके मन में नकारात्मक विचार घर करने की कोशिश करेंगे लेकिन आपको सावधान रहना है।

कर्क: आज आपके व्यवहार में गुस्से की अधिकता रहेगी। छोटी-छोटी बातों पर बहस करने से आपको बचना चाहिए। आज पुराने किए हुए कार्यों से आपको लाभ मिलने वाला है।

सिंह: आज कुछ ऐसे लोगों से भी आपकी भेंट होगी जो भविष्य में आपके काम आने वाले हैं। आज बाहर का खाना पेट के विकारों का कारण बन सकता है।

कन्या: आज दोपहर बाद आपको शुभ समाचार मिलेंगे। आप जिन चिंताओं से पिछले दिनों से घिरे हुए हैं उनमें आज कमी आएगी। संतान के प्रति भी चिंताएं कम होंगी।

तुला: सामाजिक कार्यों में आप हिस्सा लेंगे। लोग आपको आपके व्यक्तित्व से प्रभावित होंगे। आज सोच समझ कर किया गया निवेश लाभ देने वाला है।

वृश्चिक: बिजनेसमैन लोगों के लिए आज बिजनेस में विस्तार करने का दिन है। आज कोई पुराना रुका हुआ कार्य भी पूर्ण कर सकते हैं। ध्यान रहे आज आपका मन चंचल बना रहेगा।

धनु : आज आपके सोचे हुए कार्यों में गति आएगी और आपके कार्य पूर्ण होंगे। आज प्रिय से संबंधों में सुधार होगा। आज वाहन चलाते समय सचेत रहने की आवश्यकता है।

मकर: परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। अगर आप पढ़ाई करते हैं तो आज थोड़ा अतिरिक्त मेहनत आपको करनी पड़ सकती है। आज खुद को अधिक ऊर्जावान महसूस करेंगे।

कुंभ: आज आप करियर में बदलाव कर सकते हैं लेकिन इन अवसरों को पहचानने की जिम्मेदारी आपकी होगी। आज जैसे कर्म आप करेंगे ऐसा ही फल आपको आज मिलने वाला है।

मीन: आज किसी अनजान व्यक्ति से आपको मदद मिल सकती है। आज अचानक यात्रा करनी पड़ सकती है लेकिन ध्यान रहे आज रफ्तार से आपको दूर रहना है बचना है।

बाहर से खुद को बदलने से अच्छा है कि आप सकारात्मक रूप से अंदर से अपने को बदलें। यही एक असली बदलाव होगा। –**दलाई लामा**

संपादकीय

छात्रों को झटका

हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी और इससे संबद्ध कॉलेजों में इस बार भी प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव नहीं होंगे। कॉलेज प्राचार्य की कुलपति के साथ हुई बैठक में छात्र संघ चुनाव पर राय लेने के बाद यूनिवर्सिटी की हाई पावर कमेटी की ओर से लिए गए इस निर्णय से निश्चित रूप से प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव करवाने की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे छात्र संगठनों की उम्मीद पर पानी फिर गया है। छात्र संगठनों को इस बार उम्मीद थी कि शायद प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव हो जाएं और इस उम्मीद को तब बल मिला था जब हाल ही में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्वयं प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव करवाने की बात कही थी, लेकिन अब यूनिवर्सिटी की हाई पावर कमेटी के इस निर्णय से हजारों छात्रों को झटका लगा है। विभिन्न छात्र संगठन पिछले दस साल से प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव करवाने की मांग कर रहे हैं।

यूनिवर्सिटी और कॉलेज परिसरों में 2014 में हुई हिंसा के बाद वीरभद्र सिंह सरकार ने एससीए चुनाव पर रोक लगा दी थी। इसके बाद 2016 में यूनिवर्सिटी की लिंग्दोह कमेटी की सिफारिश और यूनिवर्सिटी के स्तर पर बनी विशेष कमेटी की अनुशंसा पर मेरिट आधार पर कॉलेज और यूनिवर्सिटी की एससीए के गठन का संविधान बनाकर लागू किया गया था, तब से लेकर अब तक मेरिट के आधार पर ही कॉलेज और यूनिवर्सिटी में एससीए का गठन हो रहा है। छात्र संघ चुनावों पर रोक लगने के पीछे छात्रों की बढ़ती गुंडागर्दी ही जिम्मेदार है। 2014 में यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में छात्रों के झगड़े इतनी ज्यादा हो गए थे कि वे एक-दूसरी पार्टी के छात्रों को मारने पर उतारु हो जाते थे, तब वीरभद्र सरकार ने तंग आकर छात्र संघ चुनाव पर बैन लगाना ही उचित समझा था। मौजूदा सीएम सुखविंद्र सुक्खू ने बेशक प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव करवाने की हामी भरी थी, लेकिन इस समय प्रदेश के हालात भी कुछ ज्यादा ठीक नहीं हैं।

शिमला के संजौली से शुरू हुआ अवैध मस्जिद निर्माण का मामला मंडी से होता हुआ बिलासपुर के घुमारवीं तक पहुंच गया है, ऐसे में प्रदेश सरकार को आशंका है कि कहीं न कहीं इन छात्र संघ चुनावों में भी अवैध मस्जिदों का मुद्दा तूल न पकड़ जाए। अगर कॉलेज और यूनिवर्सिटी में हिंसा होती है तो निश्चित रूप से सरकार पर भी संकट पैदा हो सकता था, ऐसे में सुक्खू सरकार की गाइडेंस के अनुसार ही छात्र संघ चुनाव न करवाने का फैसला लेना मौजूदा हालात को देखकर सही साबित प्रतीत होता है। कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में अब ये अप्रत्यक्ष चुनाव 18 से लेकर 27 सितंबर के बीच होंगे। यूनिवर्सिटी के दिशा-निर्देश के अनुसार, इन चुनावों की तैयारियां अभी से ही शुरू हो गई हैं। विभागों को विभागीय प्रतिनिधियों की मेरिट आधार पर विभाग अध्यक्षों को अनुशंसा करनी होगी। जब यह प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी तो उसके बाद ही एससीए का गठन हो पाएगा।

यूनिवर्सिटी में पीजी डिग्री, एमटेक, एलएलएम और रिसर्च स्कॉलरों की मेरिट भी तैयार की जाती है। इसे अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय को भेजा जाता है। डीएसडब्ल्यू ऑफिस यूनिवर्सिटी की मेरिट बनाकर इनमें से मुख्य चार पदों के लिए मेरिट आधार पर छात्रों का मनोनयन करता है। एससीए में सांस्कृतिक गतिविधयों और खेलों से जुड़े स्टूडेंट्स को भी शामिल किया जाता है। एससीए का कार्यकाल एक वर्ष के लिए होता है। वहीं, कॉलेजों में पहले फैकल्टी वाइज एससीए में मनोनीत किए जाने के लिए सदस्य मेरिट पर तय किए जाते हैं। हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी में छात्र राजनीति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के छात्र संगठन सक्रिय रहते हैं। इन संगठनों में नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई), अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और अन्य शामिल हैं, जो छात्रों के हितों की रक्षा और यूनिवर्सिटी में लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए काम करते हैं। छात्र राजनीति में भाग लेने वाले छात्र नेता अक्सर यूनिवर्सिटी के मुद्दों पर सक्रिय रहते हैं, जैसे कि शिक्षा की गुणवत्ता, छात्र सुविधाओं में सुधार और छात्रों के अधिकारों की रक्षा के अलावा ये छात्र नेता अक्सर समाज में व्याप्त मुद्दों पर भी अपनी राय रखते हैं और सक्रिय भूमिका निभाते हैं। छात्र राजनीति का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह छात्रों को नेतृत्व कौशल, संगठनात्मक क्षमता, और सामाजिक जिम्मेदारी के बारे में सिखाती है। इससे छात्र अपने भविष्य के पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन में सफल होने के लिए तैयार होते हैं। ■

समृद्ध देश के लिए मजबूत लोकतंत्र की भूमिका महत्वपूर्ण

अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर विशेष

एक समृद्ध देश के निर्माण के लिए समृद्ध लोकतंत्र की भूमिका अति महत्वपूर्ण होती है। लोकतंत्र को देश की मजबूत नींव माना जाता है। वह कहते हैं न यदि घर की नींव ही कमजोर होगी तो घर ज्यादा समय तक टिक नहीं पाएगा। यही कथन देश की बुनियाद पर भी लागू होता है। जी हां, देश निर्माण में लोकतंत्र ही मजबूत देश का आधार होता है। लोकतंत्र, 'एक ऐसा तंत्र जिसमें जनमानस को वरीयता प्रदान की जाए।' यह जनता ही होती है जो सशक्त लोकतंत्र निर्माण में सहायक होती है। लोकतंत्र से अभिप्राय है, जहां जनता अपने उन्नत विचारों को अथवा अपने सपनों को नई पहचान दिलवाने हेतु एक मजबूत सरकार का चयन करे। लोकतंत्र को 'लोक ताकत' कहा जाए तो गलत नहीं होगा। बात यहां भारत की करें तो भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, जहां अधिकारों के प्रति सजगता दर्शाई जाती है। भारत के लोकतंत्र में सभी को संविधान में निहित मौलिक अधिकारों के तहत कई पहलुओं पर स्वतंत्रता प्रदान की गई है।

बात भारत की हो रही है तो यहां आपको बताते चलें कि भारत का लोकतंत्र संविधान पर आधारित एक संसदीय लोकतंत्र है। इसे अप्रत्यक्ष लोकतंत्र की संज्ञा भी दी गई है। अप्रत्यक्ष लोकतंत्र से अभिप्राय है, जहां लोक यानी लोगों द्वारा स्वयं के निर्णय लेने हेतु ऐसे प्रतिनिधि को चुना जाए, जो लोगों की आवाज को सरकार तक पहुंचाने में सक्षम हो। भारत के संविधान में संसदीय लोकतंत्र के साथ-साथ आर्थिक व सामाजिक लोकतंत्र को भी शामिल किया गया है। संविधान के प्रति संविधान में निहित प्रमुख अधिकारों में समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, बोलने का अधिकार, वोट देने का अधिकार आदि शामिल हैं। लोकतंत्र प्रणाली में जनता की भागीदारी सदैव अपेक्षित रहती है। मजबूत लोकतंत्र तभी बनता है, जब जनता अपनी भागीदारी मजबूती के साथ सुनिश्चित करे। जनता के सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक अधिकारों की रक्षा करना लोकतंत्र की प्राथमिकताओं में सदैव स्थापित रहता है। देश की समृद्धता में लोकतंत्र का अपना एक विशेष महत्व है।

लेखक : शिवालिक अवस्थी
शिला चौक, धर्मशाला

सरल शब्दों में कहें तो देश की जनता ही लोकतंत्र के परिणामस्वरूप देश की प्रगति निर्धारित करती है और इसमें युवाओं का योगदान भी कम नहीं माना जाता। युवाओं का जोश, उनका जज्बा एक मजबूत सरकार का चुनाव करने में सहायक होता है। युवाओं के साथ-साथ देश का हर नागरिक एक सशक्त सरकार का चयन करने के लिए बखूबी से अपनी जिम्मेदारी निभाता नजर आता है। इस कड़ी में आंकड़ों पर नजर डालें तो भारत में कुल पंजीकृत मतदाताओं की संख्या लगभग 96.8 करोड़ से अधिक आंकी गई है, जो पूर्व में हुए चनावों से लगभग 8 प्रतिशत अधिक है। इसमें महिलाओं की संख्या में पूर्व से 9.3 प्रतिशत ज्यादा बढ़ोतरी देखी गई है। बात यदि 20 से 29 वर्ष तक के युवाओं की करें तो इसमें तकरीबन 19.47 करोड़ युवाओं की संख्या आंकी गई है। इस बार के वोटर लिस्ट में 18-19 आयु वर्ग के लगभग 1.8 करोड़ पहली बार मतदाताओं को जोड़ा गया, जो पूर्व से लगभग 23 प्रतिशत अधिक है। इन आंकड़ों पर प्रकाश डालने से नजर आता है कि भारत देश में मजबूत लोकतंत्र का निर्माण करने हेतु देश की जनता अपना योगदान देने से पीछे नहीं है, इसीलिए भारत को विश्व की सबसे बड़ी लकतांत्रिक शक्ति के रूप में भी देखा जाता है।

देश का युवा सदैव ऐसी सरकार का चयन करने में दिलचस्पी दिखाता है, जिसके द्वारा युवाओं के सुरक्षित भविष्य का निर्माण किया जा सके। इसके लिए बेहतर शिक्षा का बीज स्थापित करना बेहद जरूरी होता है। यदि अधिकारों के फलस्वरूप बचपन से ही गुणात्मक शिक्षा का प्रसार किया जाए तो इसके परिणामस्वरूप भविष्य में देश का युवा एक बेहतरीन सरकार का चुनाव करने में सक्षम बन जाता है। बिना शिक्षा के बेहतर और मजबूत लोकतंत्र स्थापित हो पाना संभव नहीं है। शिक्षा के बाद बात आती है, अधिकारों के प्रति जागरूकता। जी हां, यदि सभी अपने कर्तव्यों अथवा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होंगे तो निश्चित तौर पर बेहतर लोकतंत्र का निर्माण होना संभव है। फिर चाहे वह शिक्षा का अधिकार हो, बोलने का अधिकार हो, वोट डालने का अधिकार हो या स्वतंत्रता आदि का अधिकार हो। देश के प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहना आवश्यक है। जैसा कि उपर्युक्त बताया गया कि देश के लोग ही सरकार का चयन करते हैं इसलिए लोकतंत्र में कार्यपालिका व विधायिका की संरचना का आधार भी देश के लोगों को ही माना जाता है। हालांकि न्यायपालिका की कार्यप्रणाली पूर्णतय: इसके भिन्न स्वतंत्र रूप से कार्य करती है। लोकहित में किन कानूनों को लाया जाए और कौन से कार्य लोकहित के पूरक हैं यह कार्यपालिका व विधायिका पर निर्भर करता है। और कार्यपालिका व विधायिका का गठन आम जनता के मत पर निर्भर करता है।

इसी केचलते लोकतंत्र में लोगों के मत को अति विशिष्ट बताया गया है। कार्यपालिका में हालांकि राष्ट्रपति का स्थान सर्वोच्च होता है जिसका चयन सीधे लोगों द्वारा कभी नहीं किया जाता। जबकि प्रधानमंत्री में वास्तविक शक्तियां निहित होने के चलते कार्यपालिका में लोकतंत्र विशेष स्थान हासिल करता है। हालांकि प्रत्यक्ष तौर पर चयन तो प्रधानमंत्री का भी नहीं किया जाता। परंतु जिस दल को जनता द्वारा चुना गया हो, उसी दल का प्रधानमंत्री बनना तय माना जाता है। इसलिए जनता को ही लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ माना गया है। बहरहाल, यह तो बात हुई लोकतंत्र की व्यवस्थित प्रणाली की। अब हम अपने उत्तरदायित्वों की बात करें तो देश का नागरिक होने के नाते हमारा परम धर्म माना जाता है कि हम एक निष्पक्ष शासन का चयन करके देश के उज्ज्वल भविष्य में अपनी-अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। लोगों को लोकतंत्र की ताकत समझने का प्रयास करना होगा , जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग आगे आकर स्वयं निर्मित शासन का सदुपयोग करने में दक्ष सिद्ध हों। लोकतंत्र की सरकार सभी देशवासियों के अधिकारों जैसे समानता, स्वतंत्रता, न्याय, सुरक्षा आदि का सम्मान करने योग्य हो, इन पहलुओं को ध्यान में रखकर ही सरकार का चयन करना चाहिए। एक सुदृढ़ सरकार का चयन करते समय देश के नागरिकों को किसी भी तरह के प्रलोभन से हमेशा बचना चाहिए। याद रहे, हम सरकार का चयन स्वयं के लिए करते हैं। स्वयं के कार्य व्यवस्थित ढंग से पूर्ण हों, इसी आशा से हम अपने अधिकारों को व्यवहारिक रूप देते हैं।

स्वयं के लिए ही हम जिम्मेदार नहीं होंगे तो सरकार अपनी जिम्मेदारियां किस तरह निभाएगी। अंतत: 'मजबूत लोकतंत्र मजबूत देश' इस कथन को ध्यान में रखते हुए इस अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर हमें प्रण लेना है कि हम अपने लोकतांत्रिक अधिकारों को गहनता से समझें व उनका प्रयोग देश हित में अवश्य करें। हमें केवल वोटों अथवा चुनावों की इंसानी मशीन बनकर नहीं रहना है, अपने अधिकारों को अपने कर्तव्यों को इस प्रकार प्रयोग में लाना है, जिससे लोकतंत्र तो मजबूत हो ही, साथ में सुशासन की डगर भी मजबूत हो।

नजरिया

शॉर्टकट से मिलने वाली सफलता क्षणिक

गुरुदास की इच्छा थी कि उसका नाम अखबार के पन्ने की शोभा बढ़ाए। चौबिसों घंटे उसके जेहन में बस एक ही बात चलते रहती थी, किसी भी तरह से एक बार अखबार के पन्नों पर उसका नाम आ जाए। नाम तो खैर, उसका आ गया, पर उस नाम ने उसे नाम न देकर बदनाम ही किया। सालों पहले यशपाल की लिखी हुई 'अखबार में नाम' कहानी पढ़ी थी। शायद उस वक्त अपनी सोच का दायरा इतना बड़ा नहीं था कि इस बारे में बहुत कुछ सोच पाते। आज जब चलचित्र की तरह पुरानी बातें सामने पर्दे पर नजर आती हैं, तो समझ आती है क्या खोया और क्या पाया। संकीर्ण दायरे से, अब हम कह सकते हैं, बाहर निकल आए हैं।

लेखक : मनीष वर्मा 'मनु'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

चीजों को देखने और समझने का नजरिया जो बदल गया है। कल एक गुरुदास था, जो एक प्रतीक वैसे कइयों का जो अपने आप को लाइम लाइट में देखना पसंद करते थे। आज की स्थिति में देखें, तब आप पाएंगे कई गुरुदास हैं। कल गुरुदास के समय में अगर सोशल मीडिया होता तो शायद उसे अपने नाम को शोहरत दिलाने में, उसे मशहूर करने में इतनी जद्दोजहद नहीं करनी पड़ती। हर व्यक्ति पर एक पागलपन सा सवार है, मशहूर होने का।

जान जोखिम में डालकर रील बनाई जा रही हैं। आए दिन अखबारों और समाचार चैनलों के माध्यम से खबरें आ रही हैं, जिंदगी को दरकिनार कर सेल्फी ली जा रही है। घटनाएं हो रही हैं, लोग मर रहे हैं, पर लोगों के दिलों दिमाग से मशहूर होने का भूत नहीं उतर रहा है। जिंदगी बड़ी ही खूबसूरत नियामत है मेरे दोस्त। इसे यूं ही गंवाया नहीं करते। आपकी जिंदगी आपके साथ ही साथ आपके कई अपनों के लिए भी मायने रखती है। आप भला यूं इसे इतने हल्के में कैसे ले सकते हैं। आए दिन चौक चौराहे या फिर सार्वजनिक स्थलों पर लड़के और लड़कियां कुछ भी अनाप-शनाप तरीके से रील बना कर सोशल मीडिया पर डाल रहे हैं। शार्टकट तरीके से मशहूर होना चाहते हैं। दरअसल यह एक सिंड्रोम है, अपने आप को दुनिया से अलग दिखाने और दिखने का। इस फिराक में दहलीज लांघते चले जा रहे हैं। परिणति फिर वही गुरुदास वाली होनी है।

आप मशहूर तो होंगे। सोशल मीडिया आपको मशहूर तो कर देगी, पर आप सोचने के लिए मजबूर हो जाएंगे, आखिर इस शोहरत के मायने क्या हैं। किसी भी चीज का कोई शार्टकट नहीं होता है। हर चीज पकने के लिए एक तय समय लेती है। एक तय समय के बाद ही चीजें मैच्योर होती हैं तो मेरे दोस्त वक्त का तकाजा है चीजों को मैच्योर होने दें। जल्दबाजी न करें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

कविता

हिंदी व्यथा

राजेंद्र पालमपुरी

आज सुबह घर आई हिंदी ,
सकुचाती-शरमाई हिंदी।
मैं बोला गुड मॉर्निंग माते ,
तब थोड़ा मुस्काई हिंदी।।
हिंदी का मैं रहा हूं शिक्षक,
मैंने खूब पढ़ाई हिंदी।
लेकिन प्रचलन रहा यह सीमित,
कम जुबान पर आई हिंदी।।
नाते-पोते पढ़ते इंगलिश,
उनको कब यह भायी हिंदी।
वन टू हंड्रेड करते गिटमिट,
हिंदी में न गाई हिंदी।।
जनम दिवस पर हैप्पी बर्थ डे ,
कह सबने है रुलाई हिंदी।
आयुष्मान भव: कहना भूले,
गॉड ब्लैस्स-यूं कह सताई हिंदी।।
लैक्चर भाषण बहुत हम देते,
है अपनी मां जाई हिंदी।
लेकिन सुबह से इंगलिश हंसती,
तेरा कौन सहाई हिंदी।।
हिंदी दिवस की बेला पर भी,
कहते हम तुतलाई हिंदी।
पल्ला झाड़ें यह कहकर कि,
हमको कहां पढ़ाई हिंदी।।
जब पीड़ा से तड़पी हमने,
बच्चों सी बहलाई हिंदी।
हॉऊ आर यू एंड ब्यूटीफुल की ,
हमने सौत बनाई हिंदी।।
लाल किला की प्राचीरों से,
बहुत खूब लहराई हिंदी।
मेरे तिरंगे तक ने गाई,
जन-गण-मन की माई हिंदी।।

आज के दिन की प्रमुख हस्ती

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अध्यक्ष

अशोक सिंघल 'विश्व हिन्दू परिषद' (विहिप) के अध्यक्ष थे। वह बीस वर्ष तक विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। दिसंबर 2011 में बिगड़ते स्वास्थ्य के कारण अशोक सिंघल ने अपना पद छोड़ दिया और जिसके बाद प्रवीण तोगड़िया ने उनका स्थान लिया। विहिप की ख्याति में अशोक सिंघल का सर्वाधिक योगदान है। परिषद के कार्य हेतु वह विदेश यात्राओं पर जाते रहे। अशोक सिंघल आजीवन अविवाहित रहे। आगरा में जन्मे अशोक सिंघल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ गए। घर के धार्मिक वातावरण के कारण अशोक सिंघलके मन में बालपन से ही हिंदू धर्म के प्रति प्रेम जाग्रत हो गया।

अशोक सिंघल
जन्म : 15 सितंबर, 1926
मृत्यु : 17 नवंबर, 2015

साल 1948 में संघ पर प्रतिबंध लगा तो अशोक सिंघल सत्याग्रह कर जेल गए। 1975 से 1977 तक देश में आपातकाल और संघ पर प्रतिबंध रहा। इस दौरान अशोक सिंघल इंदिरा गांधी की तानाशाही के विरुद्ध हुए संघर्ष में लोगों को जुटाते रहे। आपातकाल के बाद वे दिल्ली के प्रांत प्रचारक बनाये गये। 1981 में कर्ण सिंह के नेतृत्व में दिल्ली में एक विराट हिंदू सम्मेलन हुआ, पर उसके पीछे शक्ति अशोक सिंघल और संघ की थी। उसके बाद अशोक सिंघल को विश्व हिंदू परिषद के काम में लगा दिया गया। इसके बाद परिषद के काम में धर्म जागरण, सेवा, संस्कृत, परावर्तन, गोरक्षा आदि अनेक नऐ आयाम जुड़े। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है श्रीराम जन्मभूमि मंदिर आंदोलन। इसने देश की सामाजिक और राजनीतिक दिशा बदल दी। ■

देश में रैगिंग की घटनाएं क्यों नहीं रुक रहीं ?

देश में बढ़ती रैगिंग की घटनाएं क्यों नहीं रुक रहीं, यह एक यक्ष प्रश्न बनता जा रहा है। हिमाचल का बहुचर्चित अमन काचरु रैगिंग कांड के बाद भी विश्वविद्यालयों व कॉलेजों में रैगिंग का संक्रमण बढ़ता ही जा रहा है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने रैगिंग पर पूर्ण प्रतिबंध का कानून लागू किया है, मगर देश में रैगिंग के बढ़ते मामलों से यह कानून मजाक बनता जा रहा है। ताजा घटनाक्रम में हिमाचल के वाकनाघाट में एक निजी विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष के एक छात्र से रैगिंग का मामला प्रकाश में आया है। रैगिंग के आरोपी तीन छात्रों को गिरफ्तार कर लिया है व हॉस्टल व यूनिवर्सिटी से निकाल दिया है।

इससे पहले आईआईटी मंडी मे रैगिंग की घटना सामने आई थी। आईआईटी प्रबंधन ने आरोपी 10 छात्रों को छह महीने के लिए विश्वविद्यालय से निष्कासित कर दिया था तथा 72 छात्रों पर 15 से 25 हजार रुपए तक का जुर्माना लगाया गया था। यह मामला बीते 11 अगस्त 2023 को घटित हुआ था। आईआईटी मंडी मे घटित यह बहुत ही संगीन मामला है, जिस पर प्रशासन को कड़ा संज्ञान लेना चाहिए। देश में रैगिंग के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। रैगिंग के कारण प्रताड़ित छात्र आत्महत्या तक कर रहे हैं। पिछले दिनों एम्स बिलासपुर मे भी एक मामला हो चुका है, वहां भी एक छात्रा ने आत्महत्या की कोशिश की थी, मगर बच गई थी। यूजीसी के आकड़ों के मुताबिक 2020 में देश में रैगिंग के 219 मामले सामने आए थे। 2021 में रैगिंग के 511 मामले हुए थे। 2019 में उत्तर प्रदेश के इटावा में सैफई मेडिकल विश्वविद्यालय में रैगिंग का मामला घटित हुआ था, जहां सीनियर छात्रों ने 150 छात्रों के सिर मुंडवा दिए थे। यह एमबीबीएस के प्रथम वर्ष के छात्र थे, ताकि अपराधियों को सजा मिल सके। रैगिंग के मामलों में वृद्धि खतरनाक साबित हो रही है।

वर्ष 2018 में ऐसा ही एक मामला मध्य प्रदेश के भोपाल में घटित हुआ था, जहां रैगिंग से तंग आकर बीफार्मा की एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली थी। छात्रा के सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस ने चार लड़कियों व एक अध्यापिका को गिरफ्तार किया था। इतनी वारदातें होने के बाद भी इन घटनाओं पर रोक नहीं लग रही है। रैगिंग छात्रों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। रैगिंग की इन वारदातों से छात्र खौफजदा होते जा रहे हैं, अगर यही हाल रहा तो छात्रों के भविष्य पर संकट के बादल मंडरा सकते हैं, क्योंकि इन वारदातों से अभिभावक भी अपने बच्चों को असुरक्षित समझ रहे हैं। रैगिंग का साधरण सा अर्थ एक दूसरे का परिचय जानना होता था, मगर अब इसका स्वच्रूप बदलता जा रहा है। रैगिंग अब यातना बन गई है। रैगिंग के नाम पर छात्रों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है, मारपीट की जाती है। आज तक पता नहीं कितने छात्र-छात्राएं रैगिंग के कारण असमय मौत के मुंह में जा चुके हैं। उत्तर प्रदेश के इटावा में घटित इस घटना ने एक नई बहस को जन्म दिया था। देश के शिक्षण संस्थानों में प्रतिबंध के बाद भी ये मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। बीते हादसों से न तो प्रशासन ने सबक सीखा और न ही छात्रों ने सीख ली। यदि कड़े कदम उठाए होते तो आज यह हादसा न होता।

लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

यह एक यक्ष प्रशन बनता जा रहा है। रैगिंग की यह बीमारी विश्वविद्यालयों, कॉलेजों के बाद अब स्कूलों में भी अपने पांव पसार चुकी है। यदि इस पर समय रहते रोक न लगाई तो आने वाले समय में हमें इसके घातक परिणाम भुगतने पड़ेगे। देश में समय समय पर ऐसे दुखद हादसे होते रहते हैं, मगर यह रुकने के बजाए निर्बाध रूप से बढ़तं ही जा रहे हैं। गत मई माह में बंबई के ठाणे में रैगिंग से तंग आकर एक छात्र ने ट्रेन के आगे कटकर आत्महत्या कर ली। दिल्ली के स्कूल आफ प्लानिगं एंड आर्किटैक्चर का एक होनहार छात्र रैगिंग के चलते अपाहिज हो गया। आरोप है कि प्रथम वर्ष के छात्र नवीन कुजुर को उसके सीनियर ने ऐसी यातनाएं दीं कि वे चलने-फिरने के काबिल नहीं रहा। आंध्र प्रदेश में एक कॉलेज में सीनियर छात्राओं ने जूनियर छात्रा की रैगिंग ली, उनकी यातना से उस छात्रा की आवाज ही चली गई। एक अन्य घटना में छात्र को क्लास में लड़की कहा जाता था। छात्रों की इस हरकत से तंग आकर उस छात्र ने खुद को आग लगा दी थी। मुंबई में एक कॉलेज में सीनियर छात्राओं ने एक जूनियर छात्रा को मिर्ची खिलाई और उठक बैठक करवाई।

कोलकाता में एक कॉलेज में सीनियर जूनियर को ड्रग्स लेने के लिए मजबूर करते हैं और पिटाई करते हैं। उत्तर प्रदेश में सरकार ने रैगिंग के खिलाफ अभियान छेड़ा है तथा रैगिंग करने वाले छात्रों को पांच साल तक दाखिला न देने को कड़ा फैसला लिया है। साल 2010 में एक साल में 164 केसों में 19 की मौत हो गई थी। देश में 2023 में भी ये मामले थमते नजर नहीं आए। एक समय था कि कॉलेजो में रैगिंग का नाम तक नहीं था, मगर पिछले कुछ सालों से रैगिंग के आकड़ों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी होती जा रही है। कॉलेज के कुछ बिगड़ैल किस्म के छात्र-छात्राएं कॉलेज का माहौल बिगाड़ने में मशगूल रहते हैं, ऐसे मुठी भर लोग छात्रों को अनावश्यक रूप से तंग कर रहे हैं, ऐसे उदडंग लोगों को कानून के मुताबिक सजा देनी चाहिए। आज यह रैगिंग भयानक होती जा रही है। बीते सालों में हिमाचल के सुंदरनगर के पॉलिटेक्निक कॉलेज में भी रैगिंग की वारदात प्रकाश में आई थी, जिसमें सिरमौर का एक छात्र शिकार हुआ था। हालांकि कॉलेज प्रशासन ने उन सीनियर लड़कों को कालेज से निकाल दिया है, पर कॉलेज से निकालना इसका समाधान नहीं है। केंद्र सरकार व विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को इन मामलों पर संज्ञान लेना चाहिए, क्योंकि यदि समय रहते कारगर कदम नहीं उठाए तो हालात बेकाबू हो जाएंगे। छात्र-छात्राएं रैगिंग के डर से प्रवेश नहीं लेंगे।

कॉलेजों में अराजकता पैदा करने वाले तत्वों पर कार्रवाई करनी चाहिए। इनके कारण कई प्रतिभाएं खत्म हो रही हैं। कई छात्र पढ़ाई तक छोड़ देते हैं। जनमानस को एकजुट होकर इसका खात्मा करना होगा। रैगिंग के बढ़ते जाल को काटना होगा, ताकि भविष्य में इन घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस बुराई के विरुद्ध सभी लोगों को आंदोलन करना होगा और प्रतिभावान छात्रों को बचाना होगा। रैगिंग का समूल नाश करना चाहिए ताकि यह नासूर न बन पाए। सरकारों को इन मामलों पर संज्ञान लेना होगा तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिएं, जो कि देश हित में है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अपनी बात

कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई रेप-मर्डर की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। हर जगह प्रदर्शन हो रहे हैं। कैंडल मार्च निकाले जा रहे हैं। इस बर्बर घटनाक्रम ने दिल्ली में भी हुए निर्भया कांड की यादों को ताजा कर दिया है। आज पूरा देश गुस्से से उबल रहा है। सवाल वही है कि आखिर महिलाओं को सुरक्षा मिले तो कैसे? महिलाओं की सुरक्षा को केंद्र की मोदी सरकार सर्वोपरि मानती है और इसके लिए सरकार कई कदम भी उठा रही है। महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी मौजूदगी दर्ज कर रही हैं। जमीन से लेकर आसमान में ही नहीं, बल्कि अंतरिक्ष में भी उनके कदमों की छाप मौजूद है। महिलाएं देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान करती हैं, चाहे वह घरेलू कामकाज हो या बाहरी रोजगार। वह अपने बच्चों को शिक्षा और संस्कार देती हैं, जिससे देश के भविष्य के नागरिक तैयार होते हैं। महिलाएं अपने परिवार के स्वास्थ्य और पोषण का ध्यान रखती हैं, जिससे देश के नागरिक स्वस्थ और मजबूत रहते हैं। विडंबना यह है कि जिस तरह से महिलाओं का कद बढ़ा है, उस हिसाब से उनकी सुरक्षा भारत में नहीं हो रही है। –**जगदीश चंद, नगरोटा बगवां**

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।

अपनी भाषा के ज्ञान के बिना कोई फल-फूल नहीं सकता

भारत एक विशाल, विविधताओं से भरा भाषाओं, बोलियों, उप बोलियों से समृद्ध देश है। चारों दिशाओं में अलग-अलग संस्कृतियां हैं, अलग-अलग भाषाएं हैं। शायद दुनिया में भाषा की विविधता सबसे ज्यादा भारत में ही है। भारतीय संविधान में 22 भाषाओं को अनुसूचित किया गया है, जिनमें हम सब जानते हैं असमिया, बंगाली, बोडो, डोगरी, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, संताली, सिंधी, तमिल, तेलुगू, और उर्दू शामिल हैं ।

संस्कृत, पालि, अर्धमागधी अत्यंत समृद्ध भाषाएं भारत की पहचान रही हैं, लेकिन धीरे-धीरे कठिन व्याकरण, उच्चारण आदि कई कारणों से चलन से बाहर हो गईं। वैदिक काल के बाद संस्कृत धर्म और शिक्षा की पहली भाषा रही, जो अब केवल वेदों, उपनिषदों की भाषा होकर रह गई है। जिस भाषा का प्रयोग मुश्किल हो, प्रचार-प्रसार में कठिनता हो, उपयोग का दायरा सीमित हो, वह धीरे-धीरे लुप्त होने लगती है, जैसा कि संस्कृत के साथ हुआ। भारत का एक लंबा अरसा गुलामी में बीता, जिस कारण समय-समय पर आए आततायियों ने अपनी संस्कृति, कला, इतिहास को भारत पर थोपा और भारत का इतिहास, कला और संस्कृति प्रभावित हुई। अलग-अलग धर्मों के कारण अलग-अलग भाषाओं का भी विकास हुआ और प्रभाव हुआ। अब इतने अलग परिवेश, राज्य, संस्कृतियां हैं तो आधिकारिक कामकाज कैसे, किस भाषा में किया जाए कि हर कोई समझ सके, काम हो सकें।

लेखिका : सीमा गुप्ता
पंचकूला, चंडीगढ़

हिंदी भाषा का इतिहास लगभग एक हजार वर्ष पहले का कहा जाता है। दोहे, पद्य साहित्य की इन विधाओं को पुरानी हिंदी भी कहते सुना है। मध्य युग में भक्ति आंदोलन में हिंदी खूब फली-फूली। स्वतंत्रता संग्राम में हिंदी में संवाद, पत्रकारिता, संदेशों के आदान-प्रदान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हिंदी की पत्रकारिता बड़ी तेजी से विकास के रास्ते पर चल पड़ी थी। भारत के स्वतंत्र होने पर हिंदी को 1949 में भारत की राजभाषा घोषित किया गया। हिंदी पूरे देश में बोली और समझी जाने वाली भाषा है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवत: सबसे वैज्ञानिक भाषा है, जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं।

यह विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। हम सब भारतवासियों को हिंदी भाषी होने पर गर्व है और इसके प्रचार-प्रसार में साहित्य, सिनेमा भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, लेकिन आज फिर से भारत में बच्चों की शिक्षा दीक्षा में अंग्रेजी का चलन बहुत बढ़ गया है। इस दौर की युवा पीढ़ी अंग्रेजी बोलने में शान महसूस करती है और मातृभाषा के प्रति बेहद उदासीन रवैया अपना रही है। इसके बावजूद हिंदी अपनी पूरी शान के साथ तकनीक के इस दौर में तकरीबन सभी डिजिटल माध्यमों में इस्तेमाल की जा रही है। एआई में दर्ज भाषाओं में हिंदी भाषा भी शामिल है। बैंक एटीएम हो या किसी सरकारी या गैरसरकारी फॉर्म या अन्य। सारे माध्यमों में हिंदी का विकास तेजी से हो रहा है। गूगल पर खोजने के लिए हिंदी भी है, विकिपीडिया में हिंदी में साफ्टवेयर अनुवाद उपलब्ध हैं। हिंदी भी इंटरनेट की एक अहम लोकप्रिय भाषा बनकर उभरी है। भाषाएं बहती रहें तो जिंदा रहती हैं, फलती-फूलती महकती हैं और देश भी अपना अस्तित्व कायम रख पाते हैं। कला, संस्कृति और इतिहास जीवित रहते हैं। इनकी गति में आए अवरोध न केवल इन्हें समाप्त करते हैं बल्कि देश भी समाप्त हो जाते हैं, इतिहास में चले जाते हैं ।

हिंदी 'हमारा मान है, अभिमान है' कहते हैं हम सब, लेकिन अभी बहुत कुछ करना बाकी है और सच्चा प्रेम, सच्चा मान तभी होगा, जब युवा पीढ़ी इसे अपने मन की भाषा स्वीकार कर, अपना सोचना, समझना और लिखना हिंदी में करें और हिंदी में बोलें सभी भाषाओं का आदर करना चाहिए, लेकिन अपनी मातृभाषा को पीछे छोड़ कर नहीं। अपनी भाषा के ज्ञान के बिना कोई फल-फूल नहीं सकता । तन-मन से वंदन और अभिनंदन करना चाहिए। हिंदी जन-जन की बोली है। मां बोली है।

राम-राम कहने से सुबह होती है तो संस्कृति है हिंदी। यह अकाट्य सत्य है कि हिंदी भारत का श्रृंगार है, मान सम्मान है, अभिमान है। आइए हम सब भी इसके प्रचार-प्रसार और उपयोग में अपना अपना योगदान देकर इसे और समृद्ध कर विश्व में फैलाते जाएं।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

न्यूज ब्रीफ

41 लाभार्थियों को मिली 10 लाख की पॉकेट मनी

अनंत ज्ञान, करसोग। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना से ग्रामीण व दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले पात्र लाभार्थी लाभान्वित होने लगे हैं। इस योजना का लाभ करसोग क्षेत्र के चिन्हित लाभार्थियों को भी मिलना शुरू हो गया है। क्षेत्र के सभी चिन्हित 41 लाभार्थियों को राज्य सरकार की ओर से प्रतिमाह 4 हजार रुपए की राशि पॉकेट मनी के रूप में प्रदान की जा रही है। योजना के तहत सभी पात्र लाभार्थियों को राज्य सरकार द्वारा अप्रैल, 2024 से सितंबर, 2024 तक 6 माह की पॉकेट मनी 24 हजार रुपए प्रति लाभार्थी प्रदान की गई है। चयनित सभी 41 लाभार्थियों को लगभग 10 लाख रुपए की राशि लाभार्थियों को प्रदान की गई है। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सुख-आश्रय योजना के दायरे में मंडी जिला में लगभग 400 लाभार्थियों को इस योजना में शामिल कर, लाभान्वित किया जा रहा है। मंडी जिला में योजना के अंतर्गत चयनित सभी लाभार्थियों को लगभग 94 लाख 72 हजार रुपए की आर्थिक सहायता पॉकेट मनी के रूप में प्रदान की गई है।

रिवालसर में हिंदी दिवस पर आयोजन

अनंत ज्ञान, मंडी। राजकीय महाविद्यालय रिवालसर में हिन्दी विभाग द्वारा 'हिन्दी दिवस' कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. केसी कश्यप ने बतौर मुख्यातिथि 'हिन्दी के महत्व' और 'हिन्दी में रोज़गार की संभावनाओं' पर विचार रखें। हिन्दी के सहायक आचार्य कुलदीप कुमार के अनुसार कार्यक्रम में हिन्दी भाषण, हिन्दी कविता पाठ, दोहा गायन, हिन्दी नारा लेखन, हिन्दी सुलेख तथा हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नारा लेखन में प्रथम मीना देवी, द्वितीय रक्षा देवी, तृतीय दीपिका रही। हिन्दी सुलेख प्रतियोगिता में प्रथम मानसी, चंचल, तृतीय दिनेश कुमार रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पूजा, द्वितीय मीना देवी, तृतीय कंचना कुमारी रहे। कविता पाठ में प्रथम पूजा, द्वितीय मीना देवी, तृतीय इंदिरा देवी रहे। दोहा गायन में प्रथम पूजा, द्वितीय मानसी, तृतीय मीना देवी ने रहे। हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम साधना और इंदिरा की टीम, द्वितीय पूजा और पल्लवी की टीम, तृतीय मानसी और रक्षा की टीम ने प्राप्त किया।

एडीसी ने की जिला कार्यान्वयन समिति से बैठक

अनंत ज्ञान, मंडी। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जिला कार्यान्वयन समिति की बैठक अतिरिक्त उपायुक्त एवं समिति के अध्यक्ष रोहित राठौर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिला कार्यान्वयन समिति की ओर से स्टेज-2 के अनुमोदन के उपरांत 9,132 अभ्यर्थियों के नाम स्टेज-3 की सिफारिश के लिए भेजे गए हैं। इनमें जिला मंडी के 4,466 अभ्यर्थियों के नाम स्टेज-3 द्वारा अब तक अनुमोदित किए जा चुके हैं। सदस्य सचिव एवं मुख्य प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, ओम प्रकाश जरयाल ने अभ्यर्थियों की ट्रेड वार सूची समिति के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की। उन्होंने अवगत करवाया कि पोर्टल में 16,000 आवेदन स्टेज-2 के पास पेंडिंग है। जिनमें केवल दो ट्रेडों क्रमशः दर्जी के 12,965 अभ्यर्थी तथा मैसनर के 1,275 अभ्यर्थी कुल 14,240 अभ्यर्थियों के नाम नई प्रक्रिया के तहत पंचायत प्रधान और पंचायत सचिव द्वारा पुनः शत-प्रतिशत सत्यापन के उपरांत जिला कार्यान्वयन समिति स्टेज-2 के अनुमोदन के बाद स्टेज-3 को भेजे जाएंगे। रोहित राठौर ने दोनों ट्रेडों के 14,240 अभ्यर्थियों के नाम परियोजना अधिकारी (डीआईए) जिला मंडी को आगामी कार्यवाही के लिए भेजने के निर्देश दिए। विभिन्न ट्रेडों में शामिल शेष 1760 अभ्यर्थियों के नाम राज्य निगरानी समिति स्टेज-3 को भेजने की सैद्धान्तिक मंजूरी प्रदान की।

20 को मंडी में धरना देंगे सेवानिवृत्त कर्मचारी

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। प्रदेश सरकार द्वारा पेंशनर्स की पेंशन का भुगतान 10 तारीख को करने के निर्णय के विरोध में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने 20 सितंबर को मंडी में धरना व प्रदर्शन करने की घोषणा की है। सेवानिवृत्त पुलिस संघ इकाई जोगिंद्रनगर के प्रधान राजमल राणा ने विभागों के पूर्व कर्मचारियों से आग्रह किया है कि वे विरोध में शामिल हों। उन्होंने जनवरी 2016 से दिसंबर 2021 तक सेवानिवृत्त कर्मचारियों को नए वेतन स्केल के अनुसार भुगतान करने की मांग की है।

मस्जिदों के बहाने माहौल खराब करना निंदनीय : माकपा

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। मार्कसवादी कम्युनिस्ट पार्टी सरकाघाट कमेटी ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सीताराम येचुरी के निधन पर शोक व्यक्त किया है और 18 सितंबर को उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए सरकाघाट में शोक सभा आयोजित करने का निर्णय लिया है। पार्टी लोकल कमेटी की दिनेश ठाकुर की अध्यक्षता में हुई बैठक में ये निर्णय लिया गया। पार्टी सचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से पहले शिमला फिर मंडी और दूसरे स्थानों पर मस्जिदों के तथाकथित अवैध निर्माण के बहाने फैलाई जा रही हिंसा और नफरत पर चिंता व्यक्त की गई। माकपा ने इस तरह के विवादों को कानून के दायरे में हल करने की मांग की है।

राजीव गांधी महाविद्यालय में रंगारंग कार्यक्रम

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय, जोगिंद्रनगर में हिन्दी दिवस का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सुनीता सिंह ने शिरकत की। भाषण प्रतियोगिता में आंचल (बीए द्वितीय वर्ष), मुस्कान (बीए द्वितीय वर्ष) और प्रिया (तृतीय वर्ष) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए। कविता वाचन में भवानी ठाकुर, पलक और प्रीती ने शीर्ष तीन स्थान हासिल किए। नारा लेखन प्रतियोगिता में पलक, अनन्या और रिया ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर कब्जा जमाया।

हिंदी दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। हिमाचल प्रदेश राजकीय भाषायी अध्यापक संघ ने सुंदरनगर में राज्यस्तरीय हिंदी दिवस और शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में हिमाचल के विभिन्न जिलों के हिंदी और संस्कृत शिक्षकों ने आकर राजभाषा के मान-सम्मान में अपनी भावात्मक आहुति दी। कार्यक्रम के मुख्यातिथि उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश शिमला के एडवोकेट रूप लाल चौधरी और विशिष्ट अतिथि हेमराज सिद्धू अधिवक्ता उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश शिमला रहे। इस मौके पर रूप लाल चौधरी ने हिंदी के महत्व और प्रभाव को बताते हुए कहा कि आज हिंदी विश्व की तीसरी सशक्त भाषा बन गई है। हिमाचल प्रदेश राजकीय भाषायी अध्यापक संघ ने प्रदेश शिक्षा विभाग तथा सरकार की संस्तुति के आधार पर राज्यपाल हिमाचल प्रदेश द्वारा 5 सितंबर को राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किए गए संघ के अध्यक्ष हेमराज ठाकुर, नरेश कुमार शर्मा, प्रेम सिंह ठाकुर तथा सुभाष चंद भाषा अध्यापक को भी संघ की ओर से सम्मानित किया।

नौ मील में लैंडस्लाइड से 8 घंटे बंद रहा एनएच

अनंत ज्ञान, मंडी/पंडोह

बीते शुक्रवार कि रात 2 बजे भारी वर्षा में पड़ोह के पास नौ मील में लैंडस्लाइड के कारण चंडीगढ़ मनाली नेशनल हाईवे लगभग 8 घंटे बंद रहा, जिसकी चपेट में गाड़ी आ गई, जो पहाड़ी से आने वाली स्लाइड की किचड़ में धंस गई। गाड़ी में सवार बाप-बेटे ने गाड़ी वहीं छोड़कर सुरक्षित स्थान में जाकर अपनी जान बचाई। हाईवे के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई। सुबह लगभग 5 बजे बारिश हटने के बाद रास्ता खोलने का कार्य आरंभ हुआ। लगभग 8.30 बजे थार गाड़ी को जेसीबी की सहायता से सुरक्षित निकाला गया। लगभग 11 बजे सड़क मार्ग दोनों तरफ गाड़ियों की आवाजाही के साथ सुचारू किया जा सका।

मंडी-धर्मपुर एनएच भी फिसलन भरा हो गया है, बता दें इन दिनों इस एनएच का निर्माण कार्य चला हुआ है जिसके चलते हल्की सी बारिश में यह एनएच फिसलन भरा हो जाता है, इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर चंद्र ने बताया की नौ मील सबसे डेंजर प्वाइंट है। बारिश में इस मार्ग पर सफर करने से परहेज करें क्योंकि इस मार्ग पर कहीं पर भी पहाड़ी से पत्थर गिरने की संभावना हमेशा बनी रहती है। मंडी पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए इस सड़क मार्ग पर हमेशा तैनात रहती है ताकी लोगों का सफर सुरक्षित हो सके। उधर, उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने जिला में हो रही बारिश के चलते लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है और बारिश के दौरान बेवजह घरों से बाहर ना निकलने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा की कहीं भी कोई घटना पेश आती है, उसकी सूचना तुरंत जिला प्रशासन को दें।



रोड बंद होने के कारण लगा जाम तथा (इनसेट में) पहाड़ी से गिरे मलबे में फंसी गाड़ी।

बैजनाथ-कांडापतन मार्ग बंद, भूस्खलन से वाहन चालक फंसे

अभिषेक, जोगिंद्रनगर

लडभड़ोल तहसील क्षेत्र में बीती रात से हो रही लगातार भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। सबसे बड़ा असर बैजनाथ-कांडापतन मार्ग पर देखने को मिला, जहां कोठी के पास भूस्खलन होने से सड़क पूरी तरह से बंद हो गई है। जगह-जगह भारी मलबा गिरने से बड़े वाहनों की आवाजाही ठप हो गई है। इस मार्ग के अवरुद्ध होने से यात्रियों, कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भूस्खलन के कारण इस मार्ग से गुजरने वाली एचआरटीसी की बैजनाथ-परमाणु, बैजनाथ-शिमला और सीटीयू की बैजनाथ-चंडीगढ़ सहित कई निजी बसें फंस गई हैं। सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई हैं और यात्री बीच रास्ते में फंसे हुए हैं।

मार्ग को जल्द बहाल करने की मांग

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर दिन-रात आवागमन चलता रहता है, लेकिन भूस्खलन के कारण उनकी दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हुई है। लोगों ने लोक निर्माण विभाग से इस मार्ग को जल्द से जल्द खोलने की मांग की है ताकि यातायात सामान्य हो सके। खासतौर पर स्कूल, ऑफिस और अस्पताल जाने वाले लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

मार्ग से मलबा हटाने का किया जा रहा काम : किशोरी

लोक निर्माण विभाग नेरी के कनिष्ठ अभियंता किशोरी लाल ने बताया कि बारिश के कारण कोठी के पास भारी भूस्खलन हुआ है, सड़क अवरुद्ध हो गई है। विभाग द्वारा जल्द ही मलबा हटाने का काम शुरू किया जाएगा और सड़क को बहाल करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। विभागीय टीम मौके पर भेज दी गई है और जल्द यातायात को सुचारू करने के निर्देश दिए गए हैं।

संजौली व मंडी में कार्रवाई का विरोध सुंदरनगर व्यापारियों ने किया बंद

विरोध प्रदर्शन करते और नारेबाजी करते हुए प्रदर्शनकारी।

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

राजधानी शिमला के संजौली और मंडी में अवैध मस्जिद निर्माण के विरुद्ध में प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज व वाटर केनन इस्तेमाल किया गया।

हिंदूवादी संगठनों के प्रदेशव्यापी बंद के आह्वान का समर्थन करते हुए सुंदरनगर के विभिन्न व्यापारिक संगठनों ने दोपहर 12 बजे तक दुकानें बंद रखी। बीबीएमबी कॉलोनी व्यापार मंडल और सुंदरनगर व्यापार मंडल, ब्राह्मण सभा, रोटरी क्लब, हिंदू जागरण मंच द्वारा डीजीपी को बीएसएल कॉलोनी थाना के कार्यकारी प्रभारी के माध्यम ज्ञापन प्रेषित कर एक मांग पत्र प्रेषित किया।

मांग पत्र में प्रदेश भर सहित सुंदरनगर में पिछले कुछ वर्षों से लगातार यूपी और अन्य दूसरे राज्यों से आकर रह रहे नाबालिग और कम उम्र के बच्चों की तादाद पर चिंता जताई गई है।

व्यापार मंडल कॉलोनी के प्रधान अश्वनी सैनी का आरोप है कि दूसरे राज्यों से नाबालिगों व अन्य लोगों को अवैध तौर पर लाकर नजदीकी क्षेत्रों में अवैध तौर किराए के कमरे में ठहराया जाता है और नाबालिग युवकों व अन्य से बंधुआ मजदूरी करवाई जाती है।

बेसहारा बैल ने किया वृद्ध पर हमला

नेरचौक। बल्ह क्षेत्र के गुरुकोठा में एक बेसहारा बैल द्वारा वृद्ध को घायल करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार गुरुकोठा निवासी 70 वर्षीय दिलीप सिंह जब गुरुद्वारा गुरुकोठा जा रहे थे, तो उन्हें वहां पर एक बेसहारा बैल ने हमला कर गिरा दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने उन्हें उपचार हेतु अस्पताल लेदा पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें उनकी गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज नेरचौक रेफर कर दिया जहां पर उनका उपचार किया गया।

पुस्तक 'विद्यालय के बाल कवि' का विमोचन

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

पुस्तक का विमोचन करते हुए।

भाषा कला एवं संस्कृति विभाग जिला मंडी के द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर इंटरनेशनल सीनियर सिटीजन होम देहरी सुंदरनगर के सभागार में बहुभाषी कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि जिला मंडी के उपायुक्त अपूर्व देवगन जी रहे। उपायुक्त ने नीरज शास्त्री के द्वारा रचित पुस्तक विद्यालय के बाल कवि का विमोचन किया। इस अवसर पर जिला भाषा अधिकारी प्रोमिला गुलेरिया व उपमंडलाधिकारी गिरीश गुमरा उपस्थित रहे। नीरज शास्त्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटगढ़ में शास्त्री के पद पर कार्यरत हैं। विद्यालय के बाल कवि पुस्तक कविताओं व कहानियों का एक अद्भुत साझा काव्य संग्रह है। इस संग्रह में विद्यालय के लगभग 16 बच्चों की रचनाएं प्रकाशित है जोकि नैतिक मूल्यों से समृद्ध है।

कैटालिस्ट वर्कशॉप 17 और 18 को

मंडी। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी हिमाचल प्रदेश एवं गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय बिहार के संयुक्त तत्वावधान में 17 एवं 18 सितंबर को दो दिवसीय कैटालिस्ट वर्कशॉप कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। समिति की ओर से संस्थान के सचिव गोविंद नारायण सिंह ने बताया कि इसका उद्देश्य सतत् विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे नए उद्यमियों को बढ़ावा देना है तथा नवाचार उद्यमिता को सही दिशा प्रदान करना है। यह आयोजन विश्वविद्यालय परिसर जमुहार में संपन्न होगा जिसमें किसी भी क्षेत्र में कार्य कर रहे नव उद्यमी अपने स्टार्टअप का प्रदर्शन कर सकेंगे।

सीएम से मिलेगा मिड-डे मील वर्कर्स का प्रतिनिधिमंडल

अनंत ज्ञान, नेरचौक

ब्रह्मदास चौहान को बैठक में तैयार किया मांग-पत्र सौंपते हुए।

कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंडी जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ब्रह्म दास चौहान की अगुवाई में मिड-डे मील वर्कर्स का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री सुक्खू से मिलेगा। मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप कर मिड-डे मील वर्कर्स की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की गुहार लगाई जाएगी। इस संदर्भ में मिड-डे मील वर्कर्स की शनिवार को एक बैठक धनोटू में आयोजित की गई।

इस बैठक में ब्रह्मदास चौहान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। बैठक में मिड-डे मील वर्करों की समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा एक मांग-पत्र तैयार किया गया जिसमें 25 बच्चों की संख्या से कम होने पर स्कूलों को बंद करने पर इन स्कूलों में कार्यरत मिड-डे मील वर्कर को दूसरे स्कूलों या दूसरे विभागों में मर्ज करने की मांग उठाई गई। इसके अलावा मिड-डे मील वर्कर्स को साल में 10 की जगह 12 महीने का वेतन देने व मिड-डे मील वर्करों को दूसरे कर्मचारियों की तर्ज पर अवकाश की सुविधा देने की मांग रखी गई।

ब्रह्मदास चौहान ने बताया कि मिड-डे मील वर्करों की समस्याओं को लेकर वे उनके प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से मिलेंगे तथा उनकी मांगों को पूरा करने के लिए आग्रह करेंगे।

पंडोह मेले की संध्या में सुनिता भारद्वाज ने मचाया धमाल

अनंत ज्ञान, पंडोह

दंगल के विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

आठ दिवसीय माता त्रिपुर भैरवा मेला पंडोह की दूसरी व अंतिम सांस्कृतिक संध्या सुनिता भारद्वाज व सारेगामा फेम सुनिल चौहान के नाम रही। सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ पंचायत प्रधान वीना महन्त द्वारा की गई।

संबोधन में प्रधान ने मेले में सहयोग करने वाले सभी लोगों, अतिथियों व बीबीएमबी के प्रति आभार व्यक्त किया। क्रांति युवक मंडल तरयामबला के कलाकारों ने डांस से लोगों को थीरकने को मजबूर किया। इसके बाद 9 बजे स्टार कलाकार सारेगामा फेम सुनील चौहान की एंट्री हुई। चौहान ने पहाड़ी व पंजाबी तड़के लगाकर दर्शकों का जम कर मनोरंजन किया। उधर दिन के मेले में कुश्ती के महादंगल में मंडी जिला के ही नहीं प्रदेश बाहर से भी कुल 53 पहलवानों ने भाग लिया।

फाइनल मुकाबले में कंसा चौक के अजय कुमार ने बिलासपुर के टेक सिंह को मात देते हुए मेले की माली अपने नाम कर ली। पहलवान अली मुहम्मद जो सुन्दर नगर से है, ने पेट पर ढाई क्विंटल की चट्टान रखकर दूसरे पहलवान से 16 पौंड वजनी हैमबर से कई बार करने के बाद पथर तोड़ा गया। महादंगल के मुख्य अतिथि ठेकेदार नरेन्द्र बाली ने विजेता अजय कुमार को गुरज और 7100 नकद दिया जबकि उपविजेता को 5100 रुपए दे कर सम्मानित किया गया।

प्रदेश में शांति बनाए रखने के लिए लोगों को समझनी होगी जिम्मेदारी : नीरज हांडा

अनंत ज्ञान, मंडी

पिछले कुछ दिनों से जो शिमला और मंडी में जो उग्र प्रदर्शन हुए वह शांत हिमाचल के लिए निंदनीय है यह शब्द समाजसेवी नीरज हांडा द्वारा चिंता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि आज भी कई शहरों से इस प्रकार के प्रदर्शन की खबरें चल रही है क्या हमें अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सबसे पहले जिधर भी अवैध कब्जे हो रहे हैं उन्हें खुद या तो एनजीओ द्वारा प्रशासन को अवगत कराया जाए। इस प्रकार से इमाम और मौलवी को हर मस्जिद में बाहरी राज्यों से आए व्यक्तियों की जांच आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज देख कर उसकी तहकीकात कर के प्रशासन को देनी चाहिए।

उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि लोगों को अपने दुकानें और मकान आदि बाहरी लोगों को देने से पहले उनकी तहकीकात जरूर कर लेनी चाहिए और बिना जानकारी के और छानबीन के बिना किसी भी बाहरी व्यक्तियों को मकान या दुकान न दें।

नेरचौक व्यापार मंडल की बैठक आज होगी

अनंत ज्ञान, नेरचौक। नेरचौक व्यापार मंडल की बैठक राणा कॉपलेक्स नेरचौक में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता व्यापार मंडल के प्रधान गोविंद ठाकुर करेंगे। इस बैठक में व्यापारियों की समस्याओं को लेकर मंथन किया जाएगा तथा भविष्य के लिए रणनीति तैयार की जाएगी।

व्यापार मंडल के प्रधान गोविंद ठाकुर ने बताया कि इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने व्यापार मंडल के सभी सदस्यों से इस बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की है।

सीएम के प्रवास पर अधिकारियों को तैयारियों को पूरा करने के आदेश

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

मुख्यमंत्री सुक्खू के संभावित जोगिंद्रनगर प्रवास को लेकर आज लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह परिसर जोगिंद्रनगर में विभागीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जीवन ठाकुर विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

एसडीएम ने मुख्यमंत्री के आगामी संभावित जोगिंद्रनगर प्रवास को लेकर सभी विभागीय अधिकारियों को सभी तैयारियां समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करने के साथ-साथ जनसभा को भी संबोधित करने का कार्यक्रम संभावित है।

ऐसे में सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर सभी तैयारियों को समयबद्ध पूर्ण करना सुनिश्चित बनाएं। मनीश चौधरी ने सभी विभागीय अधिकारियों को वर्तमान सरकार के कार्यकाल के दौरान विभिन्न उपलब्धियों की जानकारी को भी प्रदर्शित करने के निर्देश दिये।

नेशनल लोक अदालत में 3 करोड़ से अधिक का हुआ सेटलमेंट

उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर

सब डिवीजनल न्यायालय सुंदरनगर परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट नंबर-1 और न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कोर्ट नंबर-2 सुंदरनगर में विभिन्न विवादों की लोक अदालत के माध्यम से सुनवाई की गई। इनमें 3 करोड़ से अधिक का सेटलमेंट हुआ। नेशनल लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन के साथ-साथ अन्य मामलों की सुनवाई न्यायालयों द्वारा की गई। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट नंबर-1 सुंदरनगर में कुल 56 दिवानी मामलों में 32 को दोनों पक्षों में समझौते के आधार पर सेटल किया गया।

इसके साथ पैसों की रिकवरी के कुल 9 मामलों से 8 में 99 लाख 60 हजार से अधिक की राशि रिकवर की गई है। इसके अतिरिक्त कई अन्य मामलों में भी समझौता हुआ जिसमें करोड़ों रुपए का सेटलमेंट हुआ है।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 2 अक्तूबर तक होंगे कार्यक्रम

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

खंड विकास अधिकारी चौंतड़ा सरवन कुमार ने बताया कि 'स्वच्छता ही सेवा 2024' कार्यक्रम के अंतर्गत 2 अक्तूबर तक विकास खंड चौंतड़ा में ग्रामीण स्तर पर विशेष स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। यह अभियान 14 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक चलेगा। 15 सितंबर को शौच मुक्त स्तर का सत्यापन एवं अनुमोदन, व्यक्तिगत घरेलू शौचालय व रेट्रोफिटिंग तथा सूखता गड्ढों हेतु लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। 16 से 21 सितंम्बर तक पंचायत प्रतिनिधियों, युवक मंडल, महिला मंडल, स्वयं सहायता समूह, एनजीओ एवं जन साधारण के सहयोग से जल स्त्रोतों आदि की सफाई, सार्वजनिक स्थानों, पर्यटक स्थलों, सड़कों, पहाड़ी ढलानों से प्लास्टिक का संग्रहण एवं सैग्रीगेशन शैड में भंडारण किया जाएगा। 25 से 28 सितंबर तक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। 29 सितंबर से 1 अक्तूबर तक स्वच्छता स्तर की स्थिति जानी जाएगी। 2 अक्तूबर को ग्राम पंचायत एवं स्वयं सेवी संस्था को सम्मानित किया जाएगा।

दिक्कत डिपुओं पर दाल का टोटा, उपभोक्ताओं को उठानी पड़ रही है परेशानी

सिविल सप्लाई के गोदाम में नहीं पहुंची दाल की सप्लाई

आदर्श यादव, नेरचौक

सिविल सप्लाई के गोदाम में सितंबर माह की दाल की सप्लाई अभी तक नहीं पहुंच पाई है। दाल की सप्लाई न पहुंचने से उचित मूल्य की दुकानों में उपभोक्ताओं को बिना दलों के ही राशन लेना पड़ रहा है जिससे उपभोक्ता परेशान है।

उचित मूल्य की दुकानों पर यह सिलसिला पिछले कई माह से जारी है। डीपू पर उपभोक्ताओं को लंबे समय से एक मुस्त राशन नहीं मिल पा रहा है जिससे उपभोक्ता परेशान है।

कभी दाल तो कभी तेल और कभी चीनी की सप्लाई समय पर नहीं आती है जिससे उचित मूल्य की दुकानों पर किसी न किसी सामग्री की किल्लत चली रहती है। इसी कड़ी में इस माह दाल की कीमत चल रही है।

बाजार से खरीद रहे दाल

उचित मूल्य की दुकानों पर दालें न मिलने से सायर के त्योहार पर उपभोक्ताओं को ऊंचे दामों पर बाजार से दाल खरीदने की नौबत आ गई है। उपभोक्ता कमल, नारायण, देवेंद्र, सुनील, ममता,सीता व कुसुम ने बताया कि जब भी त्यौहार होता है उचित मूल्य की दुकानों पर एकमुश्त राशन नहीं मिलता है जिससे महंगाई के इस दौर में बहुत परेशानी होती है। इन उपभोक्ताओं ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से उचित मूल्य की दुकानों पर एक मुस्त सामग्री मुहैया करवाने की अपील की है।

अनंत ज्ञान खास खबर

सप्लाई समय पर नहीं पहुंच रही

उचित मूल्य की दुकानों पर केंद्र व प्रदेश सरकार दोनों की ओर से उपभोक्ताओं को राशन मुहैया करवाया जाता है, जिसमें आटा व चावल केंद्र सरकार की ओर से तथा दाल तेल व चीनी प्रदेश सरकार की ओर से दी जाती है। प्रदेश सरकार साल में चार बार यानी 3 महीने के पश्चात इन वस्तुओं के टेंडर लगती है। टेंडर प्रक्रिया का प्रोसेस लंबा होने के कारण सप्लाई नहीं पहुंच पाती है, जिससे सारी व्यवस्था खराब होती है।

उचित मूल्य के दुकान धारकों को हर माह एक मुस्त राशन मुहैया करवाया जाता है मगर कई बार कुछ तकनीकी कारणों से सप्लाई बाधित हो जाती है जिस वजह से विलंब होता है। मगर फिर भी उपभोक्ताओं को हर माह का कोटा पूरा करके दिया जाता है।

-शाह हुसैन, प्रभारी मुख्य गोदाम, सिविल सप्लाई लूना पानी।

हर महीने डिपो पर सामग्री समय पर पहुंचे इसके लिए एडवांस में हम सिविल सप्लाई को डिमांड समय पर भेज देते हैं। दाल की सप्लाई में विलंब होने का क्या कारण है यह सिविल सप्लाई के संबंधित विषय है।

-विकास शर्मा, निरीक्षक, खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग बल्ह।

2024 में पितृ पक्ष 17 सितंबर से शुरू

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

जोगिंद्रनगर में शनिवार को शारदा ज्योतिष निकेतन ज्योतिषाचार्य विभा शर्मा ने अनंत ज्ञान से खास बातचीत की और उन्होंने बताया कि हर साल की भांति इस वर्ष भी पितृ पक्ष का प्रारंभ भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि से होता है।

ज्योतिषाचार्य विभा शर्मा।

पितृ पक्ष के 15 से 16 दिनों में पितरों के लिए तर्पण, श्राद्ध, पिंडदान आदि किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पितृपक्ष के समय में पितरों का निवास धरती पर होता है। जो पितर तृप्त या अतृप्त होते हैं, सबके लिए ही तर्पण, श्राद्ध आदि किए जाते हैं। जिन लोगों पर पितृ दोष होता है, वे भी पितृ पक्ष में उससे मुक्ति के उपाय कर सकते हैं। पितृ पक्ष में तर्पण, श्राद्ध आदि के लिए 16 तिथियां होती हैं। हर पितर की अपनी एक निश्चित तिथि होती है, उस तिथि पर उनके लिए तर्पण, श्राद्ध आदि करते हैं। जिनकी तिथि मालूम नहीं होती है, उनके लिए भी व्यवस्था है. वैसे आप पितृ पक्ष में सभी दिन आप अपने पितर को तर्पण दे सकते हैं कि पितृ पक्ष कब से शुरू है? पितृ पक्ष की 16 तिथियां कब-कब हैं

वहीं इस साल पितृपक्ष की शुरुआत 17 सितंबर को भाद्रपद पूर्णिमा तिथि से हो रहा है। उस दिन श्राद्ध की पूर्णिमा तिथि होगी। पितृ पक्ष का समापन 2 अक्टूबर को सर्व पितृ अमावस्या यानी आश्विन अमावस्या के दिन होगा।

पितृ पक्ष की तिथियां

17 सितंबर, मंगलवार- प्रोष्ठपदी/ पूर्णिमा श्राद्ध
18 सितंबर, बुधवार - प्रतिपदा का श्राद्ध
19 सितंबर, गुरुवार - द्वितीया का श्राद्ध
20 सितंबर, शुक्रवार - तृतीया का श्राद्ध
21 सितंबर, शनिवार - चतुर्थी का श्राद्ध
22 सितंबर, रविवार - पंचमी का श्राद्ध
23 सितंबर, सोमवार - षष्ठी का श्राद्ध और सप्तमी का श्राद्ध
24 सितंबर, मंगलवार - अष्टमी का श्राद्ध
25 सितंबर, बुधवार - नवमी का श्राद्ध
26 सितंबर, गुरुवार - दशमी का श्राद्ध
27 सितंबर, शुक्रवार - एकादशी का श्राद्ध
29 सितंबर, रविवार - द्वादशी का श्राद्ध
29 सितंबर, रविवार - मघा का श्राद्ध
30 सितंबर, सोमवार - त्रयोदशी का श्राद्ध
01 अक्टूबर, मंगलवार - चतु र्दशी का श्राद्ध
02 अक्टूबर, बुधवार - सर्व पितृ अमावस्या।

न्यूज ब्रीफ

केजरीवाल को जमानत मिलने पर खुशी जताई

अनंत ज्ञान, गगरेट। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को जमानत मिलने पर हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना की गगरेट विधानसभा क्षेत्र के आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में खुशी दिखी। उन्होंने अपनी खुशी दौलतपुर चौक में लड्डू बांटे कर अपनी खुशी प्रकट की। उन्होंने इस दौरान केजरीवाल जिंदाबाद और आम आदमी पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए। इस मौके पर केजी पराशर, पूर्ण चंद, राज ठाकुर, मनोहर डडवाल, दुलंब सिंह, महेश कुमार, मास्टर सुभाष शर्मा, मुल्खराज शर्मा, दिलबाग सिंह आदि उपस्थित रहे।

सुभाष शास्त्री पीटीए के प्रधान बने

अनंत ज्ञान, बंगाणा। अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में पेरेंट्स टीचर एसोसिएशन सत्र 2024-25 के लिए नई कार्यकारिणी सदस्यों का गठन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। इस गठन में सर्वसम्मति से प्रधान सुभाष शास्त्री, उपप्रधान रमन कुमार, सचिव डॉ. सिंह कुलदीप, संयुक्त सचिव प्रवीण शर्मा, मुख्य सलाहकार सुरम सिंह, कोषाध्यक्ष अजय कुमार, सहयोजित सदस्य, सुमना देवी, श्याम लाल, पेरेंट्स सदस्य गुलजारी लाल, विजय कुमार, लीगल सलाहकार जोगिंद्र देव आर्य, शिक्षण स्टाफ के सदस्य, किरण कुमारी, नंद लाल, डॉ. विनोद कुमार को बनाया गया। इस अवसर पर समस्त कॉलेज स्टाफ एवं अभिभावक मौजूद रहे।

शिविर में जांचीं आंखें, रक्तदान शिविर आयोजित

हीना पठानिया, बड़ूही। शिवालिक सेवा समिति के तत्वावधान में राजकीय प्राथमिक पाठशाला हारसा जोल खंड बंगाणा उपतहसील जोल में निशुल्क नेत्र जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि चिंतपूर्णी विकास समिति के संस्थापक एवं शिवालिक सेवा समिति के संयोजक अश्वनी धीमान ने किया। शिविर में क्षेत्रीय अस्पताल ऊना की अनुभवी टीम द्वारा अभ्यर्थियों को अपनी सेवाएं दी गईं तथा साथ ही रक्तदान शिविर का आयोजन भी क्षेत्रीय अस्पताल ब्लड बैंक ऊना के सहयोग से लगाया गया। इस अवसर पर राजेश कुमार (स्वास्थ्य शिक्षक) द्वारा तपेदिक, एड्स, आंखों की देखभाल तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जनकल्याणकारी नीतियों की जानकारी उपलब्ध करवाई गई। इस शुभ अवसर पर शिवालिक सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. सुरेश गर्ग और सचिव राजेश शर्मा ने अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद किया। डॉ. सुरेश गर्ग ने बताया की लगभग 170 से ज्यादा जरूरतमंद लोगों निशुल्क दवाइयां व नजर के चश्मे वितरित किए गए, लगभग 17 रोगियों को ऊना अस्पताल में लेंस डाले जाएंगे! इस शिविर में डॉक्टर शशांक प्रभारी सांसद अस्पताल सेवा तथा उनकी टीम द्वारा इच्छुक 50 अभ्यर्थियों के नि:शुल्क मेडिकल टेस्ट भी किये गए, विभिन्न स्वंयसेवियों द्वारा 20 यूनिट रक्त दान किया गया। (अनंत ज्ञान)

घनारी में पोषण माह के अंतर्गत शिविर आयोजित

अनंत ज्ञान, गगरेट। बाल विकास परियोजना गगरेट के सौजन्य से वृत घनारी में पर्यवेक्षक द्वारा पोषण माह के अंतर्गत पोषण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नंगल जरियालां की प्रधान सीमा देवी और विशेष रूप से आयुष से डॉ. शिल्पी शर्मा उपस्थित रहे। वृत पर्यवेक्षक आरती ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रमों की सफलता के लिए जहां जन-जन का सहयोग आवश्यक है, वहीं जन प्रतिनिधियों, स्कूल प्रबंधन समितियों, सरकारी विभागों, सामाजिक संगठनों तथा समस्त सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की समावेशी भागीदारी अपेक्षित है। उन्होंने लोगों को बेटी बचायो बेटी पढ़ाओ अभियान के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर गर्भवती, धात्री एवं नवजात शिशु का हेल्थ चेकअप करवाना अति आवश्यक है।

बंद का नादौन में रहा मिलाजुला असर

नादौन। हिमाचल के संजौली व मंडी में बनी मस्जिदों को लेकर शनिवार को विश्व हिंदू द्वारा बुलाए गए बंद का नादौन में मिलाजुला असर देखने को मिला। विश्व हिंदू परिशद द्वारा बाजार बंद के आह्वान के चलते कई लोगों ने खरीददारी के लिए आने से परहेज किया लेकिन छुटटी होने के कारण काफी लोगों ने खरीददारी की। उधर व्यापार मंडल के प्रधान त्रिभुवन ठाकुर, उपाध्यक्ष रमेश जैन, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष एवं पार्षद तरुण कपिल, पूर्व उपाध्यक्ष एवं पार्षद योग राज के अलावा काजू जैन, मोहन लाल, सन्नी, पप्पू सेठी, संजू ठाकुर, बिट्टू व यशपाल भाटिया ने शिमला के संजोली व मंडी में अवैध रूप से मुस्लिम सामुदाय द्वारा बनाई गई मस्जिदों व हिंदू संगठनों पर किए गए लाठीचार्ज का विरोध करने हुए नारेबाजी की तथा सरकारी भूमि पर बनी मस्जिदों को हटाने की मांग की है।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ऊना जिले में आलू आधारित आर्थिकी को प्रोत्साहित करने पर दिया जोर, बोले-

सरकार आलू आधारित आर्थिकी के लिए बनाएगी मजबूत व्यवस्था

राजेश शर्मा, ऊना

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ऊना जिले में आलू आधारित आर्थिकी को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि सरकार इसके लिए ठोस कदम उठाएगी। उन्होंने उपायुक्त ऊना को आलू की खरीद और बिक्री के लिए एक सुदृढ़ तंत्र विकसित करने हेतु विस्तृत अध्ययन कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह हिमाचल में सेब आधारित आर्थिकी को सफलता मिली है, उसी तरह ऊना में आलू आधारित आर्थिकी के लिए भी संभावनाएं हैं।

शनिवार को ऊना जिले के हरोली के पूबोवाल गांव में आयोजित 75वें वन महोत्सव के अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ऊना के किसान बड़े पैमाने पर आलू की खेती करते हैं और यहां आलू की बंपर पैदावार होती है। सरकार मजबूत व्यवस्था बनाकर आलू आधारित आर्थिकी तंत्र विकसित करने का काम करेगी। उन्होंने हरोली के बीत क्षेत्र में किसानों के खेतों की संपूर्ण बाड़बंदी की दिशा में भी निर्णायक कदम उठाने के निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री ने प्रशासन को किसी को भी तालाबों को मिट्टी से भरकर समतल करने की अनुमति न देने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरोली विस में तालाबों की रिर्चाजिंग पर 12 करोड़ रुपए व्यय किए गए हैं।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही हरोली में बस डिपो खोला जाएगा। इसके अलावा हरोली में नए बस अड्डे का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरोली विधानसभा में विभिन्न सड़कों के सुधार और विस्तार कार्य तथा पुलों के निर्माण पर 70 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वे नाम की प्लेटें लगवाने में विश्वास नहीं रखते। लोग प्लेटों पर नाम से नहीं, बल्कि काम से याद रखते हैं। हरोलीवासी गवाह हैं कि जो विकास के काम यहां हुए हैं, वे एक मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं पर चाहे कोई भी नाम लगा दें, लेकिन जनता सच्चाई जानती है।

वन महोत्सव के दौरान उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और अन्य।

पूबोवाल में वन महोत्सव में की शिरकत, रोपी हरियाली

बच्चों के जन्म पर लगाएं पौधा : उपमुख्यमंत्री ने बेटी डॉ. आस्था अग्निहोत्री के साथ वन महोत्सव के अवसर पर पौधरोपण किया तथा लोगों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने का आह्वान किया। इस मौके डीसी, एसपी समेत अन्य अधिकारियों और गणमान्य जनों ने भी पौधे रोपे। उपमुख्यमंत्री ने लोगों से पौधारोपण को अपने जीवन से जोड़ने की अपील की। बच्चे के जन्म पर पौधा लगाएं, जब वे स्कूल में दाखिल हों, तब भी उनके नाम पर पौधा लगाएं। इससे पौधों के साथ जुड़ाव और प्रकृति से अपनापन होगा।

डीसी ने पौधरोपण की बताई महत्ता : इस मौके उपायुक्त जतिन लाल ने अपने संबोधन में लोगों से पौधरोपण की अहमियत समझने तथा अपना दायित्व पहचानने की अपील की। उन्होंने इस मुहिम को जन आंदोलन बनाने और सभी से इसमें भागीदारी निभाने का आग्रह किया। इस अवसर पर कंजर्वेटर फॉरेस्ट निशांत मंढोत्रा ने कहा कि वन ऊना जिले में पौधारोपण मुहिम में 3 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। लोगों को स्कूलों, स्वयं सहायता समूह और पंचायतों के माध्यम से 1 लाख 5 हजार पौधे वितरित किए गए हैं। वहीं, डीएफओ सुशील राणा ने पौधारोपण मुहिम के तहत ऊना जिले में किए प्रयासों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित डेरा बाबा श्रीचंद जी के बाबा संतोष दास बिट्टू ने भी वन महोत्सव के अवसर पर अपने विचार रखे और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनभागीदारी पर बल दिया।

ये रहे उपस्थित : कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री की पुत्री डॉ. आस्था अग्निहोत्री, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रणजीत राणा, प्रदेश कांग्रेस सचिव अशोक ठाकुर, जिला कांग्रेस ओबीसी सैल के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, कांग्रेस के लीगल सैल के चेयरमैन वीरेंद्र मनकोटिया, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष धर्म चंद चौधरी, हरोली कांग्रेस के एससी सेल के अध्यक्ष यशपाल, पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह समेत अन्य अधिकारी तथा स्थानीय लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

पूबोवाल साइट के लिए बने मास्टर प्लान

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि 2 करोड़ रुपए खर्च करके पूबोवाल तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा। तालाब के पानी की साफ-सफाई और गांव की जल निकासी का शोधन करके पानी तालाब में डालने की व्यवस्था के लिए वैज्ञानिक तरीके से काम किया जा रहा है। इसमें विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है। उन्होंने कहा कि इसे एक ऐसे मनोरम स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां लोगों के लिए सैर करने, मनोरंजन और बच्चों के लिए खेल के इंतजाम हों। यहां चंडीगढ़ के 17 सेक्टर की तर्ज पर एक भव्य फाउंटेन भी लगाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को पूबोवाल तालाब के साथ के क्षेत्र के विकास के लिए मास्टर प्लान बनाने के निर्देश दिए।

बीत क्षेत्र के लिए 75 करोड़ की सिंचाई योजना

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 75 करोड़ रुपए से बीत क्षेत्र में सिंचाई योजना-2 बनाने का काम किया जा रहा है। इससे पहले बीत क्षेत्र सिंचाई योजना-1 के जरिए सिंचाई सुविधा के स्तरोन्नयन का काम किया गया है। दूसरी योजना बनने से यहां हर खेत को पानी पहुंचाने का लक्ष्य हासिल किया जाएगा। इससे किसानों को बड़े पैमाने पर लाभ होगा।

ट्रेड फेयर को लेकर पैदा हुआ व्यापारियों का गतिरोध समाप्त

अंब में माता श्री चिंतपूर्णी जी महोत्सव को लेकर उत्पन्न हुई थी असमंजस की स्थिति

अनंत ज्ञान, अंब

माता श्री चिंतपूर्णी जी महोत्सव के दौरान लगने वाले ट्रेड फेयर को लेकर उपजा गतिरोध विधायक सुदर्शन सिंह बबलू के हस्तक्षेप के बाद समाप्त हो गया है। शनिवार को विश्रामगृह अंब में व्यापार मंडल के प्रधान कुलदीप शर्मा के नेतृत्व में उपाध्यक्ष अजय बिट्टू, महासचिव अश्विनी शर्मा, चेयरमैन आशुतोष शर्मा, सलाहकार प्रदीप ठाकुर सहित समस्त व्यापारियों ने विधायक सुदर्शन बबलू से बैठक की।

व्यापारियों ने इस दौरान आयोजित होने महोत्सव के दौरान लगने बाले ट्रेड फेयर को न लगाने की मांग उठाई, साथ ही उन्होंने कुठेड़ा खैरला में प्रतिवर्ष लगने बाले ट्रेड फेयर को भो भविष्य में बंद करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यापारिक मेलों से स्थानीय दुकानदारों को काफी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है।

व्यापार मंडल के सदस्य विधायक सुदर्शन बबलू के साथ।

विधायक ने व्यापारियों की मांगों को सुनने के बाद उनकी जायज मांगों को पूरा करने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि महोत्सव के दौरान चलने वाले ट्रेड फेयर की इस बार सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं, ऐसे में इसमें कोई फेरबदल करना तर्कसंगत नहीं है।

उन्होंने व्यापारियों की समस्या को देखते हुए आश्वस्त किया कि 26 से 28 सितंबर तक चलने बाले महोत्सव के बाद ट्रेड फेयर का आयोजन 30 सितंबर तक ही किया जाएगा और अगले वर्ष व्यापारियों की सुविधा और हितों को ध्यान में रखते हुए माता श्री चिंतपूर्णी जी महोत्सव का आयोजन होगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि कुठेड़ा खैरला में प्रति वर्ष होने वाले मेले से व्यापारियों को कोई हानि न हो, इसके लिए हरसंभव जरूरी कदम उठाया जाएगा।

उधर, व्यापारी वर्ग ने माता श्री चिंतपूर्णी जी महोत्सव में पूर्ण सहयोग देने की बात कही है। साथ ही व्यापारियों ने महोत्सव के दौरान ट्रेड फेयर को लेकर हो रही राजनीतिक बयानबाजी को व्यापारी वर्ग ने गैर जरूरी बताया है। उन्होंने कहा कि आज विधायक के साथ हुई व्यापारियों की बैठक सौहार्दपूर्ण व सार्थक रही है।

कक्कड़ गांव के 11 वर्षीय बच्चे की कुएं में डूबने से मौत

अनंत ज्ञान, भरेड़ी। भोरंज उपमंडल के गांव कक्कड़ के 11 वर्षीय बच्चे के कुएं में डूबने से मौत हो गई, जिससे गांव में मातम छा गया। कक्कड़ पंचायत के प्रधान विनोद कुमार ने बताया कि नैतिक पुत्र पवन कुमार जो कि कक्कड़ गांव का रहने वाला था, उसकी लज्यिणी गांव में कुएं में डूबने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि नैतिक अपनी बहन सानिया के साथ अपने सहेली के घर लज्यिणी में गया हुआ था। शनिवार को सानिया के सहेली के भाई के साथ लज्यिणी गांव में कुएं में नहाने को चला गया। नैतिक को तैरना नहीं आता था, उसने भी कुएं में छलांग लगा दी और डूब गया। जब तक लोगों ने नैतिक को कुएं से निकाला तो उसकी मौत हो चुकी थी। भोरंज पुलिस एसएचओ निर्मल सिंह ने बताया कि बच्चे का पोस्टमार्टम करवाकार शव को परिवार वालों को सौंप दिया जाएगा।

विधायक बबलू ने डीसी संग लिया माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव की तैयारियों का जायजा

अनंत ज्ञान, ऊना

चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू ने उपायुक्त जतिन लाल के साथ मेला मैदान अंब का दौरा कर माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। हिमाचल प्रदेश में धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को एक नई ऊंचाई पर ले जाने के उद्देश्य से पहली बार आयोजित हो रहा यह महोत्सव 26 से 28 सितंबर तक मनाया जाएगा।

इस मौके पर विधायक सुदर्शन बबलू ने प्रशासन द्वारा महोत्सव के सफल आयोजन के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव न केवल जिले के धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय व्यापारियों और कारोबारियों के लिए भी नए अवसर पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के प्रयासों से राज्य सरकार धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को एक नई दिशा देने के लिए तत्पर है और यह महोत्सव उसी दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

विधायक सुदर्शन बबलू और उपायुक्त जतिन लाल मेले का जायजा लेते हुए।

वहीं, उपायुक्त जतिन लाल ने अधिकारियों को भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को महोत्सव के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें एक सुरक्षित और बेहतर अनुभव मिल सके। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के विजन को साकार करने के लिए तत्पर है और महोत्सव की सभी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है।

महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिताएं होंगी। इसके अलावा लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए विभिन्न विभाग विकास प्रदर्शनी लगाएंगे। इस दौरान अंब के एसडीएम सचिन शर्मा सहित गणमान्य उपस्थित थे।

चैस के फाइनल में बट्टकलां की टीम ने हरोली और कन्या संतोषगढ़ ने छतरपुर को हराया

नरेश सिंघा, टाहलीवाल। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संतोषगढ़ में चल रही तीन दिवसीय महिला वर्ग की 50वीं खंड स्तरीय हरोली एवं ऊना ब्लॉक की अंडर -19 प्रतियोगिता के दूसरे दिन बहुत ही रोचक मुकाबले हुए। मेजबान स्कूल के प्रिंसिपल गुरवचन लाल धीमान एवं प्रतियोगिता के समन्वयक डॉ. मुनीश राणा ने बताया कि चैस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मेजबान कन्या स्कूल संतोषगढ़ ने छतरपुर की टीम को हराया, जबकि हरोली ब्लॉक के चैस के फाइनल मुकाबले में बट्ट कलां की टीम ने हरोली की टीम को हराकर फाइनल मुकाबला अपने नाम किया। कबड्डी के फाइनल मुकाबले में बसदेहड़ा की टीम ने संतोषगढ़ को हराया। वॉलीबाल के हुए पहले सेमीफाइनल मुकाबलों में धर्मपुर की टीम ने हरोली की टीम को हराया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में वीपी एस बहडाला की टीम ने नंगड़ा की टीम हराकर फाइनल में प्रवेश किया। बैडमिंटन के हुए मुकाबलों में गर्ल्स ऊना की टीम ने सेमीफाइनल में स्कॉलर यूनिफाइड को हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में एसडी स्कूल संतोषगढ़ ने वीपीएस बहडाला को हराकर फाइनल में जगह बनाई। बैडमिंटन के हरोली जॉन में कुठार बीत ने पांडोगा को तथा हरौली ने बाल भारती बाथु की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। (अनंत ज्ञान)

संदीप को नादौन कॉलेज पीटीए की कमान

अनंत ज्ञान, नादौन। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन में पीटीए कार्यकारिणी के चुनाव में संदीप कुमार सोनी को सर्वसम्मति से पीटीए का प्रधान चुना गया। बैठक की अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉक्टर अनिल कुमार गौतम ने की, जबकि पीटीए कार्यकारिणी का गठन प्रोफेसर विक्रम सिंह ठाकुर पीठासीन अधिकारी की देखरेख में संपन्न हुआ। इस बैठक में शैक्षणिक सत्र 2023 -24 के लिए गठित पीटीए को भंग किया गया तथा सत्र 2024 -25 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। नई कार्यकारिणी में संदीप कुमार सोनी को सर्वसम्मति से पीटीए प्रधान चुना गया, जबकि मनोज कुमार उपप्रधान, प्रोफेसर अभिनंदन जैन सचिव, महेंद्र कुमार सह सचिव, संजीव कुमार कोषाध्यक्ष, राजेश कुमार को सलाहकार चुना गया। इसके अलावा राजेश कुमार, अनिल कुमार, निम्मी, जसवीर सिंह, प्रवीण शर्मा, प्रोफेसर कल्पना चड्ढा, प्रोफेसर राजेश कुमार, डॉ. नीतिका, प्रोफेसर रविकांत एवं प्रोफेसर सवीन पुरी को सदस्य कार्यकारिणी चुना गया।

गुरयाह गांव के रास्ते व नालियां होगी चकाचक

एके शर्मा, गलोड़। खास पंचायत के गुरयाह गांव वासियों को अब गांव के कच्चे वह खराब हो चुके रास्ते पर नालियों से निजात मिलेगी। संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत इन रास्तों पर स्थानीय पंचायत खास गलोड़ प्रथम चरण में डेढ़ लाख की राशि खर्च करेगी। खास गलोड़ पंचायत के प्रधान संजीव शर्मा ने गांव के इन कच्चे रास्तों व नालियों का निरीक्षण किया। गांव में जल शक्ति विभाग की पाइपें जो रास्तों के बीच ओपन थीं, उन्हें विभाग से अंडरग्राउंड करने की शुरुआत करवाई व दो-तीन दिनों में इन रास्तों को पक्का करने का कार्य शुरू हो जाएगा। गंदे पानी की निकासी भी अंडरग्राउंड होगी। इन पक्के रास्तों पर पेवर टाइल बिछाई जाएगी। प्रधान संजीव शर्मा ने सभी गांव वासियों से इन रास्तों व नालियों के पक्का होने तक सभी गांव वासियों से सहयोग की अपील की है। पंचायत प्रधान ने बताया कि उनका सपना है कि उनकी पंचायत नादौन क्षेत्र की संपूर्ण स्वच्छता अभियान के अंतर्गत प्रथम स्थान हासिल करें और यह तभी संभव होगा जब सभी पंचायत वासी इसमें सहयोग करेंगे। (अनंत ज्ञान)

आयोजन

हिंदी दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं की आयोजित

भाषण में वैदेही शर्मा रही अव्वल

अनंत ज्ञान, बंगाणा

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा हिंदी विभाग और एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्रीय हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी विभागाध्यक्ष कुलदीप सिंह और एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. सिकंदर नेगी ने की।

हिंदी दिवस पर कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, कविता उच्चारण, निबंध लेखन, नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वैदेही शर्मा और द्वितीय स्थान तनु ठाकुर ने प्राप्त किया। कविता उच्चारण में प्रथम स्थान लता ठाकुर ने और द्वितीय स्थान अकांक्षा शर्मा ने प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहचल कौर और द्वितीय सोनू देवी ने प्राप्त किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंशिका कौंडल ने और द्वितीय स्थान शिखा शर्मा ने प्राप्त किया।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हेम पुष्पा ने, द्वितीय स्थान रीना देवी ने प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति और भाषा के समृद्ध इतिहास को मनाने के लिए हर वर्ष 14 सितंबर को 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसे बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर हिंदी विभागाध्यक्ष कुलदीप सिंह, एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी, एनसीसी ऑफिसर डॉ. विनोद कुमार, प्रो. नंद लाल और डॉ. किरण ठाकुर आदि मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री आवासीय योजना के तहत कुटलैहड़ को 1088 पक्के मकान स्वीकृत

राजेश ठाकुर, बंगाणा

प्रधानमंत्री मोदी, स्वास्थ्य मंत्री नड्डा और अनुराग ठाकुर का दिल से आभार : भुट्टो

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंद्र कुमार भुट्टो ने कुटलैहड़ विस क्षेत्र की 62 पंचायतों के गरीबी रेखा से नीचे परिवारों को प्रधान मंत्री आवासीय योजना के तहत 1088 परिवारों को मकानों की स्वीकृति देने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारत सरकार में स्वास्थ्य मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं भारत सरकार में पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे एवम हमीरपुर लगातार पांचवी दफा जीत का रिकॉर्ड बनाने वाले अनुराग सिंह ठाकुर का कुटलैहड़ की समस्त जनता की तरफ से आभार प्रकट किया।

दविंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल को अपना दूसरा घर मानते हैं। कुटलैहड़ विस क्षेत्र की 62 पंचायतों के परिवारों को प्रधानमंत्री आवासीय योजना के तहत 1088 मकानों की स्वीकृति मिलना अपने आप में गरीब परिवारों को बहुत बड़ा लाभ मिला है। भुट्टो ने कहा कि अनुराग ठाकुर का कुटलैहड़ विस क्षेत्र की जनता पर पूरा आशीर्वाद बना हुआ है और उनके अथक प्रयासों से ही कुटलैहड़ को इतनी बड़ी स्वीकृति मिली है।

भुट्टो ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर के आशीर्वाद से कुटलैहड़ विस क्षेत्र की जनता को केंद्र सरकार की हर योजना का लाभ मिल रहा है। भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में केंद्र सरकार से करोड़ों की योजनाओं को सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने लाकर धरातल पर उतारा है। इसके लिए कुटलैहड़ की समस्त जनता की तरफ से आभार प्रकट करता हूं। भुट्टो ने कहा कि पात्रों का सपना पूरा हो रहा है। इस मौके पर महामंत्री राजेंद्र मलांगड़, सूरम सिंह,सुदर्शन शर्मा, अरुण मनकोटिया आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

न्यूज ब्रीफ

कल से शुरू होगा ब्यासर शौयरी मेला

कुल्लू। कुल्लू की बंदरोल पंचायत के ऐतिहासिक गांव ब्यासर में देवता कुंबरदान नाग, माता फुगनी, बाबा वीरनाथ को समर्पित ब्यासर शौयरी मेला 16 सितंबर से धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मेले में जहां देव परंपरा का निर्वाह होगा। वहीं, रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा खेलकूद प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। देव युवक मंडल के प्रधान देवेंद्र ठाकुर (अंकु) ने बताया कि साजा शायरी से देवता कुंबरदान ब्यासर मेला शुरू होता है और 18 को खेलकूद प्रतियोगिता और रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन देव युवक मंडल ब्यासर के सौजन्य से किया जाता है। हर साल की भांति इस वर्ष भी मेले को धूमधाम से मनाया जा रहा है, जिसमें रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम में 18 को कुल्लू के लोक गायक दीवान कुल्लवी के साथ अन्य कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे और 19 की दूसरी हिमाचली प्रसिद्ध लोक गायिका रमना भारती मेले में धमाल मचाएंगी। देव युवक मंडल के प्रधान देवेंद्र ठाकुर, खेल प्रमुख अनिल ठाकुर, सचिव वीरेंद्र ने बताया कि इसके अलावा खेलकूद प्रेमियों के लिए कबड्डी और वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कबड्डी में प्रथम आने वाली टीम को 17 हजार का नकद इनाम और द्वितीय टीम को 8100 रुपए का इनाम दिया जाएगा। वहीं, मेले में महिला मंडलों के लिए रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। देव युवक मंडल ब्यासर के प्रधान देवेंद्र ने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि मेले में आकर देवी-देवताओं का आशीर्वाद लें और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाएं।

सेवा व अनुभव से सीखने का सुनहरा अवसर

कुल्लू। जिला मुख्यालय में स्थित नेहरू युवा केंद्र कुल्लू के कार्यालय में शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डॉ. लाल सिंह उपनिदेशक, नेहरू युवा केंद्र कुल्लू ने की। बैठक में कुल्लू के विभिन्न युवा मंडलों, गैर-राजनीतिक संस्थाओं और शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य युवाओं को सेवा और अनुभव से सीखने के अवसर प्रदान करने के लिए चर्चा करना था। बैठक में चर्चा का मुख्य केंद्र भारत सरकार के युवा कार्यक्रम विभाग एवं खेल मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए 'मेरा युवा भारत' पोर्टल की योजना रही। इस योजना के अंतर्गत देश की अथाह युवा शक्ति को समाज सेवा के माध्यम से अनुभव प्राप्त करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान किया जाएगा। डॉ. लाल सिंह ने बताया कि इस योजना के प्रथम चरण में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से युवाओं को स्वैच्छिक सेवाओं के लिए चयनित किया जाएगा।

मनाली होटलियर एसोसिएशन के चुनाव रद्द

मनाली। होटेलियर एसोसिएशन मनाली के चुनाव रद्द हो गए हैं। सदस्यों की शिकायत पर डीसी कुल्लू एवं सोसायटी के अतिरिक्त रजिस्ट्रार ने आदेश देते हुए जांच पूरी न होने तक चुनाव में रोक लगा दी है। चुनाव 25 सितंबर को प्रस्तावित थे और शनिवार को नामांकन पत्र भरे जाने थे, लेकिन उससे पहले ही चुनाव पर रोक लग गई है। होटलियर एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी गजेंद्र ने कहा कि होटल एसोसिएशन के कुछ सदस्यों ने डीसी कुल्लू को पिछले कार्यकाल में हुई कुछ खामियों के कारण इस बार के चुनाव में रोक लगाने के लिए शिकायत पत्र दिया है। शिकायतकर्ताओं ने आपत्ति जताई है कि होटल एसोसिएशन के चुनाव पिछले साल 25 सितंबर तक हो जाने चाहिए थे, लेकिन कार्यकाल को एक वर्ष आगे बढ़ाया गया, जिस पर कार्रवाई करते हुए डीसी ने जो कि सोसायटी के अतिरिक्त रजिस्ट्रार भी हैं उन्होंने चुनाव पर रोक लगा दी है। डीसी ने एसडीएम मनाली को मामले की जांच के लिए नियुक्त किया है। दस दिनों के भीतर एसडीएम मनाली अपनी रिपोर्ट डीसी कुल्लू को सौंपेंगे। इस के पश्चात् ही चुनाव की तिथि निर्धारित की जाएगी।

हरिपुर कॉलेज में कबड्डी प्रतियोगिता शुरू

मनाली। जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय हरिपुर में राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता शुरू हुई। रोटरी व रोटरेक्ट क्लब द्वारा समाजसेवी स्वर्गीय शमशेर सिंह की स्मृति में मनाली ज्ञान खेल उत्सव के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता के शुभारंभ में मनाली नगर परिषद की पार्षद चंद्रा पदान मुख्यातिथि पहुंची। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेल जरूरी हैं। चंद्रा ने कहा कि सभी को अपनी दिनचर्या में खेल और शारीरिक गतिविधि को शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ठाकुर ने स्वयं 75 बार रक्तदान कर मनाली के युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। रोटरी क्लब की अध्यक्ष अलका व महासचिव अमिता ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। यह प्रतियोगिता दूसरी बार आयोजित हो रही है। प्रतियोगिता की विजेता टीम को 16 हजार, जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को आठ हजार नकद इनाम व ट्राफी भेंट की जाएगी।

महिलाएं ले रहीं ट्रैवल एंड टूरिस्ट गाइड का प्रशिक्षण

तीर्थन। कुल्लू की तीर्थन घाटी ने हिमाचल के पर्यटन मानचित्र पर अपना एक विशेष स्थान बना लिया है, जिस कारण साल दर साल यहां पर देसी-विदेशी पर्यटकों की आमद में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। विश्व धरोहर ग्रेट हिमालयन नेशनल नेशनल पार्क में पाए जाने वाली जैविक विविधता, तीर्थन नदी की ट्राउट मछली, यहां की शान्त और सुरम्य वादियां, प्रदूषण मुक्त वातावरण, नदियां, नाले, झरने और यहां के पारंपरिक मेले और त्यौहार सहज ही सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। पर्यटन यहां के लोगों के लिए आजीविका का एक मुख्य जरिया बनता जा रहा है। तीर्थन घाटी में पर्यटन और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कुल्लू द्वारा गुशैनी में ट्रैवल एंड टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में घाटी के 35 लोग हिस्सा ले रहे जिसमें करीब 10 महिलाएं भी शामिल हैं। दस दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का 18 सितम्बर को समापन होगा।तीर्थन घाटी में स्थित ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क और यहां के अन्य दर्शनीय स्थलों पर अब देशी विदेशी सैलानियों को महिला गाइड भी सैर कराएंगी। कई बार यहां पर घूमने आने वाली महिला पर्यटकों को महिला पर्यटक गाईड की डिमांड रहती है, क्योंकि कुछ महिलाएं घूमने फिरने के लिए महिला गाइड के साथ ही सहज महसूस करती हैं।

नारा लेखन में अंजना प्रथम, हिमानी द्वितीय

बंजार। राजकीय महाविद्यालय बंजार में हिंदी दिवस और अंतरराष्ट्रीय प्राथमिक चिकित्सा दिवस का भव्य आयोजन किया गया। हिंदी दिवस का कार्यक्रम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रेणुका थपलियाल की अध्यक्षता में हिंदी विभाग और साहित्यिक समिति द्वारा आयोजित किया गया, जबकि एनसीसी इकाई ने नागरिक अस्पताल बंजार के सहयोग से प्राथमिक चिकित्सा दिवस मनाया। निबंध लेखन में ऐश्वर्या प्रथम, चमना द्वितीय स्थान और हिमानी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। नारा लेखन में अंजना प्रथम, हिमानी द्वितीय और पल्लवी और यशपाल ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। पोस्टर मेकिंग में भानुप्रिया प्रथम, अंजू दूसरे और मोना, गोपा को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सुलेख लेखन प्रतियोगिता में भावना प्रथम, दिव्या द्वितीय और उज्ज्वल ठाकुर को तृतीय स्थान मिला। मेंहदी प्रतियोगिता में नेहा प्रथम, दीपेश्वरी द्वितीय और लैंसी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। भाषण में लैंसी और आशा ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, विकास द्वितीय और अंजली को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। दोहा प्रतियोगिता में अंजना प्रथम, धर्मेंद्र ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कविता पाठ प्रतियोगिता में हर्षा प्रथम, अंजली द्वितीय और लैंसी तृतीय वर्ष को तृतीय स्थान मिला। एनसीसी इकाई ने नागरिक अस्पताल बंजार के सहयोग से प्राथमिक चिकित्सा दिवस का आयोजन किया, जिसमें एनसीसी कैडेट्स के लिए एक विशेष व्याख्यान और डेमोंस्ट्रेशन का आयोजन किया गया। डॉ. सचिन ने अपने व्याख्यान में बताया कि दुर्घटना, चोट, कट, जलने और सर्पदंश जैसी आपात स्थितियों में प्राथमिक उपचार कितना महत्वपूर्ण होता है।

अवैध मस्जिद निर्माण को लेकर हिंदू समाज का हल्ला बोल

जमकर हुआ प्रदर्शन, जिलेभर में सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक बंद रहे बाजार, एसडीएम के माध्यम से सरकार को भेजा ज्ञापन

कमलेश वर्मा, कुल्लू

अवैध मस्जिद निर्माण के विरोध को लेकर शनिवार को कुल्लू में भी जमकर प्रदर्शन हुआ। इस ज्वलंत मुद्दे को लेकर कुल्लू में भी हिंदू समाज एकजुट होकर सड़कों पर उतरा और अखाड़ा बाजार स्थित राम गली सहित पूरे जिले में बनीं अवैध मस्जिदों के निर्माण के विरोध में हल्ला बोला।

दोपहर बाद रामशिला स्थित हनुमान मंदिर से लेकर ढालपुर तक हिंदू संगठनों ने रोष रैली निकालकर अवैध मस्जिदों का विरोध किया। इस दौरान जहां कुल्लू जिले के मुख्य बाजारों को व्यापार मंडलों की ओर से सुबह नौ से दोपहर 12 बजे (तीन घंटे) के लिए बंद रखा गया। वहीं, विरोध प्रदर्शन के बाद एसडीएम कुल्लू के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन भी भेजा। ज्ञापन के माध्यम से जिला कुल्लू में बनी अवैध मस्जिदों को गिराने की मांग रखी। वहीं, जिलेभर में बाहर से यहां आकर बिना पंजीकरण के रह रहे लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई करने की मांग रखी। इसके

कुल्लू के लोअर ढालपुर में मस्जिद विवाद को लेकर प्रदर्शन करते हिंदू संगठनों के लोग। (दाएं) एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए हिंदू संगठन के लोग।

अलावा सरकार से ज्ञापन के माध्यम से इस गंभीर मामले पर कड़ी कार्रवाई करने की भी मांग रखी और साथ ही सरकार को 30 तक अवैध मस्जिदों के मामले पर फैसला लेकर इन्हें गिराने का भी अल्टीमेटम दिया। हिंदू समाज से जुड़े सैकड़ों लोगों ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि यदि सरकार इस मामले पर जल्द कोई कार्रवाई नहीं करती है, तो 30 के बाद जिले में बड़े स्तर पर आंदोलन होगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। उधर, विभिन्न संगठनों की मांग का समर्थन करते हुए व्यापार मंडलों ने जिले के बाजार शनिवार को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक बंद रखने का फैसला लिया।

इस दौरान सिर्फ आपातकालीन सेवाएं ही जारी रहीं। हालांकि बाजारों में खरीददारी करने आए लोग बाजार बंद की जानकारी न होने की बजह से परेशान रहे। इस मौके पर महामंडलेश्वर रामशरण दास महंत ने कहा कि इस समय हम सभी का संगठित होना बहुत जरूरी है। ऋषि मुनियों की इस भूमि की पवित्रता को बनाए रखने के लिए हम सभी का संगठित होना बहुत जरूरी है। इस समय जो पूरे विश्व में इस्लामीकरण की राजनिति चल रही है, वह पूरी दुनिया के लिए खतरनाक है। हिमाचल में भोले भाले लोग हैं और इन लोगों द्वारा यहां के लोगों को बहला फुसलाकर और प्रलोभन देखकर किराए पर रहकर और कुछ समय बाद घरों व दुकानों में कब्जे करने की नीति बनाई है, जो कि भविष्य के लिए सही नहीं है। इसलिए अपने धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए हम सभी को आगे आना होगा। (अनंत ज्ञान)

पतलीकूहल समेत कटराई, दुआड़ा और डोभी बाजार रहे बंद

पतलीकूहल। मस्जिद के अवैध निर्माण के विरोध में पतलीकूहल, कटराई, दुआड़ा और डोभी का बाजार सुबह नौ से 12 बजे तक बंद रहा। व्यापार मंडल पतलीकूहल के प्रधान अर्जुन देव गौतम ने कहा कि मस्जिद विवाद को लेकर व्यापार मंडल पतलीकूहल ने सभी वर्गों के व्यापारियों से दुकानें बंद रखने का आग्रह किया था, जिसके चलते व्यापारियों ने दुकानें बंद करने का समर्थन किया। मस्जिद विवाद को लेकर व्यापार मंडल पतलीकूहल ने अपनी एकजुटता दिखाई और व्यापारियों ने बाजार बंद कर अपना विरोध प्रकट किया।

पुलिस का रहा कड़ा पहरा

इस मौके पर पुलिस पूरी तैयारियों के साथ मौजूद रही। रामशिला से लेकर अखाड़ा बाजार मस्जिद और ढालपुर तक पुलिस पूरे मुस्तैदी के साथ प्रदर्शनकारियों के साथ-साथ रही। हालांकि यहां पर माहौल पूरी तरह से शांतिपूर्ण रहा और पुलिस को भी ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी।

हनुमान चालीसा का किया पाठ

इस मौके पर कुल्लू के अखाड़ा बाजार में हिंदू संगठन के लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया। इसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। वहीं, मस्जिद से 10 मीटर की दूरी पर हिंदू संगठन के लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया।

प्रदेश के रंगारंग लोकनृत्यों के साथ विभिन्न देशों की संस्कृति की दिखेगी झलक : सुंदर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

मुख्य संसदीय सचिव एवं जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा आयोजन समिति के अध्यक्ष सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि इस बार 13 से 19 अक्तूबर तक अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस बार यह प्रयास किए जा रहे हैं कि ज्यादा से ज्यादा देशों की इसमें सहभागिता हो। इस बार एक विशेष सम्मिश्रण सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारतीय और विदेशी संस्कृति का मिश्रण प्रस्तुत किया जाएगा। हर वर्ष की भांति अंतरराष्ट्रीय नृत्य महोत्सव इस आयोजन का मुख्य आकर्षण है, जिसमें हिमाचल के रंगारंग लोक नृत्यों के साथ-साथ विभिन्न देशों की संस्कृति को भी प्रदर्शित किया जाएगा। यह बात सुंदर सिंह ठाकुर ने नई दिल्ली

स्थित हिमाचल सदन में आयोजित '30 डेज टू गो' उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने 17वीं शताब्दी से चली आ रही कुल्लू दशहरा की ऐतिहासिक परंपरा की झलक दिखाई। उन्होंने कहा कि कुल्लू में लगभग 365 स्थानीय देवी-देवता निवास करते हैं इसलिए इस भूमि को देवभूमि के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के आयोजन के लिए अब तक 332 स्थानीय देवी-देवताओं को निमंत्रण भेजा जा चुका है। मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम को बड़े स्तर पर आयोजित करने के निर्देश दिए हैं इसलिए न केवल कार्यक्रमों की गुणवत्ता में सुधार करने के प्रयास किए जा रहे हैं, बल्कि इसके विस्तार पर भी विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सातदिवसीय यह कार्यक्रम बीते वर्षों की परंपरा के अनुसार मनाया जाएगा, हालांकि वाणिज्यिक व्यापार मेले दिवाली के त्योहार तक जारी रहेंगे। इसमें ऑटो मेला, ग्रामीण विकास मंत्रालय, कपड़ा मंत्रालय और विभिन्न अन्य संगठनों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी और स्टॉल शामिल हैं। मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कुल्लू दशहरा के बारे में लोगों को व्यापक स्तर पर जागरूक करना है।

चिट्टे के साथ पुलिस ने धरे तीन युवक

कुल्लू। कुल्लू जिले के भुंतर थाने में तलाशी के दौरान युवकों से चिट्टा बरामद होने का मामला सामने आया है। पुलिस थाना भुंतर की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर पारला भुंतर पुराना पुल के पास पंकज शर्मा के मकान में छापा मारकर तलाशी के दौरान आरोपी 38 वर्षीय सुमन कुमार पुत्र स्व. छब्बी लाल निवासी राउली डाकखाना ठेला व थाना भुंतर जिला कुल्लू, जय सिंह निवासी शरण डाकखाना रैला व थाना सैंज जिला कुल्लू एवं गुरचरण सिंह निवासी नागली डाकखाना नागली थाना एयर कमोह, जिला फतेहगढ़ पंजाब के पास से 9 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना भुंतर में धारा 21, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज किया गया है तथा आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस हिरासत रिमांड हासिल किया जाएगा। अभियोग का अन्वेषण जारी है।

हिमालय का संरक्षण हम सभी का मुख्य उद्देश्य : सोनम वांगचुक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने कहा कि हमारा उद्देश्य हिमालय के संरक्षण का संदेश देश वासियों तक पहुंचाना है।

हिमाचल के लोग हमारे साथ जुड़ रहे हैं और हिमाचल सरकार से भी भरपूर समर्थन मिला है। प्रदेश में चिकित्सा सहायता सहित सुरक्षा व्यवस्था देखकर हौसला दोगुना हुआ है। लद्दाखवासियों की दिल्ली चलो पदयात्रा के तहत शनिवार को केलांग पहुंचे सोनम वांगचुक का लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने स्वागत किया और पद यात्रा में भाग लिया। शनिवार को पद यात्रा तुपचिलिंग गोंपा पहुंची। वांगचुक ने बताया कि जैसे ही हिमाचल में दाखिल हुए वैसे ही सभी गांवों के लोगों का अपार समर्थन मिला, जिससे हौंसला दोगुना हो गया। हम लद्दाख से निकले थे, तब 100 लोग थे, लेकिन बुजुर्गों को ऊंचे दर्रों पर कुछ परेशानी हुई, इसलिए वे यहीं रुक गए और हम 75 लोग यहां पहुंचे। लोगों के साथ आने से हमारा समूह 150-200 का हो गया। हम सरकार को पांच साल पहले किए गए वादे को पूरा करने की याद दिलाने के मिशन पर हैं। 15 को पद यात्रा सिस्सू और 16 को मनाली पहुंचेगी।

हिंदी हमारी संस्कृति एवं समाज को करती है सुदृढ़ व संगठित

अनंत ज्ञान, सैंज

पार्वती पावर स्टेशन बिहाली में हिंदी पखवाड़ा शुरू हो गया है।

शनिवार को पार्वती पावर स्टेशन बिहाली के महाप्रबंधक प्रभारी प्रकाश चंद ने हिंदी दिवस के मौके पर पखवाड़े का विधिवत शुभारंभ किया। एनएचपीसी के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं कार्मिकों को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक प्रभारी ने कहा कि राजभाषा हिंदी हमारी संस्कृति एवं समाज को सुदृढ़ व संगठित करती है और हमारी पहचान हमारे देश एवं भाषा से की जाती है। उन्होंने कहा कि कार्यालय में ज्यादा से ज्यादा प्रयोग हिंदी भाषा में ही करें। इस अवसर पर राजभाषा अधिनियमों की जानकारी देते हुए उनकी अनुपालना करने का आह्वान किया। पार्वती पावर स्टेशन के बिहाली स्थित प्रशासनिक भवन में तैनात राजभाषा अधिकारी सुनीता शर्मा बताया कि हर

वर्ष की भांति इस बार भी एनएचपीसी की ओर से राजभाषा के प्रचार एवं प्रसार के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। पूरे पखवाड़े में हिंदी भाषा की तमाम प्रतियोगिताओं के अलावा शब्दावली, पत्र व्यवहार, नोटिंग ड्राफ्टिंग, श्रुतलेख हिंदी टंकण, अनुवाद व पुस्तक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर महाप्रबंधक ए शानमूगम, रंजीत कुमार, सुनील कुमार, डॉ. सतरूपा भट्टाचार्य, राजभाषा अधिकारी सुनीता शर्मा के अलावा पावर स्टेशन के कर्मचारी उपस्थित रहे।

गदोरी गुरुद्वारा में आज स्वास्थ्य जांच शिविर

कुल्लू। कुल्लू जिले के गदोरी में स्थित गुरुद्वारा में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन होगा। सिख धर्म श्री गुरु नानक देव जी के बड़े साहिबजादे धन-धन बाबा श्री चंद्र जी महाराज के 530 में प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में ऐतिहासिक धन-धन बाबा श्री चंद्र जी महाराज गुरुद्वारा श्री गदोरी साहिब में 15 को एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नीरज चंदेल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अक्षत चंदेल, डॉ. राजेश ठाकुर, डॉ. आरएल गुप्ता, डॉ. उमेश जिंदल व सरकारी अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टर एवं आयुर्वेद के विशेषज्ञ डॉक्टर भी अपनी निस्वार्थ सेवा देंगे।

इस अवसर पर शिविर में आने वाले मरीजों को निशुल्क दवाइयां वितरित की जाएंगी व रोटरी नेत्र अस्पताल की ओर से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर अनहद हेल्थकेयर आनंदपुर साहिब के द्वारा निशुल्क फिजियोथेरेपी कैंप का आयोजित किया जाएगा। गुरुद्वारा साहिब गदोरी की तरफ से समस्त जनता से अपील की कि स्वास्थ्य जांच के लिए सभी शिविर में आकर इसका लाभ उठाएं।

चित्र के माध्यम से दर्द से कराहती 'लेडी ऑफ केलांग' का किया रूपांतरण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

केलांग के शुर रेस्तरां पुराना बस स्टैंड में लाहौल फ्यूचर्स थीम पर आधारित चित्र कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। लाहौल फ्यूचर्स एक सामुदायिक कला प्रदर्शनी है, जिसे फिल्मिंग लाहौल प्रोजेक्ट के केसांग ठाकुर और लाइफ एंड हेरिटेज ऑफ लाहौल के तंजिन बोध द्वारा संयोजित किया गया। इस कला प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रसिद्ध पर्यावरणविद व समाजसेवी सोनम वांगचुक ने अपनी पदयात्रा के दौरान किया।

इस दौरान उन्होंने लाहौल के चित्रकारों से भी संवाद किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। अटल सुरंग के निर्माण के बाद लाहौल घाटी में तीव्र सामाजिक-सांस्कृतिक और पारिस्थितिक परिवर्तन हो रहा है। इस महत्वपूर्ण मोड़ पर, लाहौल कलाकार अपने लाहौल-स्पीति के भविष्य के

हिस्से के रूप में व्यक्त किए गए। सूर्यांश और यशिका जैसे युवा कलाकार स्थानीय लोगों के लिए बेहतर बुनियादी ढांचे की कनेक्टिविटी के साथ भविष्य की कल्पना करते हैं, और साथ ही आने वाली दुनिया के लिए भी जो लाहौल की खूबसूरती का अनुभव करेगी। साथ ही, वे सामाजिक और पर्यावरणीय लागतों के बारे में सावधानी भी व्यक्त करते हैं। एक ऐसा भविष्य जिसमें नदियां और नाले स्वतंत्र रूप से बहते रहें, और बर्फ भरपूर मात्रा में हो। इस मौके पर स्थानीय विधायक अनुराधा राणा सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। प्रियंका और अभिमन्यु के लिए, दर्द से कराहती 'लेडी ऑफ केलांग' का रूपांतरण उनके जलते घर की कहानी को बयान करने के लिए एक मार्गदर्शक सूत्र बन गया। बारे में कैसे सोच रहे हैं? उम्मीदें, इच्छाएं, डर, आकांक्षाएं कैसे दिखते हैं और कैसा महसूस करते हैं? लाहौल कलाकार संवाद और सामूहिक चिंतन को बढ़ावा देने में क्या भूमिका निभा सकते हैं, क्योंकि हम एक ऐसे भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं, जिसमें कई वादे हैं और साथ ही साथ बहुत अनिश्चितता और चुनौतियां भी हैं। इन सवालों के साथ, लाहौल फ्यूचर्स का विचार इस सामुदायिक कला प्रदर्शनी के

नाटक से बताया धर्म का चोला ओढ़ कर कैसे कुछ ढोंगी कर रहे अपना स्वार्थ सिद्ध

भुलंग स्कूल में कहानियों की कहानी का दूसरा सफल मंचन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

'रंगमंच गांव-गांव, आंगन-आंगन' की अवधारणा के अंतर्गत स्थानीय संस्था ऐक्टिव मोनाल कल्चरल एसोसिएशन ने संगीत नाटक अकादमी दिल्ली के सहयोग से भुलंग स्कूल के प्रांगण में अपने नाटक 'कहानियों की कहानी' का दूसरा सफल मंचन किया।

केहर सिंह ठाकुर के अभिनय व निर्देशन में सजे इस नाटक हास्य व्यंग्य से भरपूर नाटक को विद्यालय के छात्रों

व अध्यापकों ने देखा और प्रस्तुति का कभी हंसी की फुहारों से तथा कभी तालियों की गड़गड़ाट से स्वागत किया। नाटक की तीनों कहानियों 'भेड़ और भेड़िये', 'जामुन का पेड़' और 'वैष्णव की फिसलन' में केहर द्वारा एकल अभिनय के माध्यम से निभाए गए दर्जन भर किरदारों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया और खूब हंसाया, जहां भेड़ और भेड़िया कहानी ने यह सीख दी कि कैसे हर समय ही कुछ चालाक लोगों द्वारा सत्ता हथियाई जाती है और उस सत्ता का आम लोगों को ही रौंदने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। वहीं, जामुन का पेड़ कहानी ने दिखाया कि बहुत बार अपनी लकीर की फकीरी के कारण प्रशासन की लापरवाही से आम साधारण आदमी की जान को जोखिम हो जाता है और तीसरी कहानी वैष्णव की फिसलन ने दिखाया कि कैसे धर्म का चोला ओढ़ कर उसकी आड़ में बहुत बार कुछ ढोंगी अपना स्वार्थ सिद्ध कर लेते हैं, यहां तक कि अपना उल्लू सिद्ध करने के लिए देवी-देवताओं और भगवान के नाम का भरपूर इस्तेमाल करते हैं।

आयोजन | कुल्लू कॉलेज में मनाया गया हिंदी दिवस, नारा लेखन में पलक पहले और निकिता दूसरे स्थान पर रही

हिंदी दुनिया की तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में हिंदी दिवस मनाया गया। इस दौरान आयोजित नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, कविता वाचन, भाषण, प्रश्नोत्तरी व एक शब्द एक वाक्य प्रतियोगिताओं में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रूपा ठाकुर ने बताया कि नारा लेखन में पलक को पहला व निकिता को दूसरा स्थान मिला। पोस्टर मेकिंग में

कुल्लू कॉलेज में हिंदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान गणमान्य लोग।

नताशा ने प्रथम और महेश्वरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन मे मोनिका कुल्लवी प्रथम, कंगना द्वितीय व साहिल कुमारी तृतीय रहे। कविता वाचन में तमन्ना प्रथम, कशिश शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाषण में सुजान शर्मा प्रथम व करीना को द्वितीय स्थान मिला। वहीं, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की सुजान शर्मा, बीए प्रथम वर्ष के छात्र नीरज व एमए थर्ड ईयर की कोमल ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा बीए प्रथम वर्ष की हेमा, एमए थर्ड ईयर के केहर सिंह व बीए थर्ड ईयर की कृष्णा दूसरे स्थान पर रहीं।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हिंदी दुनिया की तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। सोशल मीडिया के युग में जैसे-जैसे तकनीकी का विकास होता जा रहा है, वैसे-वैसे हिंदी को नया स्वरूप मिल रहा है तथा प्रचार-प्रसार हो रहा है। प्राचार्य ने कहा कि हिंदी गर्व की भाषा है, शर्म की नहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को व्यवहारिक जीवन में अधिक से अधिक हिंदी भाषा का प्रयोग करने की अपील की।

कुल्लू कॉलेज की प्रीति प्रदेश में अव्वल

भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित राजभाषा हिंदी समारोह में कुल्लू कॉलेज के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। शिमला के गेयटी थियेटर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तरी, कविता वाचन व भाषण प्रतियोगिता मे क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य ने बताया कि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रीति राणा ने प्रदेश में अव्वल स्थान प्राप्त किया। कविता वाचन प्रतियोगिता में प्रभा शर्मा को द्वितीय और भाषण प्रतियोगिता में वंशिका शर्मा को तृतीय स्थान मिला।

न्यूज ब्रीफ

मारपीट के पीड़ित ने एम्स बिलासपुर में तोड़ा दम

बीबीएन। पुलिस थाना रामशहर के भिणी जोहड़ी में एक व्यक्ति का रास्ता रोककर मारपीट करने के मामले में पीड़ित ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान कृष्ण पाल उर्फ गोरखा पुत्र राम लाल निवासी कासला नालागढ़ से हुई, जो कि 29 अगस्त को हुई मारपीट के बाद उपचाराधीन था, जिसने एम्स बिलासपुर में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है, जबकि पुलिस ने उक्त मामले में पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। एसपी बद्दी इल्मा अफरोज ने पीड़ित के परिवार से व्यक्तिगत तौर पर भेंट करके सांत्वना दी और उचित कानूनी कार्रवाई का भी विश्वास दिलाया। एसपी बद्दी ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

बास्केटबॉल क्लस्टर में गुरुकुल उपविजेता

सोलन। सेंट सोल्जर डिवाइन स्कूल, पंचकूला में अयोजित सीबीएसई बास्केटबॉल क्लस्टर अंडर-19 टूर्नामेंट में सोलन के गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता 9 से 13 तक चली इस प्रतियोगिता में गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल सोलन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में गुरुकुल के जतिन चौधरी, सक्षम डोगरा, रचित कपूर, रजत, आयूष राणा, पार्थ ठाकुर, आदित्य शर्मा, हर्ष नेगी, ध्रुव, आदर्श शर्मा व नित्यांश पंवर ने भाग लिया। टीम को ट्रॉफी व सभी खिलाड़ियों को सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस टूर्नामेंट के दौरान जतिन चौधरी ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। चौधरी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

मुकेश शर्मा बने सोलन कॉलेज पीटीए के प्रधान

सोलन। राजकीय महाविद्यालय सोलन की शनिवार को अध्यापक अभिभावक संघ (पीटीए) की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें आमराय से मुकेश शर्मा को प्रधान, स्नेह वर्मा को उपप्रधान, डॉ. सतीश ठाकुर को सचिव, ओमप्रकाश को संयुक्त सचिव, प्रो. सचिना शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा संदीप धवन, दुनीचंद, डॉ. कल्पना भारद्वाज, हीरा छेत्री, डॉ. वंदना को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। बैठक की अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉ. रीता शर्मा ने की। डॉ. शर्मा ने नव गठित कार्यकारिणी को बधाई दी।

शुक्रवार से अवरुद्ध मालिंग नाला, बहाल

जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ। शुक्रवार को हुई बारिश के बाद एनएच-505 मालिंग नाला के पास पहाड़ी से पत्थर गिरने से मार्ग पूरी तह बंद हो गया था। मार्ग अवरुद्ध होने से शनिवार दोपहर तक जिले के चांगो, शलखर, समदो सहित स्पीति का क्षेत्र पूरी तरह कट गया था। सीमा सड़क संगठन के अधीन मालिंग नाला की बहाली के लिए दो मशीन सहित कामगार लगाए गए। शनिवार दिन को मलिंग नाला के पास अवरुद्ध राष्ट्रीय उच्चमार्ग-505 को सभी प्रकार के वाहनों के लिए बहाल कर दिया है। मार्ग बहाली के साथ शुक्रवार से अवरुद्ध मार्ग में फसें वाहन अपने गंतव्य को निकले व लोगों ने राहत ली। सुबह के समय रुक-रुक कर पहाड़ी से पत्थरों के गिरने से सीमा सड़क संगठन को सड़क बहाली में दिक्कतें पेश आ रही थी। सीमा सड़क संगठन के मलिंग में तैनात अधिकारी राकेश ने कहा कि बारिश के बाद पहाड़ी से पत्थर गिरना शुरू हो गया था एतिहातन वाहनों की आवाजाही बंद कर दी थी। देर रात को अधिक बोल्डर गिरने से सड़क पूरी तरह बंद ही गई थी।

लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल में बताया हिंदी दिवस का महत्व

अर्की। लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल में राष्ट्रीय हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर विद्यार्थियों को अलग-अलग गतिविधियों द्वारा हिंदी दिवस का महत्व बताया गया। इस उपलक्ष्य में स्कूली बच्चों द्वारा स्लोगन, सुलेख, निबंध लेखन, चित्रकला कंपटीशन में भाग लिया। स्कूल की प्रधानाचार्य डॉक्टर कुसुम गुप्ता ने बच्चों को हिंदी भाषा का महत्व और प्रयोग के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि हिंदी दिवस मनाने का उद्देश्य अपनी आधिकारिक भाषा का विश्व भर में प्रचार-प्रसार करना है। इस मौके पर उनके साथ चेयरमैन डॉक्टर प्रेम गुप्ता एमडी आकाश गुप्ता विशेष अतिथि रहे।

जान जोखिम में डाल मारकंडा नदी पार करने को मजबूर

नाहन। नाहन के अंतर्गत आने वाली पंचायत विक्रम बाग के गांव मंडेरवा के लोग भारी बरसात के बाद जान जोखिम में डाल मारकंडा नदी पार करने को मजबूर हैं। इन दिनों मारकंडा नदी उफान पर है। यहां निर्माणधिन पुल अधर में लटका है। गांव मंडेरवा के लोगों का संपर्क मुख्य सड़क से कटा चुका है। ऐसे में आज प्रातः काल जब स्कूली बच्चों को स्कूल भेजने की बात आई, तो अभिभावकों ने जान जोखिम में डाल बच्चों को पीठ पर उठाकर उफान पर मारकंडा नदी को पार किया। स्थानीय लोगों का मारकंडा नदी को पार करते हुए वीडियो भी सामने आई है जो प्रदेश सरकार समेत जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े कर रही है। आपको बता दें उक्त पुल का निर्माण पूर्व की भाजपा सरकार के कार्यकाल में शुरू हुआ था, जो आज तक पूरा नहीं हो पाया है और गांव मंडेरवा के लोग आज भी जान जोखिम में डालकर मारकंडा नदी को पार करने को मजबूर हैं।

कथेड़ में शिलान्यास के 6 साल बाद भी ट्रांसपोर्ट नगर प्रोजेक्ट अधर में

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने 2018 में रखी थी नींव, अभी तक शुरू नहीं हुआ निर्माण, वाहन दुर्घटना का बना रहता अंदेशा

आर मोहन चौहान, सोलन

परवाणू-सोलन-कैंथलीघाट फोरलेन से प्रभावित स्पेयर पार्ट, वर्कशॉप दुकानदारों और मैकेनिकों को आज तक स्थायी ठिकाना नहीं मिल पाया है। इसलिए सोलन के कथेड़ में ट्रांसपोर्ट नगर की योजना तो बनी पर उपेक्षा के चलते इसका निर्माण शिलान्यास के छह साल बाद भी अधर में है।

ट्रांसपोर्ट नगर का उद्देश्य सोलन में फोरलेन से विस्थापित मोटर मैकेनिकों का पुनर्वास करने के साथ शहर की सड़कों पर पार्क वाहनों को उचित पार्किंग देना है। साथ ही जिनकी दुकानें चंबाघाट में सोलन-शिमला राजमार्ग को चार लेन बनाने के लिए अधिग्रहित हुई हैं, उन्हें कारोबार के लिए स्थायी ठिकाना देना है पर सरकारें लंबे वादों के बावजूद इसे बनाने में अभी तक विफल रही हैं। ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण नहीं होने से हजारों की संख्या में छोटे-बड़े वाहन शहर की मुख्य सड़कों के किनारे पार्क हैं, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इससे वाहन दुर्घटना का भी अंदेशा रहता है। (अनंत ज्ञान)

सोलन में रोड साइड पार्क किए वाहन।

कथेड़ में लगी शिलान्यास पटिका।

लागत 21.22 करोड़ आंकी गई

शुरू में शहरी विकास विभाग (यूडीडी) को परियोजना का निष्पादित करना था और इसकी लागत 21.22 करोड़ के करीब आंकी गई। प्रोजेक्ट रिपोर्ट के अनुसार सोलन में कथेड़ बाईपास पर 15,417 वर्ग मीटर क्षेत्र में इसके 135 शोरूम और 140 वर्कशॉप होंगे। इसका उद्देश्य चंबाघाट स्थित विस्थापित मोटर मैकेनिकों का पुनर्वास करना था, जो सोलन-शिमला राजमार्ग के चार लेन के कारण विस्थापित हो गए थे।

नगर निकाय चुनाव से पहले 2 करोड़ रुपए की घोषणा की थी

परियोजना की आधारशिला अप्रैल-2018 में कथेड़ बाईपास पर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा रखी थी और मार्च-2021 में यहां नगर निकाय चुनाव से पहले 2 करोड़ रुपए की घोषणा की गई थी। एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट भी तैयार की गई और यह निर्णय लिया गया कि सोलन में कथेड़ बाईपास पर 15,417 वर्ग मीटर क्षेत्र में 135 शोरूम और 140 कार्यशालाएं बनाई जाएंगी। हालांकि, अधिकारियों ने धन की कमी को एक कारण बताते हुए परियोजना को निष्पादित करने से इनकार कर दिया। इसके बाद इसे परिवहन विभाग को और फिर यूडीडी को स्थानांतरित कर दिया गया, लेकिन इसे शुरू करने की पहल नहीं हुई।

व्यवसाय छोड़ने को मजबूर

विस्थापित दुकान मालिकों वाली मां दुर्गा सोसायटी के प्रमुख धीरज सूद ने कहा कि मोटर मैकेनिकों को अन्य नौकरियां करने के लिए मजबूर होना पड़ा है क्योंकि वे नई दुकानें खोलने के लिए पर्याप्त जगह खोजने में विफल रहे हैं। कुछ लोग सब्जी मंडी के पास कुछ अलग स्थानों पर अस्थायी दुकानें खोलने में कामयाब रहे हैं। संचालन के लिए कोई एक जगह नहीं है और ग्राहकों को एक ही स्थान पर सभी सेवाएं नहीं मिल पाती हैं। इससे कारोबार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। 50 प्रतिशत मैकेनिक ड्राइविंग जैसी नौकरियां कर अपना गुजारा कर पा रहे हैं। अन्य लोग जो ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए न्यूनतम योग्यता को पूरा नहीं करते हैं, वे छोटे-मोटे काम कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। राजमार्ग के चार लेन होने के बाद दुकानों के ऊंचे किराये ने उनकी दुर्दशा को और बढ़ा दिया है। एक मैकेनिक सड़क किनारे की दुकान के लिए मुश्किल से 15,000 से 20,000 रुपए का मासिक किराया वहन कर सकता है।

मां काली के पूजन के साथ आरंभ होगा सायर मेला : संजय अवस्थी

कृष्ण रघुवंशी, अर्की

राज्य स्तरीय सांस्कृतिक मेले की प्रथम संध्या में इंडियन आइडल फेम नितिन, पहाड़ी लोक गायक एसी भारद्वाज और हिमाचली जोड़ी अर्जुन गोपाल तथा रंजना रघुवंशी मुख्य आकर्षण होंगे। द्वितीय संध्या में पहाड़ी गायक दिलीप सिरमौरी, वॉइस ऑफ पंजाब फेम राजेंदर मनी तथा लोक गायक विनोद रांटा मुख्य आकार्षण होंगे। अंतिम संध्या में इंडियन आइडल फेम अनुज शर्मा, पार्शव गायिका विनती सिंह और पंजाबी कलाकार सोनू सिंह मुख्य आकर्षण होंगे।

बैठक में अवगत करवाया गया कि सिरमौर का विश्व विख्यात सांस्कृतिक दल चूड़ेश्वर कला मंच व चंबा के सांस्कृतिक दल द्वारा लोगों को क्षेत्र विशेष संस्कृति से अवगत करवाया जाएगा। उत्तर क्षेत्रीय सांस्कृतिक परिषद के कलाकार राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत करेंगे। प्रदेश के सूचना एवं जन संपर्क विभाग के कलाकार तीनों दिन लोगों को गीत-संगीत के माध्यम से जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। पुलिस विभाग द्वारा लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। एसडीएम अर्की यादविंदर पाल ने बैठक की कार्रवाई का संचालन किया और विस्तृत जानकारी प्रदान की। पुलिस उपाधीक्षक दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने यातायात योजना की जानकारी दी। खंड कांग्रेस समिति अर्की के अध्यक्ष सतीश कश्यप, नगर पंचायत अर्की के अध्यक्ष अनुज गुप्ता व पार्षद, खंड कांग्रेस समिति अर्की के पूर्व अध्यक्ष रमेश ठाकुर, नगर पंचायत अर्की की पूर्व अध्यक्ष सीमा शर्मा, कांग्रेस पार्टी के अन्य पदाधिकारी, तहसीलदार अर्की विपिन वर्मा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, मेला अयोजन समिति के गैर सरकारी सदस्य बैठक में उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

हिंदू एकता जिंदाबाद से गूंजा राजगढ़

शिमला मस्जिद प्रकरण को लेकर राजगढ़ में निकली रैली

अनंत ज्ञान, राजगढ

प्रदेश के साथ-साथ राजगढ़ क्षेत्र में बाहरी राज्यों से आने वाले लोगों की दिन-प्रतिदिन बढ़ रही संख्या और शिमला मस्जिद प्रकरण को लेकर शनिवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों के आह्वान पर राजगढ़ के समस्त दुकानदारों ने दोपहर 12 बजे तक दुकानें बंद रखीं।

राजगढ़ के समस्त व्यापारियों ने प्रदेश बंद को समर्थन दिया और एक-दो दुकानदारों को छोड़ सभी ने दुकाने बंद रखीं। इस अवसर पर शिरगुल चौक से लेकर शिरगुल मंदिर तक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय दुकानदारों के साथ विभिन्न सामजिक संगठनों के सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर हिंदू एकता का संदेश दिया। इस दौरान हिंदू एकता जिंदाबाद और भारत माता की जय के नारे जगाए गए।

शिमला मस्जिद प्रकरण को लेकर राजगढ़ में रैली निकालते हुए लोग।

शिरगुल मंदिर में अधिवक्ता सुभाष ठाकुर ने कहा कि शिमला के संजौली में मस्जिद प्रकरण के बाद हिंदू एकत्रीकरण का नारा लेकर राजगढ़ बंद का आह्वान किया गया था, जिसमें राजगढ़ के समस्त व्यापारी भाईयों ने पूरा समर्थन देकर एकता का संदेश दिया। रैली में भारी जनसमूह ने अपनी उपस्थिती दर्ज करवाकर जाती, मत, पंथ और संप्रदाय को भुलाकर सभी ने देश की विरोधी ताकतों का मिलकर सामना करने और भविष्य में मिलकर कार्य करने की शपथ ली। समाजसेवी राजेंद्र ने कहा कि आज प्रदेश बंद को राजगढ़ ने भी अपना समर्थन दिया और यहां इसका व्यापक असर देखने को मिला।

मोदी सरकार 'आप' नेताओं के खिलाफ ईडी और सीबीआई का कर रही दुरुपयोग : शर्मा

अनंत ज्ञान, सोलन

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राजीव शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को जमानत पर रिहा किए जाने का स्वागत किया है।

उन्होंने कहा कि यह न्यायपालिका की स्वतंत्रता और सशक्तता का प्रमाण है। शर्मा ने कहा कि वर्तमान मोदी सरकार आप के नेताओं के खिलाफ ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग कर प्रताड़ित कर रही है। यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है और हम इसका विरोध करते हैं। आप के नेता जनता के बीच अपनी आवाज बुलंद करने व देश की उन्नति और तरक्की के लिए पूरे समर्पण व सेवा भाव से काम कर रहे हैं। हम उनके दृढ़ निश्चय और देश के प्रति अपने संकल्प को पूरा करने के लिए उनके प्रयासों की सराहना करते हैं।

धाली स्कूल को स्तरोन्नत करने की मांग

अनंत ज्ञान, सोलन

पच्छाद के शरगांव में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस अवसर पर पंचायत पीरन (शिमला) की प्रधान किरण शर्मा ने शिक्षा मंत्री से मुलाकात की तथा क्षेत्र की समस्याओं से अवगत करवाया। इस दौरान उन्होंने राजकीय उच्च पाठशाला धाली को स्तरोन्नत करने की प्रमुखता से मांग उठाई, जिस पर शिक्षा मंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया। प्रधान ने बताया कि पीरन में एक सीनियर सेकेंडरी स्कूल है और एक उच्च विद्यालय धाली है। धाली स्कूल को यदि अपग्रेड किया जाता है, तो यहां पर बच्चों और

अभिभावकों की समस्या काफी हद तक दूर हो सकती है। धाली स्कूल में तीन पंचायतों कोटी, सतलाई और पीरन के बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के लिए दूर-दूर से आते हैं, जबकि सीनियर सेकेंडरी स्कूल पीरन, धाली से करीब 15 किलोमीटर की दूरी पर है। प्रतिदिन बच्चे जंगली रास्तों से स्कूल पहुंचते हैं, ऐसे में किसी भी अप्रिय घटना के होने का खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया कि धाली स्कूल में प्राइमरी से लेकर दसवीं कक्षा तक कुल 135 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। सरकार द्वारा यहां पर नए शिक्षकों की तैनाती की जा रही है, जो कि बच्चों के भविष्य के लिए अच्छे संकेत है। यहां पर डीएम, पीईटी के पद रिक्त हैं, उन्हें भी जल्द भरा जाए। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की केवल एक ही बस सुविधा है, जो शाम को शिमला से पीरन तक आती है और सुबह वापस शिमला जाती है। यदि सरकार द्वारा अतिरिक्त बस सुविधा इस रूट पर मुहैया करवाई जाए, तो बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी सुविधा प्राप्त होगी।

बास्केटबॉल में मोगीनंद चैंपियन

नाहन। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोगीनंद ने जिला स्तरीय अंडर-19 बास्केटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता 10 से 13 सितंबर तक वनकला में आयोजित की गई थी। स्कूल की टीम ने न केवल बास्केटबॉल में, बल्कि कबड्डी और कुश्ती में भी अपना दबदबा बनाया और ट्रॉफी अपने नाम की। प्रधानाचार्य ने बच्चों की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर डीपीई सतीश पुंडीर ने बच्चों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हिंदी साहित्य में तुलसीदास टीम प्रथम

राजगढ। राजगढ़ कॉलेज में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र वर्मा बतौर मुख्यातिथी शामिल हुए। उन्होंने हिंदी भाषा की महता पर बहुत सरलता एवं स्पष्टता के साथ अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर कॉलेज में भाषण, हिंदी साहित्य, प्रश्नोतरी, नारा लेखन आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। हिंदी साहित्य में तुलसीदास टीम प्रथम, सूरदास टीम द्वितीय तथा कबीरदास टीम तृतीय स्थान पर रही। कविता वाचन प्रतियोगिता में ममता ने प्रथम स्थान, दीक्षा ने द्वितीय तथा तम्मना ने तृतीय स्थान हासिल किया। भाषण प्रतियोगिता में सुहानी वर्मा प्रथम, निवेदिता द्वितीय तथा अदिती तृतीय स्थान पर रही।

केंद्र ने 70 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को दी 5 लाख तक मुफ्त उपचार सुविधा : शैलेंद्र

अनंत ज्ञान, सोलन

आयुष्मान योजना में 70 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिकों के उपचार के लिए 5 लाख तक मुफ्त सुविधा मिलेगी। यह जानकारी भाजपा सोलन के प्रवक्ता शैलेंद्र गुप्ता ने दी।

उन्होंने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के विस्तार को मंजूरी देने पर मोदी सरकार का आभार प्रकट किया। इस योजना के तहत 70 वर्ष या उससे अधिक के वरिष्ठ नागरिकों का 5 लाख तक मुफ्त उपचार होगा यह एक बहुत ही सराहनीय कार्य है। शैलेंद्र ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि वह हर उस व्यक्ति के बारे में सोचते हैं, जिसे समाज में सहायता की जरूरत होती है। अभी हाल ही में हिमाचल के लिए भी केंद्र सरकार ने सोलन समेत प्रदेश में 92364 पक्के मकान की स्वीकृति का तोहफा दिया है, जो सूची हिमाचल प्रदेश ने पक्के मकान के लिए भेजी थी, उसको भी शत प्रतिशत मंजूरी केंद्र सरकार ने दी है। पीएम का सपना है की जो भी सबसे नीचे पायदान पर बैठा व्यक्ति है, वह बिना छत और भूखा न सोए। केंद्र की मोदी सरकार हमेशा से गरीब कल्याण के उत्थान के लिए कोई न कोई स्कीम लागू करती रहती है।

एक करोड़ से बनेगा शावगा का अतिरिक्त भवन : शिक्षा मंत्री

अनंत ज्ञान, नाहन

प्रदेश सरकार स्कूली बच्चों को शिक्षा के लिए आधारभूत सुविधाएं प्रदान करने को दृढ़ संकल्प है, ताकि स्कूलों में पढ़ने वाले सभी बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्राप्त हो सके।

यह जानकारी शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने राजगढ़ के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के उपमंडल के गांव शावगा में एक करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले अतिरिक्त आवास का शिलान्यास करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा कि इस अतिरिक्त भवन का निर्माण कर करोड़ रुपए से किया जाएगा, ताकि बच्चों को पढ़ाई के अलावा बैठने की सुविधा भी प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि इस श्रेत्र की अन्य

मांगों को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर दिया जाएगा। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने शिरगुल महाराज मंदिर शाया के डंगे के लिए सात लाख रुपए और शावगा स्कूल के बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति करने के लिए 20 हजार रुपए देने की घोषणा की। इसके उपरांत शिक्षा मंत्री ने शरगाव स्कूल में 51 लाख रुपए की लागत से बने साइंस ब्लॉक भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि स्कूल के इस साइंस ब्लॉक का निर्माण भारत संचार निगम लिमिटेड से करवाया गया है। उन्होंने कहा कि पहले साइंस ब्लॉक न होने के कारण विद्यार्थियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन अब इस भवन के बन जाने से विद्यार्थियों को बैठने की अतिरिक्त सुविधा प्राप्त होने के साथ-साथ विज्ञान विषय की पढ़ाई की सुविधा भी प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि इस नए साइंस ब्लॉक में विद्यार्थियों को वह सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिनकी उन्हें आवश्यकता है और जमा एक व दो कक्षा के विद्यार्थियों को अब प्रेक्टिकल करने के लिए मुश्किल का सामना नहीं करना पड़ेगा।

समापन जामना में अंडर-19 छात्र वर्ग की खेल प्रतियोगिताए का हुआ समापन

मार्चपास्ट में अंबोया स्कूल प्रथम व शर्ली द्वितीय

अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब

सतौन जॉन के अंडर-19 ब्वॉयज टूर्नामेंट का शनिवार को समापन हुआ।

इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि दीपचंद शर्मा रिटायर्ड ग्रेड वन अधीक्षक व ग्राम पंचायत जामना के प्रधान सुरेश चौहान पहुंचे। खेलकूद प्रतियोगिता के अंतिम दौर में सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता में अंबोया स्कूल ने प्रथम व जामना स्कूल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। संस्कृत गीतिका में जामना स्कूल ने प्रथम स्थान हासिल किया। भाषण

प्रतियोगिता में जामना स्कूल के छात्र अनुज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सोलो सांग में पहला स्थान अंबोया पाठशाला ने हासिल किया। मौसम के खराब होने के कारण फाइनल वर्ग की जो खेल स्पर्धा थी, उसमें संयुक्त रूप से दोनों टीमों को विजेता घोषित किया गया, जिसमें कबड्डी में कफोटा स्कूल और अंबोया को संयुक्त विजेता घोषित किया गया, जबकि वॉलीबाल में जामना स्कूल और कफोटा को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया। इसके अतिरिक्त खो-खो में कफोटा स्कूल और कमरऊ के खिलाड़ियों को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया। बैडमिंटन में कफोटा स्कूल और सतौन को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया।

मार्चपास्ट में अंबोया स्कूल प्रथम और शर्ली को द्वितीय स्थान पर संतोष करना पड़ा, जबकि कुश्ती में चांदनी और सतौन को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया। योग में कमरऊ स्कूल और अंबोया को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया। अंत में कार्यवाहक प्रधानाचार्य रमेश चौहान ने सभी लोगों का इस टूर्नामेंट प्रतियोगिता के आयोजन के लिए स्वागत किया और कई गणमान्य लोगों को सम्मानित किया।

मैराथन में शालिजा व लिएंड्रे प्रथम

अनंत ज्ञान, सोलन

शूलिनी विश्वविद्यालय के 600 से अधिक छात्रों और स्टाफ सदस्यों ने नशा मुक्त भारत को समर्पित शूलिनी विश्वविद्यालय की 11वीं मैराथन में भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीसी मनमोहन शर्मा ने किया।

मूल रूप से शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 को मैराथन की योजना बनाई गई थी, प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण मैराथन को पुनर्निर्धारित किया गया था और इसके बजाय हिंदी दिवस पर आयोजित किया गया, जिससे इस कार्यक्रम में एक सांस्कृतिक तत्व जुड़ गया। ध्वजारोहण समारोह में अतिरिक्त उपायुक्त अजय कुमार यादव, चांसलर प्रो. पीके खोसला,

शूलिनी में नशा मुक्त भारत के लिए 11वीं मैराथन के मौके पर मौजूद स्टूडेंट्स व अन्य।

शूलिनी इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज एंड बिजनेस मैनेजमेंट (एसआईएलबी) की अध्यक्ष श्रीमती सरोज खोसला उपस्थित थे। प्रोफेसर पीके खोसला की अध्यक्षता में पुरस्कार वितरण समारोह में शालिजा (एमबीए) 42:43:46 मिनट के समय के साथ शीर्ष महिला धावक के रूप में उभरीं, उनके बाद जेनिफर (बीकॉम ऑनर्स) दूसरे और अपूर्वा (एमबीए) ने तीसरा स्थान हासिल किया। पुरुष वर्ग में, लिएंड्रे (बीटेक बायोटेक) ने 51:25 मिनट के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया, जबकि डेविड (बीटेक बायोटेक) और अनश (एमबीए) ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। विजेताओं को प्रथम स्थान के लिए 2500, द्वितीय के लिए 2000 और तृतीय के लिए 1500 की नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

आज बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

रिकांगपिओ। किन्नौर के 22 केवी नियंत्रण प्वाइंट रिकांगपिओ व करछम के तहत आने वाले क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशाषी अभियंता (बिजली) टाशी नेगी ने कहा कि रिकांगपिओ में मरम्मत कार्य के चलते 22 केवी ओल्ड व न्यू किन्नौर फीडर तथा 22 केवी नियंत्रण प्वाइंट करछम से 22 केवी नियंत्रण प्वाइंट पोवारी, बारंग, तांगलिंग, रली, शोंगटोंग, रिकांगपिओ व इसके आसपास के लगते क्षेत्र कल्पा, पूर्वनी व पांगी में 15 को प्रातः 9 से सायं 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यदि खराब मौसम के कारण कार्य संपन्न नहीं होता है, तो अगले दिन भी बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बिजली आपूर्ति की असुविधा के लिए आम जनता से सहयोग की अपील की है।



सरकार ने डॉक्टरों की सभी मांगें मानी, हड़ताल खत्म

एजेंसी, चंडीगढ़

पंजाब में डॉक्टरों की हड़ताल से जुड़ी अहम खबर सामने आई है। जानकारी के अनुसार पंजाब स्टेट मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन (पीएसएमएसए) ने हड़ताल खत्म कर दी है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह से मुलाकात के बाद पीएसएमएस ने हड़ताल खत्म करने की घोषणा की है।

इसके बाद अब सोमवार से सभी स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी सेवाएं फिर से शुरू होंगी और डॉक्टर ड्यूटी पर लौट आएंगे।

आपको बता दें कि आज स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह की पंजाब भवन में डॉक्टरों के साथ मीटिंग हुई। इस दौरान डॉक्टरों की सरकार से सहमति बन गई। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि डॉक्टरों

की सुरक्षा का मसला एक हफ्ते में हल किया जाएगा। वहीं डाक्टरों की भर्ती की जाएगी और सभी खाली पदों को भरा जाएगा। इसके साथ ही कहा कि मरीजों को किसी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। वहीं सोमवार और मंगलवार को 2 घंटे तक ओपीडी बढ़ाने का फैसला लिया गया है।

'आप' नेता की हत्या के मामले में अकाली नेता गिरफ्तार

एजेंसी, खन्ना

- आरोपी का भाई कुलविंदर सिंह अभी फरार
- कुछ समय पहले आम आदमी पार्टी में शामिल हुए थे त्रिलोचन सिंह

खन्ना में नौ सितंबर को आम आदमी पार्टी के किसान विंग के नेता त्रिलोचन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में दूसरे आरोपी अकाली नेता तेजिंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि उसका भाई कुलविंदर सिंह अभी फरार है।

सदर थाना एसएचओ हरदीप सिंह ने कहा कि अभी एक आरोपी फरार है जिसे जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नौ सितंबर को आम आदमी पार्टी के नेता त्रिलोचन सिंह का कत्ल हुआ था। उसी दिन उनका शव खन्ना के सरकारी अस्पताल में रखवाया गया था। परिजनों और ग्रामीणों ने शर्त रखी थी कि जब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता, तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा।

आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद परिवार वालों ने शनिवार सुबह शव का पोस्टमार्टम शुरू करवाया। वहीं पुलिस जिला खन्ना के एसपी डी सौरभ जिंदल ने राजनीति के चलते हत्या की बात को खारिज कर दिया है। त्रिलोचन सिंह ने पिछली बार भी गांव में सरपंच का चुनाव लड़ा था, लेकिन वे हार गए थे। कुछ समय पहले वे आम आदमी पार्टी में शामिल हुए थे। पार्टी की तरफ से उन्हें किसान विंग का अध्यक्ष बनाया गया था। त्रिलोचन सिंह इस बार भी गांव में सरपंच का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच उनका मर्डर कर दिया गया।

न्यूज ब्रीफ

राज्यपाल ने गुरुद्वारा बाउली साहिब में माथा टेका

गोइंदवाल साहिब (तरनतारन)। पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने अपनी पत्नी अनीता कटारिया के साथ शुक्रवार को तरनतारन में स्थित गुरुद्वारा श्री बाउली साहिब में मत्था टेका। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी एवं कुछ पदाधिकारियों और सदस्यों ने गुरुद्वारे में राज्यपाल को सम्मानित किया। राज्यपाल गुरुद्वारा श्री बाउली साहिब में लगभग एक घंटे तक रुके और इस दौरान उन्होंने लंगर व्यवस्था का जायजा लिया। संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कटारिया ने कहा कि अगर आज देश की धार्मिक संस्कृति, परंपराएं और संस्कार सुरक्षित हैं तो इसका श्रेय सिख गुरुओं को जाता है। उन्होंने कहा कि देश की धार्मिक संस्कृति को बचाने के लिए सिख गुरुओं द्वारा दिया गया योगदान और बलिदान इतिहास में अमर है।

कपूरथला में सड़क हादसा, दो की मौत

कपूरथला। पंजाब में कपूरथला-करतारपुर रोड पर दबुर्जी गांव के पास एक पिकअप वैन से टकराने से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तीनों युवक जब मोटरसाइकिल पर सवार होकर मजदूरी करने के लिए करतारपुर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। पुलिस के मुताबिक, करतारपुर की तरफ से आ रही पिकअप वैन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। उसने बताया कि मृतकों की पहचान मनप्रीत (25) और विक्की (30) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, घायल बॉबी को जालंधर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसने बताया कि हादसे के शिकार तीनों युवक दबुर्जी गांव के रहने वाले थे। पुलिस ने बताया कि वैन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

फरीदाबाद: अंडरपास में भरे पानी में डूबी एसयूवी, 2 की मौत

फरीदाबाद। हरियाणा के फरीदाबाद में हादसे की खबर है। ओल्ड फरीदाबाद में अंडरपास में भरे पानी में एक महिंद्रा एक्सयूवी-700 डूब गई है। इस हादसे में एचडीएफसी के बैंक मैनेजर और कैशियर की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान पुण्यश्रेय शर्मा और विराज द्विवेदी के रूप में हुई है।

गुजरात: गणपति विसर्जन के दौरान 10 लोग डूबे

गुजरात के दहेगाम तहसील के वासणा सोगाठी गांव में शुक्रवार की रात गणपति विसर्जन के दौरान एक दर्दनाक हादसे में 10 लोगों की डूबने से मौत हो गई। शनिवार सुबह इस हादसे में मरने वाले लोगों की शव यात्रा निकाली गई और परिजनों ने इनका अंतिम संस्कार किया। इस शव यात्रा को देखने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। यात्रा के साथ-साथ श्मशानघाट तक गया। शव यात्रा में शामिल लोगों की आंखों में आंसू थे एक साथ दस चिताएं जलता देख मौके पर मौजूद हर शख्स गमगीन हो गया।

मैं जो बाइडेन से अलग हूं : कमला हैरिस

वाशिंगटन। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने शुक्रवार को कहा कि वह वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन से अलग हैं क्योंकि वह 'नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व' करती हैं। अमेरिका में नवंबर में राष्ट्रपति पद के चुनाव होने हैं। चुनाव का एक अहम हिस्सा है 'प्रेसिडेंशियल डिबेट'। रिपब्लिकन पार्टी से उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच बुधवार को यह बहस हुई, जिसमें हैरिस ट्रंप पर भारी पड़ती नजर आईं।

ईरान ने सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में भेजा उपग्रह

तेहरान। ईरान ने कहा है कि उसने अर्द्धसैनिक बल 'रिवॉल्यूशनरी गार्ड' द्वारा बनाए रॉकेट से एक अनुसंधान उपग्रह को कक्षा में भेजा है। चमरान-1 नामक इस उपग्रह का वजन 60 किलोग्राम है और यह अंतरिक्ष की कक्षा में पहुंच गया है। खबर में कहा गया कि भूमि स्टेशनों को उपग्रह से सिग्नल भी मिल गए हैं। खबर के अनुसार, उपग्रह ले जाने वाले रॉकेट 'कायम-100' का निर्माण रिवॉल्यूशनरी गार्ड की वैमानिकी इकाई ने किया था। ईरान ने काफी पहले उपग्रहों को कक्षा में भेजने की योजना बनाई थी। नए राष्ट्रपति महमूद पेजेश्कियान के कार्यकाल में ईरान ने पहली बार उपग्रह कक्षा में भेजा है।

बुल्गारिया में सैन्य विमान क्रैश, दो पायलटों की मौत

सोफिया। बुल्गारिया के प्रधानमंत्री दिमितार ग्लेवचेव ने मीडिया को बताया कि एक सैन्य प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में दो पायलटों की मौत हुई है। प्रधानमंत्री ने शु वार को बताया कि यह दुर्घटना प्लोवदिव के पास ग्राफ इग्नाटिएवो एयरबेस पर हुई, जहां शनिवार को एक एयर शो से संबंधित प्रशिक्षण उड़ान आयोजित की जानी थी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि एल-39जेडए प्रशिक्षण विमान स्थानीय समय के अनुसार, 12:30 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में दो पायलटों की मौत हो गई। मरने वाले दोनों पायलटों का मशः 1973 और 1986 में जन्म हुआ था। वे इस विमान को उड़ाने के लिए पायलटों को प्रशिक्षण दे रहे प्रशिक्षक थे। फिलहाल, हादसे की जांच की जा रही है।

हरियाणा में कैप्टन अभिमन्यु सबसे अमीर उम्मीदवार

एजेंसी, चंडीगढ़

हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री और नारनौंद विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार कैप्टन अभिमन्यु 417 करोड़ रुपए की घोषित संपत्ति के साथ पांच अक्तूबर को होने वाले विधानसभा चुनावों में सबसे अमीर उम्मीदवार हैं।

चुनावी हलफनामे के अनुसार 56 वर्षीय कैप्टन अभिमन्यु ने अपनी चल संपत्ति 369.03 करोड़ रुपए और अचल संपत्ति 47.96 करोड़ रुपए घोषित की है जिसमें उनकी पत्नी की संपत्ति भी शामिल है। हरियाणा के पूर्व वित्तमंत्री के हलफनामे के अनुसार उनके पास 1.1 लाख रुपए नकद हैं, लेकिन उन्होंने बांड, डिबेंचर और शेयरों में 251 करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की है।

कैप्टन अभिमन्यु के पास 21.53 लाख रुपए मूल्य के सोने के आभूषण और अन्य कीमती सामान हैं। हिसार सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनावी मैदान में उतरीं सावित्री जिंदल ने अपनी संपत्ति 270 करोड़ रुपए घोषित की है। सावित्री (76) ने अपनी चल संपत्ति 190 करोड़ और अचल संपत्ति 80 करोड़ रुपऐ घोषित की है। उनके हलफनामे के अनुसार उनके पास कोई कार नहीं है।

वह कुरुक्षेत्र से भाजपा सांसद नवीन जिंदल की मां और प्रसिद्ध उद्योगपति दिवंगत ओपी जिंदल की पत्नी हैं।

भगोड़े अपराधी को ऑस्ट्रिया से भारत भेजा

चंडीगढ़। हत्या और मादक पदार्थों के व्यापार सहित कई जघन्य अपराधों में शामिल एक भगोड़े अपराधी को ऑस्ट्रिया से भारत भेजा गया। पंजाब पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपराधी अमृतपाल सिंह बटाला के भोमा गांव का रहने वाला है। पंजाब पुलिस ने नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उसे हिरासत में ले लिया।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'पंजाब पुलिस द्वारा केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय में अथक प्रयासों के बाद, अमृतपाल सिंह को कई गंभीर आपराधिक मामलों में आरोपों का सामना करने के लिए ऑस्ट्रिया से भारत लाया गया है।' अमृतपाल सिंह एक घोषित अपराधी था और ऑस्ट्रिया में अवैध रूप से रह रहा था।

रूसी सेना में भर्ती पंजाब का युवक लौटा घर

एजेंसी, चंडीगढ़

- युवक का परिवार अभी भी डर के साये में

रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग अभी भी जारी है। दोनों देशों में चल रहे युद्ध में पंजाब के कई युवक फंसे हुए हैं। वहीं अच्छी खबर यह है कि पंजाब के होशियारपुर का एक युवक जो रूस में फंसा हुआ था, सही सलामत वतन लौट आया है।

हालांकि युवक का परिवार अभी भी डर के साए में है। रूस में फंसे होशियारपुर के हारटा गांव का युवक गुरप्रीत सिंह घर लौट आया है। परिवार इस बारे में बात करने से कतरा रहा था, लेकिन जब उनके चाचा कश्मीर सिंह से मोबाइल पर संपर्क किया गया, तो उन्होंने गुरप्रीत के घर लौटने की पुष्टि की।

उसे लौटे एक सप्ताह से अधिक समय हो चुका है। गांव के सरपंच बलबीर सिंह ने भी इसकी पुष्टि की है। गांव में पास में रहने वाले एक ग्रामीण ने नाम न बताने के आग्रह के साथ बताया, मैंने पिछले 8-10 दिनों में गुरप्रीत को कुछ बार देखा है। जिस दिन से वह लौटा है, परिवार घर से बहुत कम बाहर निकलता है और उसके लौटने के बारे में ज्यादा कुछ नहीं बताता। जब भी उन्हें कहीं जाना होता है, तो वे उसे जल्दी से गाड़ी में बिठाकर निकल जाते हैं।

ग्रामीण ने कहा कि उन्हें अभी तक केवल इतना पता चला है कि रूस में जब वह युद्ध में था, तब वहां एक विस्फोट हुआ था, जिसमें उसके चेहरे का एक हिस्सा बुरी तरह से घायल हो गया था, जिसका उपचार अभी चल रहा है।

गहलोत, माकन, बाजवा हरियाणा चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा को हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गहलोत, माकन और बाजवा को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया। हरियाणा की 90 विधानसभा सीट पर एक चरण में पांच अक्तूबर को मतदान होगा और मतों की गिनती आठ अक्तूबर को होगी।

देश-विदेश

पीएम आवास में आई 'दीपज्योति' प्रधानमंत्री मोदी ने दिखाई झलक

एजेंसी, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री आवास परिवार में एक नए सदस्य 'दीपज्योति' का आगमन हुआ है। गौमाता ने एक बछिया को जन्म दिया है। इसकी जानकारी खुद पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट के माध्यम से दी। पीएम मोदी ने एक्स पर बछिया के साथ एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें वह अपने घर पधारे नन्हे मेहमान संग खेल रहे हैं। उसे दुलार रहे हैं। 42 सेकेंड के इस वीडियो में पीएम उसके गले में माला पहनाते हैं और शॉल भी उढ़ाते हैं।

उन्होंने लिखा कि हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि 'गाव: सर्वसुख प्रदा:' लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री आवास परिवार में एक नए सदस्य का शुभ आगमन हुआ है। प्रधानमंत्री आवास में प्रिय गौमाता ने एक नव वत्सा को जन्म दिया है, जिसके मस्तक पर ज्योति का चिह्न है। इसलिए, मैंने इसका नाम 'दीपज्योति' रखा है। पीएम मोदी द्वारा शेयर किया गया ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

पीएम मोदी आज से झारखंड, गुजरात व ओडिशा के दौरे पर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 से 17 सितंबर तक झारखंड, गुजरात और ओडिशा का दौरा करेंगे। इस दौरान वह 12,460 करोड़ रुपए से अधिक लागत की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 15 सितंबर को झारखंड दौरे के दौरान सुबह करीब 10 बजे टाटानगर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर टाटानगर-पटना वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। वह सुबह करीब साढ़े 10 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 660 करोड़ रुपए से अधिक लागत की विभिन्न रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

सब्सिडी वाले प्याज की बिक्री से जनता को राहत

एजेंसी, नई दिल्ली

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि पांच सितंबर को शुरू की गई सरकार की सब्सिडी वाले प्याज की बिक्री की पहल से कुछ ही दिनों में प्रमुख शहरों में कीमतों में गिरावट आई है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दिल्ली में प्याज की खुदरा कीमत 60 रुपए से घटकर 55 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि मुंबई में 61 रुपए से घटकर 56 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। चेन्नई में खुदरा कीमत 65 रुपए से घटकर 58 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई।

सरकार ने मोबाइल वैन और एनसीसीएफ और नैफेड के आउटलेट के जरिए 35 रुपए प्रति किलोग्राम की सब्सिडी दर पर प्याज की बिक्री शुरू की है। दिल्ली और मुंबई में शुरू हुआ यह कार्यक्रम अब चेन्नई, कोलकाता, पटना, रांची, भुवनेश्वर और गुवाहाटी सहित अन्य प्रमुख शहरों में भी फैल चुका है। बढ़ती मांग को देखते हुए सरकार ने सब्सिडी वाले प्याज की मात्रा बढ़ाने और वितरण चैनलों का विस्तार करके ई-कॉमर्स मंच, केंद्रीय भंडार आउटलेट और मदर डेयरी के सफल स्टोर को शामिल करने का फैसला किया है।

चीन में बुजुर्गों से काम कराएंगे जिनपिंग

एजेंसी, बीजिंग

चीन ने नौकरियों में बड़ा बदलाव किया है। चीन 1950 के दशक के बाद पहली बार रिटायरमेंट की आयु धीरे-धीरे बढ़ाएगा। इसका सबसे बड़ा कारण बूढ़ी होती आबादी और घटता पेंशन बजट है।

चीन की नेशनल पीपुल्स कांग्रेस ने शुक्रवार को ब्लू-कॉलर नौकरियों (शारीरिक श्रम) में महिलाओं की रिटायरमेंट आयु 50 से बढ़ाकर 55 कर दी है। वहीं व्हाइट कॉलर नौकरियों (प्रोफेशनल काम) में महिलाओं की रिटायरमेंट उम्र 55 से 58 करने के प्रस्तावों की मंजूरी दी। पुरुषों के रिटायरमेंट की उम्र 60 से बढ़कर 63 हो जाएगी।

चीन की वर्तमान रिटायरमेंट उम्र दुनिया में सबसे कम है। चीन के सरकारी मीडिया ने बताया कि नए बदलाव एक जनवरी 2025 से लागू हो जाएंगे। अगले 15 वर्षों में हर कुछ महीनों में रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाई जाएगी।

अमेरिका ने रूसी मीडिया पर कसा शिकंजा

वाशिंगटन। अमेरिका ने रूस पर फिर से शिकंजा कसना शुरू कर दिया। दरअसल, अमेरिका ने अब रूसी मीडिया चैनल आरटी पर नया प्रतिबंध लगाया है। इसकी घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने किया। उन्होंने इस चैनल को रूसी खुफिया तंत्र का हिस्सा बताया है। शीर्ष अमेरिकी राजनयिक डोनाल्ड लू ने कहा कि आरटी रूसी समर्थित मीडिया आउटलेट्स के नेटवर्क का हिस्सा है। इसने खुफिया तरीके से अमेरिका में लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश की है।

यागी तूफान के बाद म्यांमार में भीषण बाढ़

एजेंसी, म्यांमार

यागी तूफान के बाद म्यांमार में भीषण बाढ़ आई है. अधिकारियों के मुताबिक इस बाढ़ की वजह से क़रीब दो लाख तीस हजार लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा है। सरकारी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार देश में सत्तारूढ़ जुंटा ने बाढ़ के प्रभाव को कम करने के लिए विदेशी सहायता का अनुरोध किया है। राजधानी नाएपाइडो सबसे ज्यादा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में से एक है। बेघर हुए बाढ़ पीड़ितों के लिए कुछ अस्थायी राहत शिविर बनाए गए हैं। इस साल एशिया के सबसे शक्तिशाली तूफान टाइफून यागी से वियतनाम, चीनी द्वीप हैनान और फिलीपींस भी प्रभावित हुए हैं। सरकारी मीडिया के अनुसार जुंटा प्रमुख जनरल मिन आंग ह्लाइंग और अन्य अधिकारियों ने भारी बाढ़ वाले क्षेत्रों का दौरा किर उनके बचाव और राहत प्रयासों का निरीक्षण भी किया है।

'ट्रायल रन' के दौरान वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव, पांच गिरफ्तार

एजेंसी, महासमुंद

छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में 'ट्रायल रन' के दौरान दुर्ग-विशाखापत्तनम वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव करने के आरोप में रेलवे सुरक्षा बल ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। रेलवे सुरक्षा बल (महासमुंद) के निरीक्षक प्रवीण सिंह धाकड़ ने बताया कि घटना शुक्रवार रात लगभग नौ बजे बागबाहरा रेलवे स्टेशन के करीब हुई, जब ट्रेन 'ट्रायल रन' के दौरान विशाखापत्तनम से दुर्ग लौट रही थी।

धाकड़ ने बताया कि ट्रेन 'ट्रायल रन' के लिए दुर्ग से रवाना हुई और रायपुर से गुजरते हुए महासमुंद पहुंची थी। यह शुक्रवार सुबह 7.10 बजे आगे की यात्रा के लिए रवाना हुई थी। उन्होंने बताया कि वापसी में कुछ असामाजिक तत्वों ने बागबाहरा के पास चलती ट्रेन पर पत्थर फेंके, जिससे तीन डिब्बों सी-2, स-4 और सी-9 की खिड़कियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारी ने बताया कि ट्रेन में यात्रा कर रहे ट्रेन सुरक्षा दल ने घटना की जानकारी दी, जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों के एक दल को मौके पर भेजा गया।

गुस्सा धरना स्थल पर ममता ने चिकित्सकों से काम पर लौटने का किया आग्रह

प्रदर्शनकारी बोले-नहीं करेंगे समझौता

एजेंसी, कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लगातार जारी गतिरोध के बीच शनिवार को अचानक जूनियर चिकित्सकों के धरनास्थल पर पहुंचीं और उन्हें उनकी मांगों पर गौर करने तथा दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया।

साल्ट लेक में स्वास्थ्य भवन के बाहर प्रदर्शनकारी चिकित्सकों को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि वह उनके खिलाफ कोई कदम नहीं उठाएंगी, क्योंकि वह लोकतांत्रिक आंदोलन को दबाने में विश्वास नहीं रखतीं। उन्होंने कहा कि बंगाल उत्तर प्रदेश नहीं है।

हालांकि, मुख्यमंत्री के जाने के बाद आंदोलनकारी चिकित्सकों ने कहा कि वे बातचीत होने तक अपनी मांगों को लेकर समझौता करने के लिए तैयार नहीं हैं। बनर्जी पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार के साथ अचानक अपराह्न करीब एक बजे सेक्टर 5 स्थित धरनास्थल पर पहुंचीं।

उन्होंने कहा कि चिकित्सक बारिश के बीच सड़क पर धरना दे रहे हैं, जिसकी वजह से उन्हें रातों को नींद नहीं आ रही है। बनर्जी ने कहा, ''मैं आपसे मुख्यमंत्री के तौर पर नहीं, बल्कि आपकी 'दीदी' के तौर पर मिलने आई हूं।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''मैं आपको आश्वासन देती हूं कि आपकी मांगों पर गौर करुंगी और अगर कोई दोषी पाया गया तो कार्रवाई करुंगी।'' उन्होंने धरने पर बैठे चिकित्सकों से काम पर लौटने का आग्रह किया।

माकपा नेता समेत दो लोग प्रदर्शनकारी हमले की साजिश के आरोप में गिरफ्तार

कोलकाता। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेता कलातन दासगुप्ता समेत दो लोगों को प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टरों पर हमला करने की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता कुणाल घोष ने एक फोन कॉल की ऑडियो क्लिप जारी थी, जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार किया गया। घोष ने आरोप लगाया था कि राज्य में ममता बनर्जी सरकार को बदनाम करने के लिए साल्ट लेक में स्वास्थ्य भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों पर हमला करने की साजिश रची जा रही है।

भारत दक्षिण एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बना ओवरऑल चैंपियन

एजेंसी, चेन्नई

भारत दक्षिण एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंतिम दिन पुरुषों की चार गुणा 100 मीटर रिले में स्वर्ण पदक जीतने में नाकाम रहने के बावजूद प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियन बनने में सफल रहा। भारत ने 48 पदक (21 स्वर्ण, 22 रजत और पांच कांस्य) जीते जबकि श्रीलंका (नौ स्वर्ण, नौ रजत, 17 कांस्य) दूसरे स्थान पर रहा। श्रीलंका हालांकि पुरुषों की चार गुणा 100 मीटर रिले में भारत को पीछे छोड़ने में सफल रहा। उसने 40.28 सेकंड का समय लेकर प्रतियोगिता का नया रिकॉर्ड बनाया। पिछला रिकॉर्ड 41.27 सेकंड का था जो 2007 में बना था। भारतीय टीम ने 40.76 सेकंड के साथ रजत पदक जीता। भारत की महिला चार गुणा 100 मीटर रिले टीम को हालांकि स्वर्ण पदक जीतने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। भारतीय टीम ने 45.08 सेकंड के प्रतियोगिता के नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। पिछला रिकॉर्ड 46.23 सेकंड का था।

हॉकी : भारत ने पाकिस्तान को दी पटकनी

एजेंसी, हुलुनबुइर (चीन)

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी

कप्तान हरमनप्रीत सिंह के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए दो गोल की बदौलत गत चैंपियन भारत ने अपना अपराजेय अभियान जारी रखते हुए शनिवार को यहां चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-1 से हराकर हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

भारत की यह छह टीमों के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट में लगातार 5वीं जीत है। पाकिस्तान ने अहमद नदीम (8वें मिनट) के गोल से बढ़त हासिल की, लेकिन हरमनप्रीत सिंह (13वें और 19वें मिनट) ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को जीत दिलाई।

यह इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान की पहली हार थी। भारत और पाकिस्तान दोनों ने इससे पहले अंतिम-4 के लिए क्वालीफाई कर लिया था। इस जीत की बदौलत भारत ने 2016 से पाकिस्तान पर अपना दबदबा कायम रखा है। दोनों टीमों के बीच पिछली भिडंत हांग्झोउ एशियाई खेलों में हुई थी जिसमें भारत ने पाकिस्तान को 10-2 से हराया था। इससे कुछ महीने पहले भारतीयों ने एसीटी के चेन्नई चरण में पाकिस्तान को 4-0 से हराया था। जकार्ता में एशिया कप में भारत की युवा टीम ने पाकिस्तान को 1-1 से बराबरी पर रोका जबकि ढाका में 2021 एसीटी में भारत ने पाकिस्तान को 4-3 से हराकर कांस्य पदक जीता था।

स्पोर्ट्स विंडो

महिला प्रो के 11वें चरण का खिताब विधात्री उर्स ने अपने नाम किया

नई दिल्ली। विधात्री उर्स ने लगातार बारिश के कारण खराब परिस्थितियों से अच्छी तरह निपटते हुए दिल्ली गोल्फ क्लब में हीरो महिला प्रो के 11वें चरण का खिताब अपने नाम किया। विधात्री ने इसके साथ ही जीत की हैट्रिक पूरी की। वह 9वें और 10वें चरण की भी विजेता बनकर उभरी थी। खराब मौसम के कारण तीसरे दिन के खेल को नौ होल का कर दिया गया, जहां विधात्री ने एक अंडर 35 का स्कोर किया। दूसरे दौर के खेल को भी नौ होल कर किया गया था जिसमें इस खिलाड़ी ने 34 का कार्ड खेला था। विधात्री का 36 होल के खेल के बाद स्कोर 136 (67-34-35) का रहा और उसने छह शॉट से जीत दर्ज की। हिताक्षी बख्शी (एक अंडर 35) कुछ 142 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि स्नेहा सिंह (143) तीसरे और अमनदीप ढाल (146) चौथे स्थान पर रही। अमेच्योर अनवी दाहिया और त्वेसा मलिक एक समान 147 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 5वें स्थान पर रहे।

मुंबई सिटी ने दो गोल से पिछड़ने के बाद मोहन बागान को ड्रॉ पर रोका

कोलकाता। मोहन बागान सुपर जायंट्स को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल के मौजूदा सत्र के शुरुआती मुकाबले में मुंबई सिटी एफसी के खिलाफ रक्षात्मक रवैया अपनाने का खामियाजा 2-2 के ड्रॉ परिणाम से भुगतना पड़ा। मुंबई सिटी एफसी के अनुभवी खिलाड़ी जोस लुइस एस्पिनोसा अरोयो (टिरि) के आत्मघाती गोल से मोहन बागान ने 9वें मिनट में बढ़त कायम कर ली। कोलकाता की टीम के लिए पदार्पण कर रहे अल्बर्टो रोड्रिग्ज ने मैच के 28वें मिनट में गोल कर टीम को 2-0 से आगे कर दिया। भारी बारिश के बीच मैच के दूसरे हाफ में मोहन बागान ने रक्षात्मक रवैया अपनाकर गोल खाने से बचने पर ध्यान दिया, लेकिन टिरि ने 70वें मिनट में अपनी पूर्व टीम के खिलाफ गोल कर मैच में मुंबई सिटी की वापसी करा दी। मैच के 87वें मिनट में मैदान पर उतरे मुंबई के स्थानापन्न खिलाड़ी थाएर क्राउमा ने तीन मिनट में अंदर (90वां मिनट) गोल कर मोहन बागान को अंक साझा करने पर मजबूर कर दिया।

कपिला के बीमार होने से वियतनाम ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त

हो ची मिन्ह सिटी। ध्रुव कपिला के बीमार हो जाने के कारण उनकी और तनीषा क्रैस्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी को शनिवार को यहां अपने सेमीफाइनल मैच से हटना पड़ा जिससे वियतनाम ओपन सुपर-100 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई। कपिला और क्रैस्टो की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी को सेमीफाइनल में अदनान मौलाना और इंदाह काह्या सारी जमील की इंडोनेशियाई जोड़ी का सामना करना था, लेकिन कपिला को बुखार और पीठ में दर्द के कारण भारतीय जोड़ी को इस मैच से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। कपिला ने कहा, ''टूर्नामेंट के पहले दिन से ही मेरी तबीयत ठीक नहीं है। कल के मैच के बाद स्थिति खराब हो गई। बुखार कम नहीं हो रहा था और मेरी पीठ में ऐंठन थी। चिकित्सक से परामर्श के बाद हमने मैच से हटने का फैसला किया।''

एलिस पेरी की फोटो पर मजेदार कमेंट

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की ऑलराउंडर एलिस पेरी इन दिनों क्रिकेट से दूर छुट्टियां मना रही हैं। उन्होंने मेलबोर्न की सड़कों पर घूमने की तस्वीरें अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। इस पर फैंस ने मजेदार कमेंट्स किए हैं। यही नहीं एक ने तो यहां तक लिख दिया कि अकेली मार्केट न जाया करें, नजर लग सकती है। जब भी वह सोशल मीडिया पर अपने फैंस के लिए फोटो शेयर करती हैं तो उसे खूब पंसद किया जाता है।



45वें शतरंज ओलंपियाड में भारत की पुरुष टीम ने हंगरी-बी को 3.5-0.5 से हराया

बेटियों ने स्विट्जरलैंड को दी मात

एजेंसी, बुडापेस्ट (हंगरी)

डी. हरिका

भारत की पुरुष टीम ने प्रतियोगिता में पहली बार अंक गवाया लेकिन इसके बावजूद उसने हंगरी-बी को 3.5-0.5 से हराकर यहां चल रहे 45वें शतरंज ओलंपियाड में अपना विजय अभियान जारी रखा।

ओपन वर्ग में भारतीय टीम की जीत के नायक अर्जुन ऐरीगैसी रहे जिन्होंने पीटर प्रोहाजस्का के खिलाफ आक्रामक खेल खेला और शानदार जीत दर्ज की। विदित गुजराती को हालांकि पप्प गैबोर के खिलाफ ड्रॉ से संतोष करना पड़ा।

वर्तमान प्रतियोगिता में यह पहला अवसर है, जबकि कोई भारतीय पुरुष खिलाड़ी जीत हासिल करने में असफल रहा, लेकिन डी गुकेश ने एडम कोजाक को और आर प्रज्ञाननंदा ने तमस बानुज को हराकर भारत की बड़ी जीत सुनिश्चित की।

महिला वर्ग में शीर्ष बोर्ड पर डी. हरिका की करारी हार के बावजूद आर. वैशाली, दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल ने शानदार जीत दर्ज की जिससे भारतीय टीम स्विट्जरलैंड को 3-1 से हराने में सफल रही। भारतीय महिला टीम अभी छह अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर है। हरिका हाल ही में रूस की नागरिकता छोड़कर स्विट्जरलैंड की टीम में शामिल होने वाली एलेक्जेंड्रा कोस्टेनीयुक से हार गईं। वैशाली ने हालांकि ईरान की नागरिकता छोड़कर स्विस टीम का हिस्सा बनने वाली गजल हकीमीफर्द को कोई मौका नहीं दिया।

दिव्या ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। हाल में लड़कियों की विश्व जूनियर चैंपियनशिप जीतने वाली दिव्या ने सोफिया ह्रीजलोवा के खिलाफ आसान जीत दर्ज की, जबकि चौथे बोर्ड पर वंतिका ने मारिया मानको को हराया।

इस दिन ओलंपियाड में पहला बड़ा उलटफेर भी हुआ जब 5वीं वरीयता प्राप्त नीदरलैंड को ओपन वर्ग में इटली ने 3-1 से हरा दिया। नीदरलैंड के स्टार खिलाड़ी अनीश गिरी को इस मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा और यही उनकी पराजय का कारण भी बना। ओपन वर्ग और महिला वर्ग दोनों में 16-16 टीम समान छह अंक लेकर संयुक्त बढ़त पर हैं। भारतीय पुरुष टीम का अगला मुकाबला सर्बिया से जबकि महिला टीम का फ्रांस से होगा।

रविचंद्रन अश्विन ने अमेरिकन गैम्बिट्स का गीत जारी किया

चेन्नई। भारत के स्टार क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे सत्र से पहले शनिवार को यहां अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अमेरिकन गैम्बिट्स फ्रेंचाइजी का गीत जारी किया। 'मेक द वर्ल्ड गो' नामक यह गीत चरण राज ने लिखा है और कार्तिक चेन्नोजीराव ने इसे स्वर दिया है। यह गीत टीम की एकता और रणनीति को रेखांकित करता है। अपनी उंगलियों के जादू से दुनिया भर के बल्लेबाजों को परेशान करने वाले 37 वर्षीय अश्विन इस फ्रेंचाइजी टीम के सह मालिक हैं। यह टीम दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ग्रैंड मास्टर हिकारू नाकामुरा के नेतृत्व में अपनी चुनौती पेश करेगी। ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे सत्र का आयोजन तीन से 12 अक्तूबर तक लंदन में किया जाएगा।

ग्लोबल शतरंज लीग

कोहली के साथ मुकाबले का लुत्फ उठाता हूं : स्टार्क

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के स्टार तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने विराट कोहली के साथ अपनी प्रतिद्वंद्विता के बारे में खुल कर कहा है कि वह इस भारतीय बल्लेबाज के खिलाफ मुकाबले का पूरा लुत्फ उठाते हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में यह दोनों क्रिकेटर एक बार फिर आमने-सामने होंगे।

स्टार्क ने कहा, ''मैं विराट कोहली के साथ अपनी जंग का पूरा लुत्फ उठाता हूं। ऐसा इसलिए है क्योंकि हमने एक-दूसरे के खिलाफ काफी क्रिकेट खेली है।'' उन्होंने कहा,''हम दोनों के बीच कुछ अच्छे मुकाबले हुए हैं। मैं उसे एक या दो बार आउट करने में सफल रहा और इसमें कोई संदेह नहीं कि उसने मेरे खिलाफ काफी रन बनाए हैं। इसलिए यह हमेशा अच्छा मुकाबला होता है, जिसका हम दोनों पूरा आनंद लेते हैं।''

भारतीय व्यवस्था अपने आप संचालित होती है, इसे सुरक्षित रखना लक्ष्य: मोर्कल

एजेंसी, चेन्नई

भारत के नए गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल का मानना है कि भारतीय क्रिकेट की व्यवस्था अपने आप संचालित होती है और उनका लक्ष्य छोटे-छोटे तरीकों से इसे बेहतर बनाना होगा। मोर्कल काफी समय से भारत में रह रहे हैं।

वह भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लखनऊ सुपर जॉयंट्स के सहयोगी स्टाफ में भी शामिल थे। इसलिए वह भारतीय क्रिकेट की व्यवस्था से अच्छी तरह वाकिफ हैं और जानते हैं कि उन्हें इसमें किस तरह से काम करना है। मोर्कल ने कहा,''यहां एक ऐसी व्यवस्था है जो अपने आप संचालित होती है। इसलिए इसे सुरक्षित रखना और छोटे-छोटे तरीकों से इसे बेहतर बनाना ही लक्ष्य होगा।'' दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व तेज गेंदबाज को यह भी लगता है कि रोहित शर्मा, विराट कोहली, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन और जसप्रीत बुमराह हमेशा अपने-अपने विभाग में मोर्चा संभालेंगे और उनका काम उन्हें सर्वश्रेष्ठ सलाह देना होगा।

जल्द ही 40 वर्ष के होने वाले मोर्कल ने कहा,''हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास उच्च स्तर के खिलाड़ी हैं जो हमेशा अपने क्षेत्र में मोर्चा संभालेंगे। हमारी जिम्मेदारी उनका समर्थन करना और उन्हें सर्वोत्तम सलाह देना है जो हम दे सकते हैं।''अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 544 विकेट लेने वाले मोर्कल भारतीय खिलाड़ियों का पेशेवर रवैया देख कर भी हैरान हैं। उन्होंने कहा,''यह अच्छा संकेत है और उम्मीद है कि हम इसे आगे बढ़ाने में अपना योगदान देंगे।''

आयरिश ओपन में शुभंकर शर्मा शीर्ष-15 में पहुंचे

रॉयल काउंटी डाउन। शुभंकर शर्मा आयरिश ओपन के दूसरे दौर छह अंडर 65 के कोर्स रिकार्ड के साथ शानदार वापसी करते हुए संयुक्त रूप से 15वें स्थान पर पहुंच गए। शुरुआती दौर में चार ओवर 75 का निराशाजनक कार्ड खेलने वाले शुभंकर ने दूसरे दौर में कमाल के प्रदर्शन के साथ आसानी से कट में जगह बना ली। पार 71 के कोर्स पर दो दौर के बाद उनका कुल स्कोर दो अंडर है।

उन्होंने दूसरे दौर के शुरुआती तीन होल में लगातार तीन बर्डी लगाने के बाद पांचवें और आठवें होल में इस कारनामे को दोहराया। उन्होंने 11वें, 12वें, 17 और 18वें होल में भी बर्डी लगाई जबकि चौथे, छठे और 15वें होल में बोगी कर बैठे।

डायमंड लीग फाइनल में 9वें स्थान पर रहे भारत के अविनाश साबले

एजेंसी, ब्रसेल्स

राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक 3000 मीटर स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले शुक्रवार देर रात को यहां डायमंड लीग फाइनल में निराशाजनक प्रदर्शन के साथ 9वें स्थान पर रहे। अपना 30वां जन्मदिन मना रहे साबले पहली बार डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा ले रहे थे। वह 10 खिलाड़ियों की दौड़ में आठ मिनट 17.09 सेकंड के समय के साथ 9वें पायदान पर रहे।

कीनिया के अमोस सेरेम आठ मिनट 06.90 सेकंड के समय के साथ डायमंड लीग चैंपियन बने, जबकि मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन मोरक्को के सौफियाने एल बक्काली (आठ मिनट 08.60 सेकंड) ने दूसरा स्थान हासिल किया।

ट्यूनीशिया के मोहम्मद अमीन झिनाउई आठ मिनट 09.68 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा शनिवार देर रात चुनौती पेश करेंगे।

साबले इससे पहले पेरिस ओलंपिक में भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में विफल रहे थे। वह आठ मिनट 14.18 सेकंड के समय के साथ 11वें स्थान पर रहे थे। साबले ने इस सत्र में डायमंड लीग के दो आयोजनों में हिस्सा लिया है और वह तीन अंक के साथ तालिका में 14वें स्थान पर थे। उनसे उच्च रैंकिंग वाले चार खिलाड़ियों के प्रतियोगिता से हटने के बाद उन्होंने फाइनल में जगह बनायी।

इस सत्र में डायमंड लीग के 14 आयोजनों में से पांच में पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा थी। साबले ने सात जुलाई को डायमंड लीग के पेरिस चरण में आठ मिनट 09.91 सेकंड के समय के साथ अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार के साथ छठा स्थान हासिल किया था। वह 25 अगस्त को सिलेसिया चरण में 14वें स्थान (आठ मिनट 29.96 सेकंड) पर रहे थे। प्रत्येक डायमंड लीग सत्र के फाइनल के चैंपियन को प्रतिष्ठित 'डायमंड ट्रॉफी', 30,000 डॉलर की पुरस्कार राशि और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए एक वाइल्ड कार्ड से सम्मानित किया जाता है।

उपविजेता को 12,000 डॉलर मिलेंगे और इसी तरह आठवें स्थान पर रहने वाले को 1000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे।

अमेरिका, जर्मनी, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया डेविस कप फाइनल्स के अंतिम-8 में

एजेंसी, शुहाई। अमेरिका ने स्लोवाकिया को 3-0 से हराकर जर्मनी, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया के साथ डेविस कप फाइनल्स के अंतिम-8 में जगह बनाई। स्पेन ने फ्रांस को हराकर अंतिम-8 में प्रवेश किया। स्पेन की जीत से ऑस्ट्रेलिया भी ग्रुप-बी से आगे बढ़ने में सफल रहा। अमेरिका को स्लोवाकिया को हराने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। मैकेंजी मैकडोनाल्ड ने लुकास क्लेन को 6-4, 6-3 से जबकि डेविस कप में पदार्पण करने वाले ब्रैंडन नकाशिमा ने जोजेफ कोवालिच को 6-3, 6-3 से पराजित किया।

अमेरिका ने युगल में भी जीत हासिल की। पिछले महीने पेरिस ओलंपिक में पुरुष युगल फाइनल में हारने वाले ऑस्टिन क्राजिस्क और राजीव राम ने क्लेन और नॉर्बर्ट गोम्बोस को 6-7 (4), 7-6 (4), 10-1 से हराया। अमेरिका की जीत से जर्मनी भी अंतिम-8 में पहुंच गया। इटली ने बोलोग्ना में बेल्जियम को 2-1 से हराकर अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। अर्जेंटीना ने ब्रिटेन को 2-1 से हराया। ब्रिटेन को अपने दोनों एकल मैच में हार का सामना करना पड़ा।

ट्वेंटी-20

मैथ्यू शॉर्ट ने 22 रन देकर झटके पांच विकेट, प्रदर्शन बेकार

लिविंगस्टोन ने इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया पर जीत दिलाई

एजेंसी, कार्डिफ

लियाम लिविंगस्टोन और जैकब बेथेल ने 47 गेंदों पर 90 रन की साझेदारी करके इंग्लैंड को दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया पर तीन विकेट से जीत दिलाई। इंग्लैंड ने इस तरह से तीन मैच की सीरीज 1-1 से बराबर की।

तीसरा और निर्णायक मैच रविवार को ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 193 रन बनाए। चुनौती पूर्ण लक्ष्य का पीछा करने के लिए उतरे इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसका स्कोर एक समय तीन विकेट पर 79 रन था।

लिविंगस्टोन और बेथेल ने यहीं से मोर्चा संभाला। बेथेल के 24 गेंदों में 44 रन बनाकर आउट होने से इंग्लैंड की स्थिति फिर से नाजुक हो गई, लेकिन लिविंगस्टोन ने 47 गेंदों में पांच छक्कों और छह चौकों की मदद से 87 रन की शानदार पारी खेलकर उसे जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। जब स्कोर बराबर था तब लिविंगस्टोन आउट हो गए।

ऐसे में आदिल रशीद ने विजयी रन बनाकर इंग्लैंड का स्कोर 19 ओवर में 7 विकेट पर 194 रन पर पहुंचाया। इंग्लैंड की तरफ से सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट ने भी 39 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से कामचलाउ स्पिनर मैथ्यू शॉर्ट ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 22 रन देकर पांच विकेट लिए।

लिविंगस्टोन में इससे पहले गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए 16 रन देकर दो विकेट लिए। ब्रायडन कार्स ने 26 रन देकर दो विकेट हासिल करके उनका अच्छा सहयोग दिया।

निर्णायक मैच रविवार को ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जाएगा

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मार्श बीमार होने के कारण नहीं खेले

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श बीमार होने के कारण मैच में नहीं खेल पाए। उनकी जगह ट्रेविस हेड ने कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली। हेड ने 14 गेंद पर 31 रन की तूफानी पारी खेल कर ऑस्ट्रेलिया को अच्छी शुरुआत दिलाई। इसके बाद जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने 50 रन बनाए जो उनका अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहला अर्धशतक भी है। इन दोनों के अलावा मैथ्यू शॉर्ट ने 28 और जोश इंग्लिश ने 42 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम-5 ओवर में 60 रन बनाए।